▸▸ वर्ष 72 ▸▸ अंक 203 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 22 अप्रैल, 2025
▸▸ वैशाख कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"अन्याय कहीं भी हो, वह हर जगह न्याय के लिए खतरा है।
– मार्टिन लूथर किंग जूनियर

## ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का निधन



**वेटिकन सिटी, जेएनएन।** ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का सोमवार को निधन हो गया है। वेटिकन ने कहा कि रोमन कैथोलिक चर्च के पहले लैटिन अमेरिकी लीडर पोप फ्रांसिस का निधन हो गया है। भारत ने पोप के निधन पर तीन दिवसीय राजकीय शोक का ऐलान किया है। 1,300 साल में वे पहले गैर-यूरोपीय पोप थे। पोप 88 वर्ष के थे और वह किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। हाल ही में कई दिनों तक वेंटिलेटर पर रहने के बाद वो ठीक होकर लौटे थे। पोप फ्रांसिस डबल निमोनिया की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। कार्डिनल केविन फैरेल ने वेटिकन के टीवी चैनल पर पोप के निधन की घोषणा की। उन्हें 1969 में जेसुइट ऑर्डर में पुजारी नियुक्त किया गया था। पोप के निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने दुख जताया है। इसके अलावा फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, जर्मनी के चांसलर, इजराइल के राष्ट्रपति समेत दुनियाभर के नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## सीबीएसई 10वीं, 12वीं का रिजल्ट 2 मई को

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) मैट्रिक और इंटर के परीक्षार्थियों के रिजल्ट 2 मई को घोषित करेगा। देशभर के लाखों छात्र और अभिभावकों को इंतजार है। सीबीएसई दोनों बोर्ड के रिजल्ट्स अपने आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित करेगा। रिजल्ट घोषित होने के बाद cbseresults.nic.in, cbse.gov. in और cbse.nic.in में से किसी भी वेबसाइट पर जाकर चेक किया जा सकता है। सूत्रों की मानें तो सीबीएसई इस बार 2 मई को 10वीं और 12वीं बोर्ड के नतीजे घोषित करने जा रहा है। ऐसा हुआ तो इस बार सीबीएसई बीते कुल सालों के मुकाबले थोड़ा जल्दी रिजल्ट जारी कर देगा। पिछले वर्ष सीबीएसई के रिजल्ट्स 13 मई को आए थे।

## दिल्ली में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन आज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ अधिनियम 1995 में संशोधनों के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन छेड़ दिया है। इसके पहले चरण की शुरुआत 22 अप्रैल को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में बड़े प्रदर्शन के साथ होगी। 'वक्फ बचाओ अभियान' नाम से चल रहे इस आंदोलन का पहला फेज 7 जुलाई तक यानी 87 दिनों तक चलेगा। इस दौरान देशभर से एक करोड़ लोगों के हस्ताक्षर जुटाए जाएंगे, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपा जाएगा। पहले चरण की समाप्ति के बाद, आंदोलन के अगले फेज की रणनीति तय की जाएगी।

### ऑफ बीट

## मन्नत ने जल संकट पर दुनिया को दिखाया रास्ता



*दिल्ली की रहने वाली मन्नत कौर ने एक अनोखा और काबिल-ए-तारीफ इनोवेशन किया है। उन्होंने डिसेंट्रलाइज्ड ग्रे वॉटर कलेक्शन एंड रीसाइक्लिंग सिस्टम तैयार किया है, जिसकी मदद से घरों में बाथरूम, किचन या दूसरी जगहों से निकलने वाले गंदे पानी को फिर से इस्तेमाल लायक बनाया जा सकता है। इस इनोवेशन के दम पर मन्नत ने स्टॉकहोम जूनियर वॉटर प्राइज 2024 जैसे इंटरनेशनल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व भी किया है। मन्नत द्वारा तैयार किया गया सिस्टम गंदे पानी को रीसाइकल करके उसे नॉन-पोटेबल यानी पीने लायक नहीं, लेकिन घरेलू कार्यों जैसे पौधों की सिंचाई, फर्श की सफाई, वाहन धोने आदि के लिए पूरी तरह उपयुक्त बनाता है।*

### आईपीएल में आज

IPL 2025

**लखनऊ बनाम दिल्ली**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियो हॉटस्टार पर

**परिणाम: गुजरात ने कोलकाता को 39 रन से हराया।**

### मुर्शिदाबाद हिंसा पर याचिका की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

# हम पर पहले ही है विधायिका के क्षेत्र में हस्तक्षेप करने का आरोप

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ अधिनियम को लेकर हुई हिंसा की न्यायिक जांच की मांग वाली एक नई याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अहम टिप्पणी की।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, 'हम पर तो पहले से ही संसद और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल देने का आरोप लगता रहा है।' इस टिप्पणी को हाल के दिनों में न्यायपालिका पर हुई आलोचनाओं की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है। इस टिप्पणी के बाद पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा और उस पर राजनीति एक बार फिर न्यायपालिका को केंद्र में ले आई है। याचिकाकर्ता इस हिंसा पर कड़ी कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं, वहीं न्यायपालिका ने राजनीतिक हमलों पर टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने अदालत से मुर्शिदाबाद हिंसा की एक स्वतंत्र और अदालत-निगरानी में जांच की मांग की।

यह याचिका अप्रैल 2025 में दक्षिण 24 परगना के भांगड़ क्षेत्र और मुर्शिदाबाद जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं से जुड़ी है। हिंसा वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान भड़की थी। 11 और 12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद में हुए दंगों में कम से कम तीन लोगों की जान चली गई थी और सैकड़ों लोग बेघर हो गए थे। हालांकि पुलिस ने दावा किया कि मुर्शिदाबाद में स्थिति अब नियंत्रण में है, लेकिन भांगड़ में हाल ही में फिर से हिंसा की खबरें आई हैं।

■ शेष पृष्ठ 7 पर



### गंभीर प्रतिक्रिया

अदालत पर हालिया टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में न्यायमूर्ति गवई की टिप्पणी विशेष महत्व रखती है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा, 'हम पर वैसे भी यह आरोप लगता रहा है कि हम संसद और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल दे रहे हैं।' उनकी यह टिप्पणी एक तरह से न्यायपालिका की भूमिका को लेकर हो रहे राजनीतिक हमलों पर एक शालीन लेकिन गंभीर प्रतिक्रिया है।

### हाल ही में आईं न्यायपालिका विरोधी टिप्पणियां

इस याचिका और हिंसा की पृष्ठभूमि में न्यायपालिका पर हाल ही में हुए हमलों से जोड़ा जा रहा है। हाल ही में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने न्यायपालिका को लेकर तीखे बयान दिए हैं। धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट पर 'सुपर संसद' की तरह काम करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि न्यायपालिका लोकतांत्रिक संस्थाओं पर 'न्यूक्लियर मिसाइल' छोड़ रही है। वहीं निशिकांत दुबे ने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट ही कानून बनाएगा, तो संसद और विधानसभा को बंद कर देना चाहिए। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना पर देश में 'धार्मिक युद्ध' भड़काने तक का आरोप लगा दिया।

### पिछली याचिका, नया आवेदन

अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने वर्ष 2021 में भी इसी संदर्भ में जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें विधानसभा चुनावों के बाद पश्चिम बंगाल में फैली हिंसा को देखते हुए राष्ट्रपति शासन की मांग की गई थी। उसी याचिका में हालिया हिंसा की घटनाओं को जोड़ा गया है। याचिका कर्ता ने कहा, 'कल की सूची में आइटम 42 में राष्ट्रपति शासन के मामले की सुनवाई है, इसमें अब मैंने नया आवेदन दिया है जिसमें राज्य में हुई ताजा हिंसा की घटनाओं को शामिल किया गया है।'

### याचिका पर सुनवाई आज

पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता ने अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति मांगी है। उन्होंने पीठ के समक्ष कहा कि याचिका मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। ऐसे में वह अतिरिक्त दस्तावेज संलग्न करना चाहते है। इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि आप चाहते हैं कि हम इसे लागू करने के लिए राष्ट्रपति को परमादेश जारी करें? वैसे भी हम पर कार्यपालिका में अतिक्रमण करने का आरोप है।




आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी का शानदार प्रदर्शन

# तीन भीषण सड़क हादसों में 16 की मौत, दूल्हा-दुल्हन समेत कई घायल

प्रदेश में शादी और धार्मिक यात्राओं की खुशियां मातम में बदल गईं जब तीन भीषण सड़क हादसों में 16 लोगों की जान चली गई। ये हादसे नींद में ड्राइविंग, लापरवाही और सड़क सुरक्षा के अभाव में हुए। एक बारात की पिकअप पलटी, तो शादी से लौट रही गाड़ी खाई में गिर गई, एक हादसे में मंदिर दर्शन को निकले युवा हादसे का शिकार हो गए।

## खाई में गिरी टेम्पो-ट्रैक्स, छह की मौत, तीन लोग घायल

**जागरण, रायसेन।** रायसेन में भोपाल-जबलपुर रोड पर सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। घटना बम्होरी ढाबे के पास सुबह 6.30 से 7 बजे के बीच की है। टेम्पो ट्रैक्स (तूफान) पुलिया से टकराकर 10 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। गाड़ी में कुल 9 लोग सवार थे। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को नींद आने के कारण यह हादसा हुआ। गाड़ी जबलपुर से इंदौर जा रही थी। परिवार शादी कराकर बिहार के सुपौल जिले से लौट रहा था।



## स्कॉर्पियो कंटेनर से भिड़ी, 4 की मौत

**जागरण, जावद।** राजस्थान के सांवरिया सेठ के दर्शन करने जा रहे उज्जैन के सात दोस्तों की स्कॉर्पियो की कंटेनर से टक्कर हो गई। दुर्घटना में 4 दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल हैं। सभी युवा उज्जैन के इंगोरिया गांव के निवासी थे। मध्यप्रदेश व राजस्थान की सीमा के पास नीमच-नसीराबाद हाईवे पर इनकी गाड़ी एक कंटेनर से टकरा गई। चारों मृतकों की उम्र 18 से 27 साल के बीच बताई जा रही है।

## शहडोल: पिकअप पलटी, 6 की मौत

**जागरण, शहडोल।** दुल्हन लेकर लौट रही बारातियों से भरी पिकअप एक बाइक को बचाने में पलट गई। पिकअप पलटने से 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 24 घायल हुए हैं। दूल्हा-दुल्हन दूसरी गाड़ी में होने से बच गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाने रीवा और सीधी से एंबुलेंस बुलाना पड़ गई।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों में डोपिंग का बड़ा खुलासा, 11 खिलाड़ी दोषी

### 8 पदक विजेताओं ने भी ली प्रतिबंधित दवाएं

**देहरादून, जेएनएन।** उत्तराखंड में आयोजित हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में डोपिंग का बड़ा मामला सामने आया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने 11 खिलाड़ियों को प्रतिबंधित दवाओं के सेवन का दोषी पाया है, जिनमें से 8 खिलाड़ी पदक विजेता हैं। ये सभी खिलाड़ी प्रदर्शन बढ़ाने वाली प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल के दोषी पाए गए हैं, और नाडा ने इन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

डोपिंग के इन मामलों में सबसे ज्यादा खिलाड़ी पंजाब से हैं। पंजाब के 6 खिलाड़ी दोषी पाए गए हैं। इन 11 खिलाड़ियों में सबसे चर्चित नाम अमृतपाल सिंह हैं, जो कि पंजाब की बास्केटबॉल टीम के दिग्गज खिलाड़ी हैं। अमृतपाल ने ऑस्ट्रेलिया और जापान की प्रतिष्ठित लीगों में भी खेला है और इस बार उन्होंने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। सूत्रों के मुताबिक, यह अमृतपाल का दूसरा डोपिंग उल्लंघन है। इससे पहले भी वह 2020 में डोप टेस्ट में फेल हो चुके हैं। इस बार अगर वह निर्दोष साबित नहीं होते हैं, तो उन्हें 8 साल तक का प्रतिबंध झेलना पड़ सकता है। यह उनके करियर के अंत की तरह हो सकता है। मामले में अभी अन्य खिलाड़ियों के भी नाम आने की संभावना है।




### पिछले राष्ट्रीय खेलों में भी डोपिंग के मामले

इससे पहले भी राष्ट्रीय खेलों में डोपिंग के मामले सामने आए हैं।

- **2023, गोवा राष्ट्रीय खेल:** 25 खिलाड़ी डोप टेस्ट में फेल हुए थे। यह रिकॉर्ड संख्या है।
- **2022, गुजरात खेल:** 10 खिलाड़ी दोषी
- **2015, केरल खेल:** 16 डोपिंग मामले

### डोपिंग मामलों की संख्या बढ़ने की आशंका

सूत्रों की मानें तो नाडा अभी भी खिलाड़ियों के सैंपल की जांच कर रही है, और यह संख्या 11 से ज्यादा भी हो सकती है। कई रिपोर्ट में यह संकेत दिया गया है कि कुछ और खिलाड़ी जांच के दायरे में हैं। इस घटनाक्रम ने भारतीय खेलों की साख पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

### वुशू खिलाड़ियों के सैंपल में भी कई प्रतिबंधित दवाएं

डोपिंग मामलों में महज बास्केटबॉल ही नहीं, वुशू खिलाड़ी भी शामिल हैं। नीरज जोशी और राहुल तोमर, जिनके प्रदर्शन ने दर्शकों को प्रभावित किया था, उनके सैंपल में भी कई प्रतिबंधित दवाएं पाई गई हैं। ये दोनों खिलाड़ी अलग-अलग राज्यों से हैं और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छवि बना चुके हैं।

# सिंहस्थ में क्षिप्रा पर जलमार्ग से आ-जा सकेंगे श्रद्धालु

### सीएम की घोषणा: सिंहस्थ 2028 से पहले बनाए जाएंगे 29 किमी में नए घाट

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सिंहस्थ 2028 से पहले क्षिप्रा नदी में 29 किमी में नए घाट बनाए जाएंगे। इनके बीच जल मार्ग भी बनाया जाएगा, जिससे श्रद्धालु नौकायन से पवित्र स्थलों तक की यात्रा कर सकेंगे। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यह बात उज्जैन में क्षिप्रा नदी की सफाई के बाद कही।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उज्जैन पहुंचे सीएम ने कहा कि क्षिप्रा के किनारे पंचकोशी परिक्रमा की पुरानी परम्परा है। हर साल हजारों लोग इस परिक्रमा के बाद स्नान करते हैं। उन्होंने कहा कि क्षिप्रा नदी पर पहले 6 किमी तक घाट बने हुए थे। अब सिद्धनाथ से त्रिवेणी तक 29 किमी में घाट बनाए जाएंगे। इससे सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को 35 किमी के घाट उपलब्ध होंगे। कुंभ में हर घाट रामघाट होगा। श्रद्धालु कहीं भी स्नान करेंगे तो उन्हें उतना ही पुण्य मिलेगा। सीएम ने कहा कि इस बार कुंभ में हम क्षिप्रा में जल मार्ग बनाने जा रहे है। जिससे शनि मंदिर से रामघाट, गऊघाट से लालपुर, मंगलनाथ से रामघाट तक नौकायन से लोग आ-जा सकेंगे।



### क्षिप्रा की सफाई कर किया स्नान

सीएम ने सोमवार को सुबह क्षिप्रा नदी की सफाई की,फिर उन्होंने क्षिप्रा में डूबकी लगाकर स्नान किया। स्वच्छता कर्मियों और पंचकोशी यात्रियों का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि उज्जैन में क्षिप्रा को प्रवहमान बनाने के लिए सिलारखेड़ी सेवरखेड़ी जलाशय योजना, क्षिप्रा की स्वच्छता बनाए रखने के लिए खान डायवर्सन नदी परियोजना भी चल रही है। इसका 50 प्रतिशत काम लगभग पूरा हो चुका है, आने वाले 2 साल में क्षिप्रा कल-कल होकर बहेगी, इसी संकल्प से हम आगे बढ़ रहे हैं।

## 10 साल से अधिक उम्र के बच्चे खोल सकेंगे खाता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अब 10 साल से ज्यादा उम्र के बच्चों को बैंकिंग की आजादी मिलने जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बड़ा बदलाव करते हुए बैंकों को यह अनुमति दी है कि वे 10 साल से अधिक उम्र के नाबालिगों को खुद का सेविंग अकाउंट या फिक्स्ड डिपॉजिट अकाउंट खोलने की सुविधा दें। यह फैसला बच्चों को फाइनेंशियल रूप से जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। पहले केवल अभिभावकों के जरिए ही यह संभव था। अब बच्चों को अभिभावक की मौजूदगी के बिना भी यह सुविधा दी जा सकती है यदि बैंक को लगे कि बच्चा खाते को संचालित करने में सक्षम है। आरबीआई ने यह निर्देश सोमवार को सभी बैंकों को भेजे गए एक सर्कुलर के माध्यम से जारी किया।

### खंडवा में आयोजित पंच-सरपंच सम्मेलन में बोले पंचायत मंत्री

# ईमानदारी से काम होता तो हर नदी नाले में होता पानी

**जागरण, खंडवा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने सोमवार को एक बार फिर कहा कि मेरे पास नाली, सीसी रोड, बाउंड्री वॉल और स्टाप डैम का पैसा मांगने मत आना। इस राज्य में इतने स्टाप डैम बने हैं कि प्रत्येक नदी नाले के 50 मीटर पर स्टाप डैम बन जाना था। अगर ईमानदारी से काम हुआ होता तो आज कोई नदी नाले खाली नहीं होते, सभी में पानी होता। ये साफ है कि जो भ्रष्टाचार करेगा, उस पर कार्रवाई भी सख्ती से होगी। वे खंडवा के किशोर कुमार भवन में आयोजित पंच-सरपंच सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



नाली, रोड, स्टॉप डैम के लिए पैसे मांगने मत आना: पटेल

### पंचायतों में फंड की समस्या नहीं

मंत्री पटेल ने कहा कि अब ग्राम पंचायतों को फंड की कोई समस्या नहीं है। मुख्यमंत्री और उनकी कैबिनेट का फोकस ग्राम पंचायतों पर है। इसलिए इस बार पंचायतों का बजट बढ़ा दिया गया है। महात्मा गांधी ने ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर पंच परमेश्वर की कल्पना की थी। पंचायत राज अधिनियम में कर्तव्यों के स्थान पर ग्राम पंचायतों के अधिकारों को बल दिया है। मंत्री ने कहा कि जल गंगा अभियान मध्य प्रदेश में तीन महीनों तक चलेगा। नदियों और नालों को बचाने के लिए सरकार ने यह काम अपने हाथ में लिया है, लेकिन समाज का सहयोग बहुत जरूरी है। इसलिए इस काम को सब मिलकर करें।

गौरतलब है कि मऊगंज जिले में एक कार्यक्रम में भी मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा था कि 'आप मेरे पास सीसी रोड, बाउंड्रीवाल, नाली के लिए कभी मत आना मैं बिल्कुल नहीं दूंगा। जब तक ये पंचायत भवनों का काम पूरा नहीं हो जाता।' मंत्री ने कहा था कि 'आपके पास जो मद है उससे ये काम करिए। मुझे लगता है आपके पास अब कोई दुविधा नहीं होगी।'

### नवाचार | केंद्र सरकार बनाने जा रही है नया कानून, नितिन गडकरी ने किया ऐलान

# अब गाड़ियों के हार्न से आएगी तबले, ढोलक, बांसुरी की आवाज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आने वाले दिनों में ट्रैफिक जाम में कानों को चुभने वाले तेज़ और कर्कश हॉर्न की जगह अब तबला, बांसुरी, ढोलक और हारमोनियम की मधुर ध्वनि सुनाई दे सकती है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को इस आशय की घोषणा की कि सरकार एक ऐसा कानून लाने की योजना पर विचार कर रही है, जिसके तहत देशभर में वाहनों में प्रयोग किए जाने वाले हॉर्न की ध्वनि भारतीय शास्त्रीय वाद्ययंत्रों की आवाज़ पर आधारित होगी।

एक सार्वजनिक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा, 'हमारा प्रयास है कि हॉर्न की ध्वनि इतनी मधुर हो कि वह परेशान करने के बजाय आनंद दे। बांसुरी, तबला, वायलिन, हारमोनियम जैसे भारतीय वाद्ययंत्रों की ध्वनि लोगों के मन और मस्तिष्क को शांति दे सकती है। मैं इस पर गंभीरता से विचार कर रहा हूं।'



उन्होंने कहा कि इस दिशा में तकनीकी परीक्षण भी हो रहे हैं और विशेषज्ञों से सलाह ली जा रही है कि किस तरह से यह बदलाव व्यवहार में लाया जा सकता है, ताकि ट्रैफिक के दबाव में भी यह ध्वनि प्रभावशाली और स्पष्ट बनी रहे। नितिन गडकरी ने बताया कि भारत अब अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार बन गया है। 2014 में वाहन क्षेत्र का मूल्य 14 लाख करोड़ रुपए था, जो अब 22 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह न केवल घरेलू बाजार के लिए एक उपलब्धि है, बल्कि निर्यात के क्षेत्र में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत को सबसे अधिक राजस्व दोपहिया वाहनों और कारों के निर्यात से मिलता होता है। इसीलिए अब इस क्षेत्र को पर्यावरण के अनुकूल बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

### वायु प्रदूषण में परिवहन क्षेत्र का योगदान 40 प्रतिशत

गडकरी ने कहा कि देश में वायु प्रदूषण में परिवहन क्षेत्र का योगदान 40 प्रतिशत है। नरेन्द्र मोदी सरकार मेथनॉल, एथनॉल सहित हरित और जैव ईंधन पर चलने वाले वाहनों को बढ़ावा दे रही है। गडकरी ने कहा कि भारत को दोपहिया वाहनों और कारों के निर्यात से अधिकतम राजस्व मिलता है। उन्होंने बताया कि 2014 में भारतीय वाहन क्षेत्र का मूल्य 14 लाख करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपए हो गया है। गडकरी ने कहा कि भारत, जापान को पीछे छोड़कर अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार बन गया है।

### ध्वनि प्रदूषण कम करने की दिशा में बड़ा कदम

भारत के अधिकांश महानगरों में ध्वनि प्रदूषण एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। कर्कश हॉर्न, बिना जरूरत बजते साइरन और तेज ट्रैफिक सिग्नलों ने नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य और सुनने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव डाला है। उम्मीद की जा रही है नए कानून से इससे मुक्ति मिलेगी।

### शहरों में ध्वनि प्रदूषण 85 डेसिबल से ज्यादा

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण कई बार 85 डेसिबल से अधिक तक पहुंच जाता है, जो कानों के लिए बेहद हानिकारक होता है। ऐसे में अगर हॉर्न की ध्वनि को शास्त्रीय वाद्ययंत्रों के माध्यम से संयमित किया जाए, तो यह एक सकारात्मक बदलाव हो सकता है। गडकरी ने कहा, 'जब हम सड़कों पर निकलते हैं, तो हॉर्न की आवाज अक्सर तनाव देती है। लेकिन अगर वह ध्वनि बांसुरी या तबले जैसी हो, तो न केवल तनाव घटेगा बल्कि भारतीय संगीत और संस्कृति को भी नया आयाम मिलेगा।' विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम दिलचस्प है। लेकिन इसे हकीकत बनाने के लिए नीति में व्यापक संशोधन की जरूरत पड़ेगी।

## राहुल ने अमेरिका में ईसी को बताया 'बिका हुआ'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राहुल गांधी ने बोस्टन में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगाए। उन्होंने चुनाव आयोग पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि 'ईसी बिक चुका है।' वहीं भाजपा ने राहुल गांधी की टिप्पणी को 'देशद्रोह' करार दिया और उन्हें भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम करने वाला बताया। राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया में कई गड़बड़ियां हुई हैं। उन्होंने दावा किया कि शाम 5.30 बजे के बाद से लेकर 7.30 बजे तक करीब '65 लाख वोट डाले गए', जोकि तकनीकी रूप से असंभव है। उनका कहना था कि एक मतदाता को औसतन वोट डालने में तीन मिनट लगते हैं, और इतने वोट डलते, तो मतदान केंद्रों पर रात 2 बजे तक भी लाइन लगी होती, कांग्रेस ने चुनाव आयोग से मतदान की वीडियोग्राफी की मांग की, तो आयोग ने मना कर दिया।

■ शेष पृष्ठ 7 पर



## महानगर का सपना देख रहे लेकिन अभी भी पर्याप्त पानी और अच्छी सड़क के लिए तरस रहे

**जागरण, रीवा।** महानगर बनने की ओर तेजी से अग्रसर रीवा शहर में एक तरफ आईटी पार्क का निर्माण कर ग्लोबलाइजेशन किया जा रहा है तो दूसरी तरफ इसी शहर में ऐसे भी मोहल्ले हैं जहां सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं तक मौजूद नहीं हैं। शहर का कुछ हिस्सा आधुनिकता और विकास की दौड़ में काफी आगे निकल गया है जिसकी मिसाल पड़ोसी शहर दे रहे हैं। इसी शहर का एक और भी चेहरा है जहां अभी भी विकास की किरणें नहीं पहुंची हैं। इन लोगों तक जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी केवल चुनावों के समय पहुचते हैं और मतदान का महत्व समझाकर लौट आते हैं। लोग बिना सड़क के और हैण्डपंप के पानी के सहारे जीवन जीने को विवश हैं। नल क्या होता है नलों से कैसे पानी आता है यह दूर से ही देखकर इन पिछड़े मोहल्ले के लोग संतोष कर लेते हैं। इसके अलावा इनके पास कोई चारा भी नहीं है। अन्य सुविधाएं तो इनके लिए एक सपने जैसी हैं। यह हाल शहर के उन मोहल्लों का है जो सैकड़ों सालों से आबाद हैं। नगर निगम के वार्ड क्रमांक एक में निपनिया और शिवपुरवा की आदिवासी बस्ती में रह रहे लोग बिना सड़क, पानी और बिजली के जीवन बसर कर रहे हैं। इसी तरह शहर के आखिरी छोर वार्ड 44 में कुठुलिया स्थित मुक्तिधाम लावारिस हालत में पड़ा है। यहा पर न तो पानी की व्यवस्था है और न ही और कोई सुविधा है। इस भीषण गर्मी में लोग चिलचिलाती धूप में खड़े होकर अपने स्वजनों का अंतिम संस्कार करते हैं। इस मुक्तिधाम में आसपास के लगभग 10 वार्डों के लोग अंतिम सस्कार करने के लिए आते हैं लेकिन सुविधाओं के अभाव में प्रशासन को कोसते हैं। शहर के जिन मोहल्लों में विकास की गाड़ी सरपट दौड़ रही है वहां भी सीवर लाइन ने लोगों की हालत खराब करके रख दी है। सुबह लोग घरों के काम के लिए निकलने के बाद जब शाम को घर पहुंचते है तो पता चलता है कि उनके घर जाने का रास्ता ही खोद दिया गया है।





शहर के आखिरी छोर में बसा यह वार्ड बाढ़ग्रस्त इलाका है। यहां पर बरसात के समय पानी निकासी की समस्या बनी रहती है। इस वार्ड में कुठुलिया में मुक्तिधाम है जहां पर कोई सुविधा नहीं है। मुक्तिधाम की बाउंड्री बनना तो दूर यहां पर लोगों छाया और पानी तक उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। 2500 की आबादी वाले इस वार्ड में कोई सुविधा प्रदान नहीं की जा सकी है। चिरहुला कॉलोनी में बने सामुदायिक भवन का हाल बदहाल है। वर्तमान में यह भवन अपराधियों की पाठशाला बना हुआ है।

**अर्चना अमृतलाल मिश्रा, पार्षद वार्ड क्र. 44**



हमारे वार्ड के निपनिया एवं शिवपुरवा में स्थित आदिवासी बस्ती में न तो सड़क और पानी की सुविधा है और न ही स्ट्रीट लाइट ही लगी हैं। दोनों आदिवासी बस्तियों के लोग चार हैण्डपंपों के सहारे इस भीषण गर्मी में जी रहे हैं। यहां के संपन्न लोगों के मोहल्ले में मूलभूत सुविधाएं हैं लेकिन आदिवासी बस्ती में कोई सुविधा नहीं है। ये दोनों आदिवासी बस्तियां काफी पुरानी हैं। इसके बाद भी यहां के विकास के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**शिवराज डॉ. सीएल रावत, पार्षद वार्ड क्रं. 1**



यह वार्ड पुरानी बसाहट वाला है जहां राजतंत्र के जमाने की नालियां एवं सड़कें अभी भी बनी हुई हैं। अधिकांश पुराने भवन बने हुए हैं। सीवर लाइन की आवश्यकता फिलहाल नहीं है। इस वार्ड में कोई भी समस्या नहीं है। जो समस्याएं सामने आती हैं उनका निराकरण किया जाता है।

**दीनानाथ वर्मा नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद वार्ड 20**



इस वार्ड में सीवर लाइन बिछाने के लिये खोदाई करके सड़कें बर्बाद कर दी हैं। इनका अपेक्षानुसार सुधार नहीं किया जा सका है। लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। आये दिन एक्सीडेंट होते हैं। इसके अलावा इस वार्ड के धोबिया टंकी और साहू मोहल्ले में पानी का भीषण संकट है। लोगों को पीने के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। अधिकांश लोग खरीद कर पानी पीते हैं।

**संजय खान पार्षद वार्ड क्र. 21**



इस वार्ड में झिरिया नाला एवं झिरिया कुंड दोनों बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं। न तो नाले की सफाई की जाती है और न ही कुंड की सफाई की जाती है। इस कुंड में कभी निर्मल जल भरा रहता था जो लोगों की प्यास बुझाता था लेकिन वर्तमान में यह कुंड किसी नरक से कम नहीं है। वार्ड में सीवर लाइन नहीं बिछाई गई है। लेकिन इस वार्ड के जयंती कुंज में डूब क्षेत्र में 25 एमएलडी क्षमता का सीवर ट्रीटमेंट प्लांट पांच साल पहले बना था जो अब किसी काम का नहीं रह गया है। बिना उपयोग किये ही यह खंडहर और कबाड़ में तब्दील हो चुका है। इसे शुरू ही नही किया जा सका है। शासन के करोड़ों रुपये बर्बाद हो गये। इसकी जिम्मेदारी फिक्स होनी चाहिए।

**धनेन्द्र सिंह बघेल, एमआईसी सदस्य एवं पार्षद वार्ड क्र. 6**

## युवा संगम कार्यक्रम : 106 युवाओं को मिला रोजगार




**रीवा।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, स्वरोजगार के हितग्राहियों को हितलाभ देने तथा आपरेंटिसशिप मेले के आयोजन के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम का जिला मुख्यालय में वृहद आयोजन किया गया। शासकीय आईटीआई परिसर में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 106 युवाओं को विभिन्न निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर पर प्राप्त हुए। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने जानकारी दी कि मेगा जॉब फेयर में 8 कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान किये गये। जिले में 129 युवा पंजीकृत हुए जिनमें से 106 युवाओं को चयनित किया गया। रोजगार मेले में पीजी टेक्नोप्लास्ट प्रा.लि. सूपा अहमद नगर महाराष्ट्र में 4, बैक्सी लिमिटेड विभाड़ी राजस्थान में 18, टाटा मोटर ऑटो मोबाइल कंपनी गुजरात में 13, प्रतिभा सिन्टेक्स लि. पीथमपुर में 13, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा में 18, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा में 4, डीएमसी फिनिशिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे में 13 तथा एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में 23 युवाओं का चयन किया गया।

## अवैध कालोनियों पर अफसर मेहरबान कमिश्नर ने लगाई फटकार, अब गिरेगी गाज

### 13 अवैध कॉलोनियों पर जोनल अधिकारी द्वारा नहीं की गई संतोषजनक कार्रवाई

### जोनल अधिकारी के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किये जाने के निर्देश

**जागरण, रीवा।** नगर निगम सभागार में विभागीय टीएल बैठक के दौरान शहर में भूमाफिया द्वारा बसाई अवैध कॉलोनियों के मामले में संतोषजनक कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण नाराजगी व्यक्त करते निगमायुक्त ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। अवैध कॉलोनी की समीक्षा में जोन क्र. 01 द्वारा संतोषजनक कार्य न किये जाने का मामला छाया रहा। निगमायुक्त ने शहर की 13 अवैध कॉलोनियों पर जोनल अधिकारी द्वारा कार्यवाही न किये जाने के कारण स्पष्टीकरण जारी किये जाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही सभी जोनल अधिकारियों को बची हुई अवैध कॉलोनियों का प्रकाशन समय पर कराये जाने के निर्देश दिये गये। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा सोमवार को निगम सभागार में विभागीय टीएल बैठक ली गई। इस दौरान अवैध कालोनी, निर्माण व राजस्व से संबंधित टीएल प्रकरणों एवं सीएम हेल्पलाइन की लम्बित शिकायतों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शहर में चल रहे प्रगतिरत निर्माण कार्यों की वार्डवार समीक्षा करते हुये कार्यो की प्रगति की जानकारी ली गई। स्वच्छ सर्वेक्षण पर चर्चा करते हुये निगमायुक्त ने सुलभ शौचालयों में सोलर सिस्टम एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराये जाने के निर्देश दिए। सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर चर्चा करते हुये त्वरित निराकरण कराये जाने के साथ ही मांग आधारित शिकायतों को बंद कराये जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त सभी पत्रों पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। बसंत कुंज के एसटीपी का स्टीमेट बनाने, फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग का स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जो टेण्डर ओपन हो चुके हैं, उनका वर्कऑर्डर जारी किये जाने के निर्देश दिये गये।



**बाणसागर तालाब की सफाई कराने के निर्देश :** निगमायुक्त ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चोरहटा तालाब का सौन्दर्यीकरण कराये जाने की कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिये। नगर निगम की बिल्डिंगों में वाटर हार्वेस्टिंग बनाये जाने के निर्देश दिए गये। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बाणसागर तालाब की साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के मध्य में स्थित यह तालाब को साफ सुथरा बनाकर सुंदर बनाया जाएगा। निगमायुक्त ने कहा कि शहर में वाटर बॉडी बहुत महत्वपूर्ण है।

**बैठक में ये रहे मौजूद :** टीएल बैठक में कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एचके त्रिपाठी, उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी, शीतल भलावी, रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, पीएन शुक्ला, एसएन द्विवेदी, राजेश मिश्रा, अम्बरीश सिंह, अभिनव चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविन्द चतुर्वेदी, मुरारी कुमार, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह, नीलेश चतुर्वेदी, सहायक विधि अधिकारी अभिषेक सिंह, स्वच्छता कंसलटेंट अमित सिंह, आईईसी हेड विवेक परमार एवं उपयंत्री व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## अतिक्रमणकारियों को कनेक्शन देकर बिजली के खंभे से झुला दिया मीटर

**जागरण, रीवा।** नगर निगम के कुछ अधिकारियों एवं पार्षदों की कृपा से शहर में अतिक्रमण का बाजार दिनों-दिन मजबूत होता जा रहा है। इसमें बिजली विभाग के अधिकारियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। किसी भी घरेलू उपभोक्ता को बिजली का कनेक्शन देने के लिए विभाग के अधिकारियों द्वारा इतने तरह के नियम कानून बताये जाते हैं कि वह परेशान हो उठता है लेकिन किसी अतिक्रमणकारी को कहीं भी कनेक्शन दे दिया जाता है। ऐसी जगह में भी कनेक्शन दिया जाता है जहां मीटर लगाने के लिए स्थान नहीं होता है। ऐसी जगहों पर बिजली का कनेक्शन देने के बाद मीटर उसी खंभे में लटका दिया जाता है, जिसे खंभे से बिजली का कनेक्शन दिया जाता है। मानस भवन के बगल में राजपूत गार्डेन के सामने सड़क की पटरी पर अतिक्रमणकर रखी गई लोहे की गुमटीनुमा दुकान में बिजली का कनेक्शन देकर उसका मीटर गुमटी के पीछे बिजली के खंभे में लटकाया गया है, जो देखने में ही अजीब लगता है। गौरतलब है कि कॉलेज चौराहे में भी अतिक्रमण हटाने के दौरान निगमायुक्त द्वारा अतिक्रमणकारियों को शहर में कहीं भी बिजली का कनेक्शन नहीं देने के लिए अधिकारियों को पत्र लिखा गया था। लेकिन बिजली विभाग में उनके पत्र का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। शहर में कई स्थानों पर अतिक्रमणकारियों को बिजली का कनेक्शन दिया गया है। राजपूत गार्डेन के सामने कुछ समय पहले कई गुमटियां रखी हुई थी, जिन्हें हटा दिया गया लेकिन एक अभी भी रखी हुई है। इसमें किसकी कृपा बरस रही है यह जांच का विषय है।



## लोक प्रशासन में अपना उत्कृष्ट योगदान दें: कलेक्टर

**रीवा।** लोक सेवा दिवस के अवसर पर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन व हितग्राहियों की अपेक्षाओं में खरे उतरें तथा लोक प्रशासन में अपना उत्कृष्ट योगदान दें। कलेक्टर ने लोक सेवा दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि अधिकारियों की तत्परता, कार्यक्षमता सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में दिखाई देती है। लोक सेवाओं को सशक्त करें तथा विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचायें। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि कार्यालय में समय दें तथा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजनाओं को गति दें और बेहतर कार्य करते हुए राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दें।

## आयुष अधिकारी को राज्य कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

### 6 सूत्रीय समस्याओं के शीघ्र निराकरण कराने की मांग

**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ आयुष विभाग के जिला अध्यक्ष शिवेश चतुर्वेदी ने संघ के पदाधिकारियों के साथ पूर्व उपाध्यक्ष आशीष दुबे, संभागीय संयोजक प्रमोद कुमार शुक्ला के नेतृत्व में विभागीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विभाग के द्वाना विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु जिला आयुष अधिकारी डॉ शारदा मिश्रा का ध्यान आकृष्ट कराते हुए 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन पत्र सौंप कर शासन से निराकरण शीघ्र कराने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम मांग किया कि नये कर्मचारियों को 70/80/90/ प्रतिशत वेतन का भुगतान का प्रावधान समाप्त किया जा कर प्रथम नियुक्ति दिनांक से पूर्ण वेतन का भुगतान कराया जाए, स्टाफ नर्स का पद नाम अन्य विभागों के तहत नर्सिंग ऑफिसर किया जाये, आयुष विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को आवास की सुविधा प्रदान की जाये, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद को तृतीय श्रेणी में सम्मलित किया जाये, जिन कर्मचारियों का समयमान नहीं लगा है उनका समयमान शीघ्र अतिशीघ्र लगाया जाये। जिससे कर्मचारियों को लाभ मिल सके तथा विभाग में जो कर्मचारी 35 वर्ष सेवा पूर्ण कर चुके हैं उन्हें चौथा समयमान वेतन दिया जाये। इस दौरान जिला आयुष अधिकारी ने शीघ्र विभाग के उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को मांगों के सम्बन्ध में अवगत कराकर निराकरण कराए जाने का आश्वासन दिए। ज्ञापन सौंपने में संघ के जिला संयोजक विश्व मोहन द्विवेदी सह संयोजक अरुण मिश्रा, लीलावती कुशवाहा, रीता तिवारी, वंश बहादुर सिंह, लक्ष्मी नारायण द्विवेदी, रेवा शंकर, राखी शुक्ला, उमा चतुर्वेदी, आशीष गुप्ता, रामायण चौरसिया, संभागीय उपाध्यक्ष पूजा द्विवेदी, सचिव अमरनाथ त्रिपाठी, राजाराम, अजय द्विवेदी, विजय शंकर तिवारी, गायत्री सोनी , राहुल, अनिल मिश्रा आदि मौजूद रहे।



## आदेश के बाद भी खेतों में नरवाई जला रहे किसान

**जागरण, रीवा।** शासन-प्रशासन सहित कृषि विभाग खेतों में किसानों द्वारा खेतों में नरवाई न जलाने की हिदायत दी जा रही है। जो किसान खेतों में नरवाई जलाएगा इसके लिए संबंधित किसान के खिलाफ कानूनी प्रकरण भी दर्ज किया जाएगा। लेकिन उक्त कानून के बावजूद किसानों द्वारा खेतों में नरवाई जलाई जा रही है। जिसका उदाहरण देखा जा सकता है करहिया मण्डी के बगल से, जहां खेत में गेहूं की उपज बोई गई थी, अब पूरा खेत जला हुआ है।

**सजा के साथ जुर्माने का भी प्रावधान :** नरवाई जलाने पर धारा गर्मियों में होने वाली दुर्घटनाओं को को नियंत्रित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश जारी किए जा चुके हैं। यह आदेश संपूर्ण जिले में 17 मार्च से लागू है, जो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। जिसमें सजा के साथ ही जुर्माने का भी प्रावधान है, लेकिन उक्त आदेश के बाद भी किसान नरवाई जलाने से बाज नहीं आ रहे।

## नहीं मिल रहा लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ, परिवार एक ही है लेकिन एक को दे रहे, दूसरे का नाम गायब

**जागरण, रीवा।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ कई पात्र महिलाओं तक अभी भी नहीं पहुंच पा रहा है। कहने को तो सरकार द्वारा प्रत्येक महिला को इसका लाभ दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं, किन्तु उक्त योजना में महिलाओं के नाम जोड़ने वाले जिम्मेदारों की लापरवाही से कई महिलाएं वंचित हैं। ग्राम मढ़ी निवासी कुशवाहा परिवार की एक महिला को लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ दिया जा रहा है, जबकि उसी परिवार, घर में निवासरत दूसरी महिला राजकली कुशवाहा लाडली लक्ष्मी योजना के लाभ से वंचित है।

### कई बार नाम जोड़ने कर चुके निवेदन

राजकली कुशवाहा व उनके पुत्र ने बताया कि कई बार ग्राम पंचायत में सरपंच, सचिव से उनकी माता का नाम लाडली लक्ष्मी योजना से जोड़ने के लिए निवेदन कर चुके हैं, लेकिन आज तक उनका नाम नहीं जोड़ा गया। जबकि इसी घर में रहने वाली अन्य महिला को उक्त योजना का लाभ दिया जा रहा है। राजकली कुशवाहा ने बताया कि उनका परिवार पूरी तरह से कृषि कार्य पर निर्भर है। लेकिन उनका नाम कई बार तकादा करने के बाद भी जोड़ा गया। ये तो महज एकमात्र उदाहरण है, ग्रामीण अंचलों की जांच करवाई जाए तो राजकली कुशवाहा जैसी कई महिलाएं मिल सकती हैं। ग्रामवासियों से चर्चा करने पर उन्होंने अपना नाम तो नहीं बताया लेकिन ये जरूर कहा कि ग्राम सरपंच, सचिवों ने पहले अपने घर, परिवार की महिलाओं के साथ अपने परिचितों की महिलाओं का नाम जोड़ा, लेकिन ग्राम की कई महिलाएं अभी लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ पाने चक्कर काट रही हैं। जो वास्तविक हितग्राही है उनको शासन का कोई भी लाभ नहीं मिल पा रहा है।



## शहर में जल संकट, कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** युवाओं ने शहर में व्याप्त जल संकट के निराकरण के संबंध में संभागीय कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंपा है। युवा नेता अविराज के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन के कहा गया कि शहर वासियों के सामने पानी का संकट गहराता जा रहा है। शहर के कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां पानी की पाइप लाइन तो नहीं है साथ ही उस क्षेत्र के आस पास के हैंडपंप भी चालू हालत में नही हैं जहां सुधार की आवश्यकता है। साथ ही शहर के कई ऐसे वार्ड हैं जहां पेयजल की पाइपलाइन टूटी हुई है जिससे वहां के लोगों के घरों में पानी नहीं आ रहा है। शहर के आम जन को पानी के लिए बेहद परेशान होना पड़ रहा है। आस पास के हैंडपंप चालू हालत में न होने की वजह से दूर दराज से पानी लाना पड़ता है। इस समस्या पर जल्द सुधार की आवश्यकता है। गोवर्धनम फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक सिंह गहरवार ने कहा कि मामले को जल्द संज्ञान में लेने की जरूरत है जिससे आम जन को राहत मिल सके। मांग पूरी न होने पर आंदोलन प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ सरोज सोनी, आशीष द्विवेदी, अतुल पांडे, किशन विश्वकर्मा, नीरज सोनी, सूर्यांश शुक्ला, सुभाष गुप्ता, जनेंद्र तिवारी, मोहित तिवारी, रणदीप पांडे, रेशु पटेल, विकास यादव, रुद्र सिंह, मुकेश तिवारी सहित कई युवा उपस्थित रहे।



## किसानों के विभिन्न मुद्दों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष सुग्रीव सिंह की अगुवाई में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में भूमि अधिग्रहण विधेयक मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश संशोधन अधिनियम 2025 को रद्द करने सहित किसानों के विभिन्न मुद्दों के समाधान हेतु शासन प्रशासन को चेताया गया कि यदि किसान हित में फैसले नहीं लिये तो आने वाले दिनों गांव गांव बैठक चौपाल कर एक बड़े आंदोलन का आगाज करेंगे। ज्ञापन देने वालों में उमेश पटेल प्रदेश महासचिव संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक एड शिव सिंह मास्टर बुद्धसेन पटेल रामायण सिंह रामजीत सिंह जिला पंचायत सदस्य का.लालमणि त्रिपाठी प्रदेश प्रवक्ता विश्वनाथ पटेल चोटीवाला एड.अभिषेक पटेल हरिहर सिंह इंद्रजीत सिंह शंखू उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह वीरभद्र सिंह शिवमंगल सिंह शोभनाथ कुशवाहा कमलेश्वर पटेल सिद्धमुनि पटेल अखिलेश पटेल हीरालाल पटेल मनोविश्वकर्मा पटेल विजय पटेल सूर्यबली सिंह रामकलेश सिंह लक्ष्मण सिंह अर्जुन सिंह अंबा निर्भय पटेल अरुण पटेल गोलू नेत्रराज सिंह आदि किसान उपस्थिति रहे।



## राशन कार्डधारी 30 अप्रैल से पहले करा लें ई-केवायसी

**रीवा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित मूल्य दुकानों से खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को हर माह निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न दिया जा रहा है। शासन द्वारा एक मई से स्मार्ट खाद्यान्न वितरण व्यवस्था लागू की जा रही है। इस व्यवस्था का लाभ लेने के लिए प्रत्येक राशन कार्ड में दर्ज हितग्राही का ई-केवायसी होना अनिवार्य है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सभी राशन कार्डधारियों से अपील करते हुए कहा है कि इस माह का खाद्यान्न लेने के लिए उचित मूल्य दुकान जाने पर सभी सदस्यों का ई-केवायसी करा लें। ई-केवायसी न कराने पर यह माना जाएगा कि राशन कार्ड में दर्ज सदस्य वर्तमान में दर्ज पते पर नहीं रह रहा है। इसे स्थाई पलायन मानते हुए उसका नाम राशन कार्ड से पृथक किया जाएगा। ई-केवायसी न कराने पर मई माह से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए ई-केवायसी तत्काल करा लें। इसके लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन से संपर्क करके पीओएस मशीन के माध्यम से पूरी जानकारी एम राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज करें।

## पेन्शनर्स को दो वर्गों में विभाजित न करे सरकार

**रीवा।** भारत पेन्शनर समाज द्वारा सोमवार को प्रधानमंत्री, वित्तमंत्री भारत सरकार, पेन्शन एवं कल्याण मंत्री, सचिव पेन्शन एवं पेन्शनर्स कल्याण भारत सरकार नई दिल्ली को सम्बोधित ज्ञापन आयुक्त रीवा संभाग रीवा के प्रतिनिधि तहसीलदार हुजूर को सौंपा गया। ज्ञापन में केन्द्र सरकार द्वारा फाइनेन्स बिल 2025 के साथ पेन्शन रूल में अमेंडमेन्ट कर पेन्शनर्स को रिटायरमेंट डेट के आधार पर दो वर्गों में विभाजित करने का प्रावधान पर पुर्नविचार कर , पेन्शन रूल में अमेन्डमेन्ट को वापस लेने का अनुरोध किया गया है कि पेन्शनर्स में डेट ऑफ रिटायरमेन्ट के आधार पर वर्गीकरण सुप्रीम कोर्ट द्वारा डी.एस. नकारा एण्ड अदर्स बनाम यूनियन बैंक आफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 17.12.1982 की भावना के विरुद्ध है। अतः समस्त स्टेक होल्डर्स से व्यापक चर्चा कर पेंशन रूल्स में किये गये संशोधन को वापिस लेने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन सौंपने में उपाध्यक्ष द्वय प्रो.एम.यू. खान, डी.पी. सिंह परिहार, केपी. सिंह रेंजर, इंजीनियर केपी. सिंह, महासचिव राजेन्द्र सिंह बघेल, सचिव प्रेमशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष आर.के. सोनी, कार्यकारिणी सदस्य जी.पी. मिश्र, विजयराज सिह कर्चुली एवं एम.पी. सिंह राठौर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




## आनंद ग्राम पुरवा में विश्व पृथ्वी दिवस पर अल्पविराम कार्यशाला आज

**रीवा।** मध्यप्रदेश शासन के राज्य आनंद संस्थान द्वारा रीवा जिले के आनंद ग्राम पुरवा में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। राज्य आनंद संस्थान, मध्यप्रदेश शासन के जिला रीवा इकाई के प्रशिक्षण समन्वयक डॉ मुकेश येंगल ने बताया कि जिला कलेक्टर प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में सिरमौर विकासखंड में आनंद ग्राम पुरवा में 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस पर क्षेत्रवासियों के लिए इस विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा विकसित कराये गए गौशाला परिसर में आयोजित होगा। इसमें प्रतिभागियों का ऑनलाइन पंजीयन कराया गया है। आनंद संस्थान के डॉ येंगल ने बताया कि संस्थान के वरिष्ठ आनंद सह्योगी देवेंद्र पाण्डेय, कृष्णा सिंह, प्रशिक्षक अरुण तिवारी, डॉ जी एन श्रीवास्व एवं नोडल प्रवीण पाठक एवं विकास सोनी उपस्थित रहेंगे।




## साकेत समाज के जोड़े ने बौद्ध रीति-रिवाज के साथ रचाई शादी



**रीवा।** बसोर समाज विकास संगठन के प्रदेश प्रवक्ता रवि राज बंसल बौद्ध के प्रयास के द्वारा बुद्धिस्ट शादी कराई गई। जिला सतना से बारात ग्राम उमरिया में आई जहां पर बौद्ध आचार्य रवि राज बंसल द्वारा बुद्धिस्ट रीति रिवाज से शादी को संपन्न कराया गया। अनुराग साकेत बुद्ध तथा करिश्मा साकेत बौद्ध की बुद्धिस्ट रीति रिवाज से शादी संपन्न हुई। शादी में प्रमुख रूप से बसोर समाज विकास संगठन के संभागीय अध्यक्ष बाबूलाल बंसल तेज बली बंसल तथा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बंसल मौजूद रहे।

## गर्मी आते ही बढ़ गई बिजली की खपत | मार्च में 200 लाख यूनिट बिजली जली, अप्रैल में सिर्फ 20 दिनों में 20 फीसदी और बढ़ गई

### इस मर्तबा मई, जून में बिजली की खपत तोड़ेगी पिछले साल का रिकार्ड



**रीवा।** गर्मी ने तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं। गर्मी बढ़ते ही सबसे ज्यादा डिमांड बिजली की बढ़ी है। डेढ़ गुना बिजली की खपत बढ़ गई है। मार्च में रीवा शहर में 200 लाख यूनिट बिजली खप रही थी। वहीं खपत अप्रैल में 15 फीसदी और अधिक बढ़ गई है। आने वाले समय में बिजली खपत के पुराने रिकार्ड धराशाई होने वाले हैं।

ज्ञात हो कि इस मर्तबा अप्रैल में ही गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ना शुरू कर दिया है। पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। आसमान से आग बरसनी शुरू हो गई है। लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ऐसे में लोग गर्मी से राहत पाने कूलर और एसी का सहारा ले रहे हैं। दिन और रात में बिजली का लोड बढ़ गया है। लोड बढ़ने से विद्युत विभाग की टेंशन भी बढ़ गई है। बिजली आपूर्ति सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। विद्युत विभाग लोड बढ़ने के साथ ही आपूर्ति बनाए रखने के सारे इंतजाम कर लिए हैं। अप्रैल महीने में ही बिजली की खपत पिछले महीने की तुलना में 15 फीसदी तक बढ़ गया है। आने वाले समय में दोगुना तक खपत पहुंचने उम्मीद है।

### सामान्य दिनों में 150 लाख यूनिट है खपत

विद्युत विभाग के अधिकारियों की मानें तो सामान्य दिनों में बिजली की खपत 150 लाख यूनिट ही रहती है। यह खपत सिर्फ शहरी क्षेत्र की है। सिटी डिवीजन में करीब 80 हजार उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं में ही 150 लाख यूनिट महीने में बिजली खप जाती है। मार्च में यही खपत बढ़ कर 200 लाख यूनिट तक पहुंच गई है। अभी अप्रैल खत्म भी नहीं हुआ कि अधिकारियों के पसीने छूटने लगे हैं। मार्च महीने की खपत की तुलना में 15 फीसदी ज्यादा बिजली जल रही है। ऐसे में इस महीने 250 लाख यूनिट के खपत का अनुमान लगाया जा रहा है।

### पिछले साल जून में 400 लाख यूनिट तक हुई थी खपत

शहर संभाग में बिजली खपत की बात करें तो मई और जून का महीना सबसे भारी पड़ने वाला है। आपूर्ति बहाल रखना बड़ी चुनौती साबित होगा। पिछले साल जून महीने में 400 लाख यूनिट बिजली शहर संभाग के उपभोक्ताओं ने खपाई थी। यह आंकड़ा इस मर्तबा मौसम के मिजाज को देखते हुए बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस मर्तबा पिछले साल का भी रिकॉर्ड टूट जाएगा। विद्युत विभाग के अधिकारी मई और जून में करीब 450 लाख यूनिट बिजली के खपत का अनुमान लगा रहे हैं।

### धीरे धीरे बढ़ रहे हैं बिजली उपभोक्ता और डिमांड

शहर संभाग में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या धीरे धीरे बढ़ रही है। नए घर बन रहे हैं। क्षेत्र का भी विस्तार हो रहा है। नई कॉलोनियां भी बस रही हैं। ऐसे में बिजली की डिमांड बढ़ना स्वाभाविक है। उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने से डिमांड भी बढ़ जाएगी। अब घरों में कूलर और एसी आम बात हो गई है। सुविधाएं बढ़ने से बिजली की खपत भी बढ़ गई है। नए कार्यालय भी खुल रहे हैं। स्कूल, कॉलेज भी नए खुल गए हैं। इन संस्थाओं को भी वातानुकूलित बनाया जा रहा है। इसके कारण भी बिजली की डिमांड बढ़ गई है।

## हिन्दुओं की धार्मिक आस्था को आघात

# नष्ट कर डाला भगवान श्री राम का विशाल गजरथ





### सरकार और ठेकेदार की बड़ी लापरवाही आई सामने

### 150 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक धरोहर की ऐसी दुर्दशा कि देखने वाले हैरान

जागरण, रीवा

जिले में अनेक ऐतिहासिक धरोहर मौजूद हैं, उनमें से एक है गोविंदगढ़ किला जो रीवा रियासत के लिए महत्वपूर्ण रहा है। महाराजा रघुराज सिंह जूदेव सवारियों के बहुत शौकीन थे, जिसके लिए महाराज ने एक ऐसे रथ का निर्माण करवाया था, जिसे खींचने के लिए चार हाथियों का जोर लगता था। सोने-चांदी से सुसज्जित विशाल एक रथ, जिसमें बाकायदा शयन की भी व्यवस्था की गई थी। दशहरा के चल समारोह में भगवान श्रीराम की सवारी के रूप में इसका उपयोग किया जाता था। विंध्य क्षेत्र के खास ऐतिहासिक धरोहरों में यह भी एक था, लेकिन अब यह विशाल गजरथ अपना अस्तित्व खो चुका है। जिस रथ को देखने व उसकी एक झलक के लिए रीवा सहित बाहरी लोग तरसते थे, उस रथ को अब एक छत तक नहीं नसीब हो पा रही है। वह लावारिस खुले मैदान में पड़ा हुआ है। गजरथ की यह दुर्दशा भी किले को हेरिटेज होटल बनाने वाली वाइल्ड लाइफ एंड हेरिटेज होटल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने किया है। कंपनी ने इस गजरथ को खुले आसमान के तले फेंक रखा है, जिसका परिणाम यह हुआ कि गजरथ धीरे-धीरे टुकड़ों में टूट रहा है। 150 वर्ष पुरानी इस धरोहर की हालत देख यह कहना गलत नहीं होगा कि रीवा जिले मे ऐतिहासिक धरोहरों को जो दुर्दशा की जा रही है, वह शायद ही प्रदेश व अन्य राज्यों के किसी जिले में देखने को मिले। विशाल गजरथ की दुर्दशा कर ऐतिहासिक धरोहर को नष्ट तो किया ही जा रहा है साथ ही भगवान श्रीराम की संपत्ति के रूप में अपनी पहचान बना चुके इस रथ की ऐसी खस्ता हालत से धार्मिक भावनाओं को आघात पहुंचाया जा रहा है। मान्यता है कि रीवा राजघराने की गद्दी भगवान श्रीराम की गद्दी है, जिसकी सेवा राजघराना करता आया है।



### इसलिए लावारिस पड़ा रथ

बता दें कि जागरण टीम द्वारा जब निरीक्षण के दौरान गजरथ की हो रही दुर्दशा और उसे खुले में लावारिस हालत में पड़े होने की वजह पूछी गई तो ठेकेदार के कर्मचारियों ने बताया कि गजरथ को एमपी टूरिज्म ने हैंडओवर नहीं किया है और वह आज भी राजघराने की संपत्ति है। जिससे इस गजरथ से उनका कोई मतलब नहीं है। बता दें कि ठेकेदार के काम शुरू करने के पूर्व तक यह विशाल गजरथ किले की छत के नीचे चाहरदीवारी के बीच में था लेकिन काम शुरू होने के साथ ही ठेकेदार ने इसे किले से बाहर करा दिया। हैरानी की बात यह है कि इस ऐतिहासिक धरोहर की ओर राजघराना का भी कोई ध्यान नहीं है। यदि इसे रीवा म्यूजियम में ही रख लिया जाए तो वह सुरक्षित हो सकता है लेकिन अभी तक इसकी सुध नहीं ली गई, नतीजतन ठेकेदार और एमपी टूरिज्म के अधिकारी इसकी दुर्दशा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### राज दरबार का था विशेष वाहन

सन्1875 में महाराजा रघुराज सिंह ने इस रथ का निर्माण करवाया था। वर्ष 1880 में महाराजा रघुराज सिंह की मृत्यु हो गई। इसके बाद इस रथ की देखरेख में भी कमी आई। फिर भी वह रथ राज दरबार का विशेष वाहन ही बना रहा। वर्ष 1945 में अंतिम बार रीवा में आयोजित दशहरा समारोह में शामिल होने के बाद इस रथ को किले के अंदर कैद कर दिया गया और तब से यह रथ अपने वजूद के लिए लड़ाई लड़ रहा है। इस रथ को संग्रहित करने के लिए इतिहासकारों के द्वारा लगातार आवाज उठाई जा रही है, जिससे रीवा रियासत की परंपरा के बारे में लोगों को जानकारी हो सके, परंतु इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस रथ की दुर्दशा हो गई है ।

### महारानी विक्टोरिया ने भी की थी सवारी

सन् 1911 में जब दिल्ली दरबार के राजधानी बनाए जाने का शताब्दी समारोह मनाया गया, उस समय इस रथ को विशेष तरजीह दी गई और यह रथ समारोह के परेड में शामिल हुआ। हालांकि दरबार में मौजूद रानियों के हाथियों से डर की वजह से इस रथ को करतब दिखाने का मौका तो नहीं मिला मगर सहभागिता दर्ज कराई। उस दौरान समारोह में इंग्लैंड की महारानी विक्टोरिया भी शामिल थीं, उन्होंने भी इस रथ में सवारी करने की इच्छा जाहिर की थी। विशाल गजरथ के निर्माण में लड़की, लोहा, तांबा, पीतल व चांदी का इस्तमाल किया गया था। रथ की ऊंचाई बारह से पन्द्रह फीट की है। रथ इतना विशाल था कि उसमें महाराजा के साथ कई लोग आराम से बैठ सकते थे और इसको घोड़े नहीं खींच पाते थे, बल्कि हाथी की मदद से खींचा जाता था। आज इस विशाल गजरथ के टुकड़े हो रहे हैं।

## आरओबी के नीचे दो ट्रक भिड़े, बीच में फंसे स्कूटी सवार, दो घायल

### शिल्पी प्लाजा दुकान से गोड़हर की तरफ जा रहे थे स्कूटी सवार



**रीवा।** सोमवार की देर रात चोरहटा थाना अंतर्गत आरओबी के नीचे भीषण सड़क हादसा हो गया। दो ट्रकों की भिड़त हो गई। इसी के बीच में दो स्कूटी सवार भी फंस गए। दोनों स्कूटी सवार युवकों को गंभीर चोटे आई हैं। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने तुरंत घायलों को मिनर्वा अस्पताल में भर्ती कराया है। एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रक ट्रांसपोर्ट नगर से गोड़हर की तरफ जा रहा था। यह ट्रक आरओबी के ऊपर से गुजर रहा था। वहीं एक ट्रक आरओबी के नीचे यूटर्न ले रहा था। दोनों ही ट्रक आरओबी के नीचे अचानक से भिड़ गए। इसी दौरान गोड़हर की तरफ जा रहे स्कूटी सवार दो युवक भी ट्रकों के बीच फंस गए। इस हादसे में ट्रकों को नुकसान तो हुआ ही स्कूटी सवार दोनों युवक भी बुरी तरह घायल हो गए। एक व्यक्ति के मुंह में गंभीर चोट आई है। कई दांत टूट गए। एक्सीडेंट के बाद इसकी सूचना चोरहटा पुलिस को दी गई। चोरहटा प्रभारी आशीष मिश्रा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत घायलों को एम्बुलेंस की मदद से मिनर्वा अस्पताल पहुंचाया। दोनों का इलाज जारी है। घायलों का नाम निखिल मदनानी और केशव मदनानी बनाया जा रहा है। इनकी शिल्पी प्लाजा छप्पन भोग के पास दुकान संचालित है। दुकान बंद कर घर वापस लौट रहे थे। तभी हादसा हो गया।

> आरओबी के नीचे दो ट्रकों की भिड़त हो गई। ट्रकों के बीच में स्कूटी सवार दो लोग फंस गए। हादसे में दोनों घायल हो गए हैं। इन दोनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए मिनर्वा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज जारी है।
> **आशीष मिश्रा, थाना प्रभारी चोरहटा**

### बकायादारों के खिलाफ आज से मैदान में उतरेगी बिजली विभाग की टीम

## 17 करोड़ का मिला शहर संभाग को वसूली का टारगेट, अभी तक सिर्फ 7.5 करोड़ आए

**रीवा।** नए वित्तीय वर्ष के शुरू होने के साथ ही विद्युत विभाग टारगेट में उलझ गया है। फिर से मार्च पेड अप्रैल में वसूली का लक्ष्य मिल गया है। शहर संभाग को 17 करोड़ रुपए की वसूली करनी है। अभी तक खजाने में सिर्फ 7.5 करोड़ ही आए हैं।

### मार्च महीने में रीवा जिला के सभी डिवीजन ने खूब जोर लगाया था

ज्ञात हो कि विद्युत विभाग ने मार्च महीने में वसूली के मामले में शानदार प्रदर्शन किया था। मार्च 2024 से बेहत प्रदर्शन मार्च 2025 में किया गया था। मार्च 2025 में रीवा जिला के सभी डिवीजन ने मिलाकर 68 करोड़ 58 लाख रुपए की वसूली की थी। वहीं वर्ष 2024 मार्च में यह राशि 45 करोड़ 81 लाख ही था। मार्च में रिकॉर्ड तोड़ वसूली के बाद थोड़ी सी राहत ही मिली थी कि अब नए सिरे से वसूली के लिए अधिकारियों को जूझना पड़ रहा है। मार्च पेड अप्रैल महीने में रीवा शहर संभाग को 17.5 करोड़ रुपए का लक्ष्य दिया गया है। अब तक शहर संभाग के खाते में 7.5 करोड़ रुपए ही आए हैं। 10 दिनों में 10 करोड़ रुपए वसूलने हैं। हालांकि यह राशि कैश डिमांड और बकाया एरियर दोनों मिलाकर ही है। यदि कैश डिमांड की बात करें तो शहर संभाग को 12.5 करोड़ का ही लक्ष्य मिला है। इस लक्ष्य को पाने से शहर संभाग कुछ ही दूर हैं। सिर्फ 5 करोड़ और जुटाने हैं। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए मंगलवार से शहर संभाग की टीम मैदान में उतरेगी। बकायादारों के खिलाफ कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि वर्तमान समय में भी कनेक्शन काटे जा रहे हैं लेकिन रफ्तार धीमी है। मंगलवार से पूरी टीम अलग अलग फीडर में उतरकर बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

## अचानक कुलपति निरीक्षण करने पहुंचे तो गायब मिले अतिथि विद्वान

### एमएसडब्ल्यु बीएड. व आयो-टेक्नोलॉजी का कुलगुरू ने किया निरीक्षण



**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विवि में सोमवार सुबह साढ़े 11 बजे कुलगुरू डॉ. राजेन्द्र कुडरिया द्वारा एमएसडब्ल्यु बी एड. एवं बायो-टेक्नोलॉजी विभाग का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। बीएड. विभाग में बिना अवकाश एवं आवेदन एवं सूचना दिए अनुपस्थित अतिथि शिक्षकों को कड़े निर्देश प्रदान किए गए। कुलगुरू द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विभागों में पदस्थ अतिथि शिक्षक प्रतिदिन उपस्थित होकर अपने टाईम टेबिल अनुसार छात्रों को नियमित सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक कक्षाओं हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा एवं कार्यालय समय पर शिक्षकों को शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में संलग्न रहने के लिए निर्देश प्रदान किए गए।

## लाड़ली लक्ष्मी मार्ग स्थित नर्सरी में लगी आग



### सड़क किनारे किसी ने लगाई आग, कुछ ही देर में पहुंची बाउण्ड्री के अंदर, दो दमकलों ने पाया काबू

**जागरण, रीवा।** लाडली लक्ष्मी मार्ग पर बीहर नदी के किनारे स्थित घाट क्रमांक-1 के सामने स्थित नर्सरी में सुबह करीब साढ़े 11 बजे अचानक आग लग गई, देखते ही देखते कुछ ही देर में आग नर्सरी के अंदर तक पहुंच गई, हवा चलने से आग लगातार बढ़ती हुई रौद्र रूप दिखा रही थी, इधर से गुजरने वाले किसी सज्जन ने इसकी सूचना नगर निगम को दी। नगर निगम द्वारा तत्काल मौके पर दमकल भेजा गया, लेकिन आग काफी आगे तक बढ़ चुकी थी। दमकल चालक व कर्मचारियों ने फुर्ती से दो-तीन पाइप और जोड़े और बुझाने लगे, लेकिन आग नर्सरी के अंदर लगातार फैलती जा रही थी। नर्सरी में उपस्थित कर्मचारी भी झाड़ियां मार-मार कर आग बुझाने में जुटे रहे। एक स्थान की आग बुझती तो दूसरे स्थान पर फैलती जा रही थी, जिसके चलते कर्मचारियों द्वारा फोन कर दूसरी दमकल बुलवाई गई। दोनों दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

### नर्सरी के बाहर सड़क किनारे लगी आग पहुंची अंदर तक

यह मार्ग बनने के बाद से असामाजिक तत्वों व नशाखोरों के साथ ही युवक-युवतियों के मिलने का अड्डा बन चुका है। कई बार यहां सड़क किनारे ही बैठे युवा वर्ग को गांजा, चरस आदि पीते भी देखा जा सकता है। दो-तीन दिन पूर्व भी यहां कचरे के ढेर में किसी ने आग लगा दी थी, उस समय भी घाट किनारे लगे पेड़ों तक तेजी से आग पहुंच गई थी, जिसे फायर ब्रिगेड की मदद से बुझाया गया था। सोमवार को जो आग लगी वह आग पहले नर्सरी के बाहर सड़क किनारे झाड़ियों में लगी, कुछ लोगों ने बताया कि दो-तीन युवक यहां खड़े सिगरेट वगैरह पी रहे थे, जो जलती तीली या सिगरेट वगैरह यहां फेंक गए, लेकिन उसे बुझना उचित नहीं समझा। धीरे-धरे आग सड़क किनारे फैल गई और यहां लगी झाड़ियों के साथ ही वन विभाग द्वारा वर्षाकाल में लगाए गए पौधों को जलाती हुई नर्सरी के अंदर पहुंच गई। नर्सरी के अंदर भी काफी मात्रा में सूखी झाड़ियां और यूकेलिप्टस के पेड़ों के साथ ही अन्य प्रकार के पेड़-पौधे लगे हैं। कुछ ही देर में आग ने रौद्र रूप धारण कर लिया और तेजी से फैलने लगी। यहां से गुजर रहे एक सज्जन ने रुककर नगर निगम को मोबाइल लगाया, कुछ ही देर में यहां दमकल पहुंच गई, सड़क से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग नर्सरी के काफी अंदर तक फैल चुकी थी। चालक व साथ आए दमकल कर्मचरियों ने दो-तीन पाइप और जोड़े और अंदर पहुंचकर आग बुझाना शुरू किया, इधर सड़क किनारे भी आग जल रही थी, जो नर्सरी के दूसरे हिस्से तक पहुंच गई। फायर ब्रिगेड लेकर आए कर्मचारियों ने एक और फायर ब्रिगेड भेजने के लिए फोन लगाया, दूसरी फायर ब्रिगेड भी कुछ ही देर में मौके पर पहुंची और दोनों से आग बुझाना शुरू किया, नर्सरी में लगी आग बुझाने में लगभग घंटा भर से अधिक समय लग गया।

# समय सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण न होने पर संबंधितों के विरुद्ध लगेगा अर्थदण्ड

## कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में तत्परता बरतने के दिए निर्देश



**जागरण, रीवा**

समय सीमा बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में तत्परता बरतें। किसी भी विभाग को सी या डी श्रेणी में नहीं रहना चाहिए समाधान ऑनलाइन के राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के तथ्यपरक जबाव न प्रस्तुत करने पर नाराजगी व्यक्त की तथा सीएमएचओ को निर्देशित किया कि संबंधित बीएमओ के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। कलेक्टर ने पीएचई विभाग की शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ तत्काल निराकृत करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री को दिये। उन्होंने राजस्व विभाग में हुजूर तहसील में लंबित शिकायतों पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा अभियान चलाकर इनके निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी तहसील ए श्रेणी से नीचे न रहे अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने पीडीएस अन्तर्गत उचित मूल्य दुकानों से राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के ई-केवायसी कराने के निर्देश दिये। समग्र धारकों का आधार लिकिंग कार्य को गति देने के निर्देश कलेक्टर द्वारा बैठक में दिये गये। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों का शत प्रतिशत ई-केवायसी करायें। उन्होंने अनुभाग के एसडीएम को निर्देशित किया कि विषमता वाले परिवारों का सत्यापन कराने हेतु बैठक लेकर अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित करें तथा प्रति दिवस की प्रगति से अवगत करायें। बैठक में कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर छाया, पानी सहित अन्य व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जिन कार्यों के टीएस एवं एएस शेष हैं, उन्हें 25 मई तक अनिवार्यतः जारी करें। सीएम डैशबोर्ड की विभागवार प्रगति का निराकरण करें ताकि जिले की ग्रेडिंग में अपेक्षित सुधार रहे। कलेक्टर ने जनसुनवाई के प्रकरणों का निराकरण करने तथा ई-ऑफिस के ऑनबोर्ड, शेष विभागों को ऑनबोर्ड करने के निर्देश दिये। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, समस्त एसडीएम जनपद के सीईओ, तहसीलदार तथा विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेज समूह निरंतर अपने प्रयासों से छात्रों का समग्र विकास करता आया है : योगेश ताम्रकार



**जागरण, सतना।** मध्य भारत के अग्रणी शिक्षण संस्थान सेज ग्रुप सेज यूनिवर्सिटी भोपालध्इंदौर एवम सागर कालेज पते जो शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर नैक ए प्लस , एनबीए मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित नाम है अपने नवाचार इनोवेशन व एडवांस टीचिंग एवं लर्निंग पद्धति के कारण सेज ग्रुप के एजुकेशनल इंस्टीट्यूट स्टूडेंट व अभिभावकों की पहली पसंद में आते हैंद्य इसी श्रंखला में सेज ग्रुप व सागर कालेज द्वारा सतना में सेज शिक्षा आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेज ग्रुप की टीम इसे पूरे प्रदेश में एक अभियान के रूप में चला रही है। इसी उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश के सतना शहर के होटल श्री साइन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सतना शहर के प्रतिष्ठित शिक्षकों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सतना के महापौर योगेश ताम्रकार उपस्थित रहे उन्होंने सेज समूह के इस अभियान को सराहनीय कदम बताया साथ ही इसी क्रम मे सतना जिले के उतकृष्ठ शिक्षकों को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम में 180 से अधिक प्राचार्यो शिक्षकों एवं कोचिंग संचालकों ने भाग लिया मुख्य अतिथि ने सेज समूह की शिक्षा प्रणाली की सराहना की एव बताया सेज समूह निरंतर अपने प्रयासों से छात्रों का समग्र विकास करता आया है। कार्यक्रम में सेज समुह से डायरेक्टर जनरल डॉ सर्वेश शुक्ला ने शिक्षकों को सम्मानित किया एव उन्होंने बताया कि सेज समुह के संस्थापक इंजीनियर संजीव अग्रवाल के मार्गदर्शन में विगत 40 बर्षों से अपने विभिन्न माध्यमों के द्वारा समाज की सेवा करते आ रहे हैं जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में अभी तक 60 हजार से अधिक छात्र.छात्रों को शिक्षित कर चुके हैं साथ ही वर्तमान में 35 हजार से आधिक छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे है कार्यक्रम में सेज ग्रुप से प्रोफेसर आशीष पाण्डेय , प्रोफेसर आलोक बघेल , सुरेन्द्र मिश्रा ,पूर्ण चंद कुशवाहा , आशुतोष पांडेय उपस्थित रहे।

# पीटीएस में प्रशिणार्थियों को दी गई ट्रेनिंग



**रीवा।** मिशन कर्मयोगी अंतर्गत पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा के पलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में सोमवार को मानवाधिकार एवं पुलिस की भूमिका, संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं उनके उल्लंघन के संबंध में पलिस की सीमा रेखा तथा अन्य महत्वपूर्ण अनुच्छेद विषय पर संभाग स्तरीय सेमिनार का हाइब्रिड मोड पर आयोजन किया गया। इसमें व्याख्याता के तौर पर एडीओपी आदर्श सिंह सोलंकी एवं सेवानिवृत्त उपपुलिस अधीक्षक राधिका प्रसाद द्विवेदी ने प्रशिक्षुओं को मानवाधिकार से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। सेमिनार में पुलिस मुख्यालय से एडीजी प्रशिक्षण राजाबाबू सिंह ने प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों से वार्तालाप किया। ट्रेनिंग के संबंध में जानकारी ली। साथ ही मानवाधिकारों एवं मौलिक अधिकारों का उल्लंघन न करने की हिदायत दी। उन्होंने जीवन में तनाव को कम करने के लिए मेडिटेशन की प्रैक्टिस करने की सलाह दी। इसके साथ ही पीटीएस रीवा, पीटी एवं योग अभ्यास इंडक्शन कोर्स के प्रशिक्षुओं को करवाया गया ताकि वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य और सुखी जीवन जीने का कौशल सीख सकें। एक दक्ष और खुशहाल पुलिस अधिकारी के रूप में पीटीएस रीवा से विदा ले सकें और समाज में अपनी सेवा प्रदान कर सकें। इस सेमरिार में कुल 58 प्रशिक्षणार्थियों ने हिसा लिया।

# मप्र शासकीय अधिवक्ता संघ ने 12 सूत्रीय मांगों के समर्थन में सौंपा ज्ञापन



**जागरण, रीवा।** मप्र शासकीय अधिवक्ता संघ द्वारा सोमवार को कलेक्टर प्रतिभा पाल को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि प्रदेश में अपराधिक न्याय प्रशासन हेतु न्यायालयीन कार्यवाही में राज्य/शासन का पक्ष रखने वाले दो महत्वपूर्ण स्थापना जीपी/एजीपी तथा डीपीओ/एडीपीओ के मध्य कार्य की प्रकृति तथा कार्य दायित्व के अनुपात में मंभीर असमानता है। विगत दो दशकों से अनेक अवसरों पर प्रदेश के सक्षम अधिकारियों के समक्ष उक्त असमानता व भेदभाव को दूर करने अनेक आवेदन व प्रत्यक्ष भेंट कर निवेदन किया गया, किन्तु आज दिनांक तक कोई सार्थक पहल नहीं की गई। ज्ञापन में मांग रखी गई है कि जिन जीपी/एजीपी के कार्य संतोषजनक हों उनके कार्यकाल में विधि अनुसार 3 वर्ष की वृद्धि की जाए। जीपी/एजीपी व विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति में आयु सीमा 60 वर्ष की जाए। अभियोजन संचालन, उप संचालक की नियुक्ति में विधि अनुसार अधिवक्ताओं के साथ ही अनुभवी जीपी/एजीपी व विशेष लोक अभियोजक को प्राथमिकता दी जाए तथा टोल नाकों में छूट, बीमा, चिकित्सा, आवास इत्यादि की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान शासकीय अधिवक्ता संघ प्रदेश संरक्षक लोक अभियोजक शशि तिवारी, अतिरिक्त लोक अभियोजक हरिशंकर पटेल, विकास द्विवेदी, कमल नारायण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# धार्मिक उत्सवों को भव्य बनाने प्रयास करता रहेगा धर्म परिवार

**रीवा।** धार्मिक उत्सवों को भव्य बनाने की दिशा में विगत लंबे समय में सतत कार्य कर रही धार्मिक संस्था हिन्दू उत्सव समिति धर्म परिवार का योजनाबद्ध प्रयास जारी रहेगा। आज समूचे विंध्य क्षेत्र में मकर संक्रांति, होली, नवदुर्गा दीपोत्सव को जो विशाल रूप देने का काम धर्मपरिवार ने किया है, उसका अनुसरण परम्परा के रूप में अन्य संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है जिसके लिये लंबा किया गया संघर्ष सर्वविदित है। हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार से जुड़े सभी पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा समूचे वर्ष भर पड़ने वाले त्योहारो पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने योजना बनाकर कार्य किया जाता है। यह जानकारी धर्म परिवार के संस्थापक नारायण डिगवानी एवं आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल एड. ने देते हुये बताया संस्कृतिधानी रीवा नगर का इतिहास गरिमामय विजया दशमी चल समारोह और रावण वध के कार्यक्रम में मैसूर राज्य की राजसी परम्परा में बराबरी का स्थान देता था जो कुछ वर्षों से नहीं मिल रहा है। जबकि राजसी शान शौकत केवल इसी आयोजन में दिखाई दिया करती थी। हाथी घोड़ों, ऊँटों के साथ शाही जुलूस आज भी पुराने लोगों को याद है। धर्मपरिवार के संस्थापक श्री डिगवानी ने चिंता व्यक्त की है विगत एक-दो वर्षों से निकलने वाला चल समारोह समाप्त हो गया है। मात्र महाराजाधिराज की सवारी और महाराजा साहब निकलते हैं और रावण वध स्थल पर पहुंच कर शामिल होते हैं लेकिन नगर की जनता जो दूर-दूर से ग्रामीण अंचल से आकर शामिल होती थी,

# अजाक्स अधिकारी, कर्मचारी संघ ने मांगों के निराकरण हेतु सौंपा ज्ञापन




**जागरण, रीवा।** मप्र अजा/जजा अधिकारी, कर्मचारी संघ ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया कि समस्त संभागीय, जिला इकाई पदाधिकारी, ब्लॉक, तहसील अध्यक्षों, महिला मोर्चा पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष अजा/जजा वर्ग के अधिकारी, कर्मचारियों व विद्यार्थियों द्वारा प्रांतीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती पखवाड़े के अंतर्गत अजाा/जजा वर्ग के अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सोमवार को कलेक्टर रीवा के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें छात्रवृत्ति समय पर देने, आवास सहायता राशि 12 माह के अनुरूप देने, बैकलॉग पदों की पूर्ति अजा/जजा वर्गों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, नवीन पदोन्नति नियम तत्काल लागू करने, आउटसोर्सिंग प्रणाली में आरक्षण ठेका पद्धति समाप्त कर संविदा/नियमित करने।

आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने, पुरानी पेंशन व्यवस्था पुनः लागू करने, ननि, नपा, पंचायतों में में सफाई कार्य ठेका पद्धति से बंद कर संविदा/नियमित करने आदि मांगे रखी गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष स्नेहलता चौधरी, संभागीय अध्यक्ष इंजी. एमएल वाडेकर, जीतेश रावत, मुन्नालाल रावत, छोटेलाल साकेत, रहरपाल कोल, अनिल साकेत, बैजनाथ साकेत,आरएन कोल, राजेश लानेते मछुवेश, पुष्पांजलि, राहुल आदि उपस्थित थे।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## प्लाट बेचना है

मेन रोड में कमर्शियल प्लाट 35×60=2100 वर्गफिट प्रार्थना हॉस्पिटल के सामने, रीवा हॉस्पिटल के आगे, PTS से नया बस स्टैंड मेन रोड में स्थित, एवं 50×100 का प्लाट लैंडमार्क के पास स्थित, संपर्क सूत्रः- 6265855274, 7000797858

RN GMSir (22/4)

# छात्रों को नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

## टीआरएस कॉलेज में विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस पर संवाद कार्यक्रम आयोजित




**रीवा।** टीआरएस कॉलेज के समाज कार्य विभाग द्वारा आईक्यूएसी की फ्लैगशिप योजना 'चेतना' के अंतर्गत सोमवार को विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस के अवसर पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के निर्देशन में तथा प्रभारी प्राचार्य डॉ. महानंद द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. महानंद द्विवेदी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि रचनात्मक सोच न केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में नवाचार ही सफलता की कुंजी है। वहीं, समाज कार्य के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने छात्रों को नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग नवाचार का युग है। यदि हमें समाज में प्रभावी बदलाव लाना है, तो हमें रचनात्मक सोच और नवीन विचारों को अपनाना होगा। युवा वर्ग में यह क्षमता विद्यमान है, बस आवश्यकता है उन्हें उचित दिशा देने की। कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने रचनात्मकता और नवाचार के विविध पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। छात्रों ने विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में नवाचार के महत्व को रेखांकित किया और यह बताया कि कैसे रचनात्मक सोच से जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। छात्रों ने अपने स्वयं के असाइनमेंट पर विचार प्रस्तुत किए, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखते हैं। कार्यक्रम के अंत में विभाग के शिक्षकों ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं एवं उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के सफल संयोजन में डॉ गुंजन सिंह, डॉ. प्रियंका तिवारी, योगेश निगम आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संवाद कार्यक्रम में आल्हा कुमार बढ़ई, अभिषेक कुमार साकेत, अभिषेक तिवारी, आदर्श चतुर्वेदी, आदित्य नारायण तिवारी, आकांक्षा मिश्रा, अंजली दुबे, अंजली मिश्रा, अंकित पांडे, अंकिता मिश्रा, अंश गुप्ता, अनुराग कोल, अर्पिता शुक्ला, आरती चौधरी, आरती साहू, आरती शुक्ला, अशोक कुशवाहा, अतुल पटेल, बुद्ध भास्कर वर्मा, छवि तिवारी, गजेन्द्र राठौर, गौरव सोंधिया, कुबेर कुमार मिश्रा, मीनेश सिंह, मीनू पाठक, मुस्कान पांडे, नीतू मिश्रा आदि ने अपनी प्रस्तुति दी।

## शुद्धि पत्र

नगर पालिक निगम रीवा क्र.516/ई.टेण्डर/फायर शाखा/ न.प.नि./225 रीवा दि. 15/04/2025 (निविदा सूचना) का विज्ञापन दैनिक जागर रीवा के दि. 18/04/2025 को पेंज नं. 4 पर प्रकाशित हुआ है। जिसमे भूलवश कार्य का नाम कालम में Eira Vehlck छप गया है। जबकि सही Fire Vehicle है। अत: Eire Vehlck के स्थान पर सुधार कर Fire Vehicle पढ़ा जाय शेष शर्तें यथावत रहेंगी। असुविधा के लिये खेद है।

(वि.प्र.)

# ऐप से राशन के पात्र हितग्राही खुद कर सकते हैं ई-केवायसी

**रीवा।** पीडीएस अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों से राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने के लिए 9 से 30 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। हितग्राहियों के लिए मोबाइल फोन पर ई-केवायसी की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है। इसके लिए मेरा ई-केवायसी ऐप प्रदेश में लांच किया गया है। इस ऐप के माध्यम से राशन लेने वाल हितग्राही किसी भी एन्ड्राइड मोबाइल फोन से अपना और अपने परिजन का आधार नम्बर ओटीपी दर्ज करके घर बैठे ई-केवायसी कर सकते हैं।

## कार्यालय, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रीवा म.प्र.

### खुली निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/115/स्टोर/2025 दिनांक 17/04/2025

प्राचार्य शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा द्वारा निम्नलिखित मदो हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक निविदाकार महाविद्यालय के स्टोर शाखा से सम्पर्क कर विस्तृत विवरण प्राप्त कर सकते हैं। उक्त जानकारी वेवसाइट में m.p.higher education portal पर देखी जा सकती है। निविदा दिनांक 08.05.2025 अपरान्ह 05:00 बजे तक स्वीकार्य की जाएगी।

| क्र. | समग्री का विवरण एवं मरम्मत |
|---|---|
| 1 | पीतल/फाइबर/डिजिटल बोर्ड जिसमें पीतल की पट्टी लगी हो |
| 2 | 30मी. उँची स्टील पाइप में तिरंगे झण्डे का इंस्टॉलेशन (खम्भे में झण्डा लगाकर निर्माण कार्य फिनिश करने तक |
| 3 | इन्वर्टर बैटरी/ए.सी. रिपेयरिंग/फिज/मिक्सी/माइक्रोवेव, कूलिंग उपकरण रिपेयरिंग एवं सामग्री क्रय |
| 4 | सी.सी.टी.वी. कैमरा रिपेयरिंग एवं संबंधित सामग्री के आपूर्ति हेतु |
| 5 | इलेक्ट्रानिक सामग्री एवं रिपेयरिंग कार्य / इलेक्ट्रिकल रिपेयरिंग कार्य एवं सामग्री क्रय |
| 6 | कारपेंटर, दरवाजा, खिड़की रिपेयरिंग का कार्य एवं सामग्री क्रय |
| 7 | प्लंबिंग मटेरियल रिपेयरिंग एवं क्रय |
| 8 | वाटर आरओ, प्लांट एवं आरओ से संबंधित सामग्री के क्रय एवं रिपेयरिंग का कार्य |
| 9 | फ्लैक्स/बैनर/विनायल/पोस्टर/प्रपत्र एवं मीडिया/ प्रचार संबंधी कार्य, अलग-अलग आकार में क्रय |
| 10 | महाविद्यालय में आयोजित होने वाले सेमिनार/वर्कशाप/विशेष व्याख्यान आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं सेवा। |
| 11 | महाविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में फोटो एवं वीडियोग्राफी का कार्य/करिज्ग एवं एलबम क्रय |
| 12 | नोटिस बोर्ड/दीवारों पर पेंट द्वारा लिखावट का कार्य/बोर्ड एवं नेम प्लेट मेटल क्रय |
| 13 | महाविद्यालय के सभी गार्डन के रख-रखाव / मौसमी पुष्पीय पौधे लगाने का कार्य / औषधीय पौधे क्रय |
| 14 | कम्प्यूटर लैब फर्नीचर निर्माण कार्य |
| 15 | रेडक्रास / एन.सी.सी./एन.एस.एस. से संबंधित सामग्री क्रय |
| 16 | खेल संबंधी सामग्री व पुरस्कार से संबंधित सामग्री हेतु |
| 17 | महाविद्यालय में वार्षिक अंकेक्षण एवं वित्तीय विवरण हेतु |
| 18 | महाविद्यालय भवन मरम्मत कार्य |
| 19 | टेन्ट से संबंधित सामग्री |
| 20 | भोजन / नाश्ता सामग्री |
| 21 | दीवार की पोताई /पोट्टी सहित पुताई/पेंट पुताई/लिखावट |
| 22 | प्रिंटर एवं प्रोजेक्टर, कम्प्यूटर यूपी.एस, फोटो कॉपी एवं वीडियो ग्राफी, फोटो ग्राफी, वीडियो कैमरा क्रय एवं रिपेयरिंग |
| 23 | फर्नीचर क्रय स्टील/लकड़ी/फाइवर |
| 24 | महाविद्यालय में आयकर वित्तीय विवरण हेतु |
| 25 | बायोमैट्रिक/फोटो फेसिंग की मशीन क्रय एवं रिपेयरिंग |
| 26 | पोरियम/साउण्ड सिस्टम सेट क्रय एवं सरम्मत |
| 27 | मेटल/मारबल मूर्तियों का क्रय |
| 28 | क्यूओर, कोड बनाने का कार्य |
| 29 | वाड/स्टील फेमिंग फैसिंग/पोल/चैन सहित लोहे की जाली फैसिंग बाड़ के लिए सामग्री क्रय/निकल स्टील कार्य |
| 30 | गार्डेन में सीमेन्ट/लोहे की बैठक चेयर/टीन शेड/प्लास्टिक शेड सामग्री क्रय |
| 31 | पर्दा, झण्डा, डोरमेट, कारपेट, डस्टविन, डस्टविन स्टैण्ड, क्राकरी आदि सामग्री क्रय |
| 32 | प्लास्टिक/सीमेन्ट स्टैण्ड सहित गमला क्रय |
| 33 | सोफा/स्टील आलमारी/मूविंग चेयर/टेबिल/स्टूल आदि सामग्री क्रय/स्टील की कुर्सियां और बेंच स्टील 3 सीटर सहित |
| 34 | इन्टरनेट से संबंधित समस्त सामग्री क्रय |
| 35 | घड़ी/ग्रास कटर/लेवलिंग मशीन 'गार्डन कैची एवं गार्डन से संबंधित समस्त सामग्री क्रय |
| 36 | मोटर पम्प 01 एच.पी. क्रय एवं रिपेयरिंग |
| 37 | बास्केटबाल/बैडमिंटन/बॉलीबॉल मैदान निर्माण एवं रागतलीकरण |
| 38 | पार्टीशन हेतु ग्लास एवं एल्युमीनियम फ्रेम, विथ ग्लास सहित |

प्राचार्य
शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रीवा ( म.प्र. )

## अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/परि0/2025/12 रीवा, दिनांक 17/04/2025

### संक्षिप्त निविदा

विश्वविद्यालय को प्रशासनिक/परीक्षा/गोपनीय कार्य एवं समय-समय पर होने वाले आयोजनों के लिए विभिन्न प्रकार की चार पहिया वाहनों की किराये पर आवश्यकता है, जिसके लिए इच्छुक पंजीकृत फर्म/ट्रेवल्स एजेन्सियों को किराये की दरें, शर्तें, टैक्सी प्रमाण-पत्र एवं अमानत राशि रूपये 10,000/- (दस हजार) जमा करना होगा एवं प्रतिदिन किराया रूपये साथ ही अन्य अभिलेखों की छायाप्रति सहित चपड़ा सील बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षर कर्ता के नाम दिनांक 09.05.2025 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक विश्वविद्यालय के प्रशासन विभाग में जमा करना आवश्यक होगा एवं दिनांक 14.05.2025 को निविदायें खोली जावेगी।

| वाहन का नाम/विवरण | दरे ईधन सहित | बिना ईधन |
|---|---|---|
| | प्रति किलोमीटर प्रतिदिन/प्रतिमाह | प्रतिदिन/प्रतिमाह |
| स्कार्पियों, टाटा सफारी, इण्डिगो, इण्डिका, बोलेरो जीप, इनोवा, इक्सयूबी, मार्सल जीप | | |

कुलसचिव

## लेकसिटी हॉस्पिटल

बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
LAKECITY HOSPITAL CARING PARTNERS
e-mail: lakecityhospital@gmail.com | www.lakecityhospital.net
www.youtube.com/dranandjayantkale
+91 9111933376, +91 95229 69980
जले मरीजों के विकृतियों (contracture) जैसे हाथों की उंगलियों का टेढ़ापन, अंगूठे का चिपकना, कलाई में विकृति, कोहनी का चिपकना, कंधे का चिपकना, गर्दन का चिपकना, पैरों की उंगलियों के विकार, टखने का चिपकना, घुटने का चिपकना, इत्यादि के ऑपरेशन/प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस.,एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
जन्मजात कटे होंठ तालू के मुफ्त ऑपरेशन
Smiletrain योजना के अंतर्गत 3000 से ज्यादा सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं
जन्म से कटे होंठ और कटे तालु के मुफ्त ऑपरेशन
● जले मरीजों का इलाज मुफ्त
● जले मरीजों के विकार, विकृतियों के आपरेशन मुफ्त
ReSurge INTERNATIONAL
जले मरीजों के विकारों के आपरेशन मुफ्त ऑपरेशन
जले मरीजों के विकार विकृतियों के चिन्हित ऑपरेशन रीसर्ज के अंतर्गत नि:शुल्क किए जा रहे हैं

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## आवश्यकता है

आफिस कार्य हेतु महिलाओं एवं युवतियों की योग्यता 10 , 12 मान्य सैलरी 5000 कमीशन के साथ 10,000-15000 महीना कमाए। शीघ्र संपर्क करें।
8827300943, 8349969546

RN 82059 (24/4)

# पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में विजेता टीम ओरछा और खजुराहो की करेगी सैर, प्राचार्य ने दिखाई हरी झंडी

**जागरण, रीवा।** मप्र पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित पर्यटन क्विज प्रतियोगिता की विजेता टीमों को भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर आयोजन के नोडल अधिकारी पीके स्कूल प्राचार्य वरुणेन्द्र प्रताप सिंह ने रवाना किया।

आपको बता दें कि पर्यटन क्विज प्रतियोगिता प्रतिवर्ष कलेक्टर की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से मप्र पर्यटन विभाग आयोजित करता है। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश में पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, प्राकृतिक, पुरातात्विक एवं पर्यावरण संबंधी विशिष्टताओं के प्रति जागरुकता और ज्ञानवर्धन प्रदान करना है। शासकीय पीके कन्या सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य इस आयोजन के नोडल अधिकारी हैं। दीप नारायण तिवारी क्विज मास्टर के रूप



में नियुक्त किए गए थे। प्रतियोगिता में प्रथम चरण का आयोजन शासकीय प्रवीण कुमारी सीएम राइज स्कूल में और द्वितीय चरण का आयोजन मोहन सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया। प्रथम चरण के लिए भ्रमण के लिए सेंट्रल एकेडमी रीवा, उत्कृष्ट मार्तण्ड स्कूल क्रमांक 1 और ज्ञानस्थली विद्यालय रीवा का चयन किया गया था। पर्यटन विभाग ने उपलब्ध कराए गए वाहनों से छात्रों के दल को ओरछा तथा खजुराहो में तीन दिन और दो रात के लिए रवाना किया गया है। क्विज मास्टर दीपनारायण तिवारी ने बताया कि पर्यटन विभाग के रिसोर्ट में सफल प्रतिभागियों को रुकने की व्यवस्था रहेगी। उन्हें महत्वपूर्ण चिन्हित स्थलों पर भ्रमण कराया जाएगा। छात्रों के साथ उत्कृष्ट विद्यालय से आरएन तिवारी, सेंट्रेल एकेडमी से रमाकांत सिंह परिहार मार्गदर्शक शिक्षक के रूप में मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर रामकैलाश गुप्ता, भूपेन्द्र वर्मा,दीप नारायण तिवारी, प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी, अखिलेश शुक्ला सहित संस्था के वरिष्ठ शिक्षक मौजूद रहे।

# डाकघर ने डेजी पब्लिक स्कूल में लगाया शिविर



**रीवा।** डेजी पब्लिक स्कूल में डाक विभाग ने डाक शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में डाक विभाग के विकास अधिकारी समीर खान मौजूद रहे। उन्होंने शिविर में जानकारी दी कि भारत सरकार डाक विभाग, सुकन्या समृद्धि खाता निवेश का माध्यम नहीं बल्कि बालिकाओं के उज्ज्वल व समृद्ध भविष्य को सुनिश्चित करने वाली है। अधिक सुदृढ़ता के साथ इस योजना का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष इसका सामाजिक आयाम है। इससे जमा धनराशि बेटियों के लिए ही होगी और भविष्य में उनकी शिक्षा, कॅरियर और विवाह के काम आएगी। बेटियों की समृद्धि व खुशहाली में देशव समाज का भविष्य टिका हुआ है। बालिकाओं के उत्थान से ही राष्ट्र का निर्माण होगा। विद्याय को सम्पूर्ण सुकन्या विद्यालय बनाने का शिविर में संकल्प लिया गया। समीर खान ने बताया कि डाक विभाग जीवन बीमा के क्षेत्र में भी लंबे समय से कार्यरत है। जीवन बीमा आज के दौर की एक अनिवार्य आवश्यकता है। डाक विभाग विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से सुदूर क्षेत्र में रह रहे लोगों को भी बीमित करने के लिए संकल्पित है। निदेश की सुरक्षा पर सरकार की गारंटी धारा 80 के तहत आयकर में दूट, कम प्रीमियम व अधिक बोनस, पॉलिसी पर लोन की सुविधा, ऑनलाइन प्रीमियम जमा करने की सुविधा, देश के किसी भी डाकघर में प्रीमियम जमा करने की सुविधा, अग्रिम प्रीमियम पर छूट दी जाती है। कैम्प में विद्यालय के संचालक बलबीर सिंह, विद्यालय की प्राचार्य साधना पाण्डेय, शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# सीएम राइजः पहले 1, फिर दो फिर तीन किमी की दूरी वालों को मिलेगा प्रवेश

### लोक शिक्षण संचालनालय की नई गाइडलाइन से अभिभावक निराशन, प्राइवेट स्कूलों के छात्रों को भी मिलेगा मौका



**जागरण,रीवा**

अपने बच्चों का एडमीशन सीएम राइज स्कूल में कराने का सपना देख रहे अभिभावकों को लोक शिक्षण संचालनालय की नई गाइडलाइन ने एक जोरदार झटका देने का काम किया है। दरअसल अब इन सीएम राइज स्कूल में 3 किमी तक के दायरे में आने वाले बच्चों को ही एडमीशन मिल सकेगा। लंबे समय से सीएम राइज स्कूल में अपने बच्चों का प्रवेश कराने का इंतजार कर रहे अभिभावकों में प्रदेश शासन की नई गाइडलाइन से मायूसी है। गौरतलब है कि प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर शासन द्वारा सीएम राइज स्कूल की शुरुआत की योजना आज से करीब 3 साल पहले बनाई गई थी, जिसमें कहा गया था कि इन स्कूलों में वे तमाम सुविधाएं मिल सकेंगी जो किसी बड़े से बड़े प्राइवेट स्कूल में मिलती हैं। प्रशिक्षित स्टाफ, स्कूल लाने ले जाने के लिए बस सुविधा, कम्प्यूटर, बड़ा खेल मैदान, खेल गतिविधियों की सुविधाओं के साथ कई अन्य सुविधाएं इन सीएम राइज स्कूलों में दी जाने की बात कही गई थी। इन स्कूलों का संचालन विशेष रूप से उन अभिभावकों के बच्चों के लिए किए जाने की बात कही गई थी जो अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में नहीं पढ़ा सकते हैं।

### टूट गया सपना

सीएम राइज स्कूल संचालन की शुरुआत के समय इन स्कूलों में एडमीशन से जुड़ी कोई बाध्यता नहीं थी। कोई भी अभिभावक इन स्कूलों में अपने बच्चे का एडमीशन करा सकता था, चाहे घर से स्कूल की दूरी कितनी भी क्यों न हो। यदि आने-जाने के लिए अभिभावकों के पास वाहन सुविधा नहीं है तो ऐसे बच्चों को घर से स्कूल छोड़ने और स्कूल से घर छोड़ने के लिए बस की सुविधा देने की बात कही गई थी लेकिन अब जब एक-एक करके सीएम राइज स्कूल भवनों का निर्माण पूरा होता जा रहा है तो शासन के नये नियमों ने उन अभिभावकों को एक जोर का झटका दिया है, जिनके बच्चे किसी सरकारी स्कूल में पढ़ रहे थे और उनके अभिभावकों ने लंबे समय से अपने बच्चे का एडमीशन सीएम राइज स्कूल में कराने का सपना संजोए हुआ था।

### निजी स्कूलों के बच्चों को भी मिल सकता है लाभ

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी गाइडलाइन में कहा है कि प्रवेश में पहले सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बाद यदि सीट खाली रहती है, तो निजी स्कूलों के बच्चों को प्रवेश का मौका मिल सकता है। यही वजह है कि नई गाइडलाइन से अधिकांश अभिभावकों में मायूसी देखी जा रही है। रिक्त सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर शासन के निर्देशानुसार 25 अप्रैल को दोपहर 1 बजे प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थियों का चयन लॉटरी के माध्यम से होगा।

### धीरे-धीरे बढ़ाई जाएगी दूरी

जानकारी के अनुसार प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर शुरू किए गए सर्वसुविधायुक्त सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश के लिए नई गाइडलाइन जारी की गई है। जिसके तहत अब सीएम राइज स्कूल से अधिकतम 3 किमी के दायरे में रहने वाले विद्यार्थियों को ही प्रवेश मिलेगा। साथ ही सरकारी स्कूलों के बच्चों को ही प्रदेश में प्राथमिकता दी जाएगी। पहले चरण में सिर्फ उन्हीं बच्चों को एडमिशन मिलेगा, जो सीएम राइज स्कूल के एक किमी की परिधि में रहते हों या फिर पढ़ते हों। इसके बाद दो किमी और फिर 3 किमी की परिधि वाले छात्रों को सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। अभिभावकों का कहना है कि ऐसे में दूर-दराज में रहने वाले बच्चों का एडमिशन होना मुश्किल हो जाएगा। उनकी बारी आने तक स्कूल की सीट फुल हो जाएंगी।

# जनसंपर्क की पूरी टीम हर वक्त काम करती है



### एमसीयू में मनाया गया राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस

**जागरण, रीवा।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय रीवा परिसर द्वारा राष्ट्रीय जनसंपर्क मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस हर वर्ष 21 अप्रैल को मनाया जाता है। राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर प्रकाश डालते हुए परिसर निदेशक डॉ. संदीप भट्ट ने कहा कि जनसंपर्क एक ऐसा माध्यम है जो किसी संस्थान,संगठन के प्रति जनमानस के बीच विश्वास बनाने, प्रतिष्ठा प्रबंधन करने और पारदर्शिता बनाए रखने में मदद करता है। जनसंपर्क का क्षेत्र आज बहुत विस्तृत हो चुका है । उन्होंने कहा कि यह दिन जनसंपर्क पेशेवरों के लिए बहुत खास है। डॉ भट्ट ने कहा कि जनसंपर्क पेशेवर अधिकारी होते हैं और वे अपने संगठन की आंख और कान भी होते हैं। उनका मुख्य कार्य अपने संगठन के कार्यों, नीतियों, योजनाओं को आम जनता तक पंहुचाना है। जनसंपर्क की पूरी टीम हर वक्त काम करती है और उसके काम से उनके संस्थान की पहचान और मजबूत बनती है। राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के इस अवसर पर विवि के शिक्षक डॉ विनोद दुबे, प्रदीप शुक्ला, डॉ सुनीत तिवारी, डॉ अजीत मिश्रा दीपेश सिंह, सुधांश मिश्रा, डॉ प्रवेश, आदि सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने भी और छात्रों ने अपनी राय व्यक्त की।

**स्कूल शिक्षा विभाग में ऑनलाइन अटेंडेंस का ट्रायल शुरू**

# अब सुबह 7.30 बजे पहुंचना होगा और 1.30 बजे तक रुकना पड़ेगा

### सुबह की पाली दोपहर 1.30 बजे तक चलेगी, तभी ड्यूटी होगी पूरी




**जागरण, रीवा।** सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की आने जाने की मनमानी नहीं चलेगी। सुबह समय पर आना और समय पर जाना होगा। ऑनलाइन अटेंडेंस का ट्रायल शुरू हो गया है। दोपहर में 12.30बजे स्कूल की छुट्टियों के साथ ही शिक्षक भी चले जाते थे लेकिन अब उन्हें डेढ़ बजे तक रुकना होगा। 1.30 बजे ही एप अटेंडेंस स्वीकार करेगा, वर्ना शार्ट अटेंडेंस मानी जाएगी।

स्कूल शिक्षा विभाग में ऑनलाइन अटेंडेंस जुलाई से अनिवार्य होगा लेकिन इसी महीने से इसका ट्रायल शुरू हो गया है। शिक्षकों को ऑनलाइन अटेंडेंस अनिवाय किया गया है। इसेक आदेश सभी प्राचार्यों को दिए गए हैं। ऑनलाइन अटेंडेंस के लागू होने से शिक्षकों के सामने समय की बाध्यता सबसे बड़ी चुनौती होगी। अभी तक शिक्षक स्कूलों में मनमानी समय पर आते थे। वहीं समय से पहले चले जाते थे। अब यह नहीं चलेगा। दूसरे शिक्षकों के पास अटेंडेंस के लिए अपना मोबाइल छोड़ने की चालाकी भी नहीं चलेगी। इस नए एप में फेस डिटेक्टर भी होगा। फेस के सामने ही अटेंडेंस लगानी होगी। जीपीएस से लोकेशन ट्रेस होगा। स्कूल के लोकेशन से दूर होकर अटेंडेंस लगाने पर चोरी पकड़ी जाएगी। स्कूल के लोकेशन में ही पहुंच कर अटेंडेंस स्वीकार होगा।

### डेढ़ बजे तक शिक्षकों को रुकना होगा

इस ऑनलाइन अटेंडेंस व्यवस्था में शिक्षकों की परेशानी बढ़ जाएगी। अभी पहली पाली का विद्यालय 12 से 12.30 बजे तक ही संचालित होते थे। बच्चों की छुट्टियां होते ही शिक्षक भी चले जाते थे। जिन स्कूलों में दो पालियों में कक्षाएं संचालित होती थी। वहां 12 बजे के बाद दूसरी पाली के शिक्षक और छात्र पहुंच जाते थे। ऐसे में ऑनलाइन अटेंडेंस लागू होने के बाद पहली पाली के शिक्षकों को भी डेढ़ बजे तक स्कूलों में ही रुकना होगा। पहली पाली का समय 1.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। सभी शिक्षकों को स्कूलों में रुक कर स्कूल के कार्यों को पूरा करना होगा।

# खंडहर बना आंगनवाड़ी भवन, स्कूल के कक्ष में किया जा रहा संचालन



**रीवा।** ग्राम जेरुका में स्थित आंगनवाड़ी भवन पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो चुका है, लेकिन नवीन भवन के लिए फिलहाल कोई पहल नहीं की जा रही। ग्रामवासियों ने बताया कि आंगनवाड़ी भवन काफी पुराना हो चुका है, बनने के बाद से ही इसकी मरम्मत करते कभी नहीं देखा गया। वर्षाकाल के दौरान भवन के अंदर पानी भर गया था, पहले ही खंडहर हो चुके भवन में ग्रामीण अपने बच्चों को भेजने से कतराने लगे थे, जिसके चलते फिलहाल आंगनवाड़ी का संचालन समीप स्थित स्कूल भवन के कक्ष में किया जा रहा है, लेकिन नियमित शाला संचालन के दौरान स्कूल को कक्ष की आवश्यकता पड़ने पर आंगनवाड़ी का संचालन बंद करवाना पड़ सकता है। यदि ऐसा होता है तो महिला एवं बाल विकास के पास नवीन भवन का विकल्प नहीं है।

# प्राथमिक सहायता में व्यावहारिक पक्षों की दी जानकारी

### मॉडल साइंस कॉलेज में आठ दिवसीय फर्स्ट-एड प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ




**रीवा।** शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में सोमवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आठ दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट-एड) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित, सटीक और प्रभावी प्राथमिक उपचार प्रदान करने हेतु प्रशिक्षित करना है, जिससे वे किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्परता से सहायता कर सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की डॉ. आरती सक्सेना की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर डॉ. संजीव दुबे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने की प्रेरणा दी। मंच संचालन डॉ. प्रदीप पटेल द्वारा किया गया। प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व कर रहे मुख्य वक्ता डॉ. जगजीवन प्रसाद पांडे, जो प्राथमिक चिकित्सा के विषय विशेषज्ञ हैं, ने विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की आपातकालीन परिस्थितियों में किए जाने वाले प्राथमिक उपचार उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सीपीआर (कृत्रिम श्वसन), रक्तस्राव, जलने, मूर्छा और हड्डी टूटने जैसी परिस्थितियों में दी जाने वाली प्राथमिक सहायता के व्यावहारिक पक्षों पर भी प्रकाश डाला। अशोक श्रीवास्तव प्रभारी जिला रेडक्रॉस सोसाइटी ने रेडक्रॉस की सेवाओं और मानवीय सहायता के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को स्वयंसेवा की भावना अपनाने का आह्वान किया। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. शालिनी कुंदर, डॉ. बल महेन्द्र प्रजापति, डॉ. सुलभा सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। उन्होंने अपने संदेशों में छात्रों को सेवा भावना एवं स्वास्थ्य जागरुकता की दिशा में जागरूक बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह प्रशिक्षण आगामी सात दिनों तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

# दिव्यांग केन्द्र में प्रवेश के लिए आवेदन 27 अप्रैल तक

**रीवा।** सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। इस केन्द्र में एक अप्रैल से शिक्षण और प्रशिक्षण का नया सत्र आरंभ हो गया है। प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश के लिए मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के अभिभावक 27 अप्रैल को शाम 4 बजे तक आवेदन पत्र प्रशिक्षण केन्द्र एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र के सामने उपवन नगर बोदाबाग रीवा में जमा कर सकते हैं। इस संबंध में दिव्यांग केन्द्र के अधीक्षक ने बताया कि प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश के लिए साक्षात्कार 29 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से चयन समिति द्वारा लिया जाएगा। इसमें भाग लेने के लिए बच्चे की उम्र 6 से 12 वर्ष के बीच होना तथा जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मानसिक दिव्यांगता का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। दिव्यांगता प्रमाण पत्र में दिव्यांगता 40 प्रतिशत से अधिक होना अनिवार्य है। बच्चे को कोई संक्रामक रोग न हो तथा बच्चा शौच संबंधी क्रियाएं संपन्न करने में सक्षम हो। आवेदन पत्र के साथ राशन कार्ड, आधार कार्ड, समग्र आईडी, परिवार आईडी, मोबाइल नम्बर, बैंक खाता नम्बर, यूडीआईडी कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा दिव्यांग पेंशन संबंधी जानकारी देना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ तीन पासपोर्ट आकार के फोटो तथा जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। प्रशिक्षण केन्द्र में बच्चे का प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है। चयन होने के बाद विद्यार्थी को निःशक्तजन प्रशिक्षण केन्द्र में रहने, भोजन, उपचार, खेलकूद सामग्री तथा मनोरंजन की सामग्री निःशुल्क दी जाएगी। स्थान सीमित होने के कारण बालिकाओं के लिए छात्रावास की व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ मोबाइल नम्बर 9893925290, 9039416654 तथा 9179212330 पर प्राप्त की जा सकती हैं।

# निजी स्कूलों में आरटीई के तहत जल्द शुरू होंगे छात्रों के एडमिशन

### राज्य शिक्षा केंद्र ने जिलों को दिए तैयारियों को निर्देश, कमजोर तबके के बच्चों को मिलेगा लाभ




**जागरण,रीवा।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के जल्द प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने जिलों को निर्देश जारी कर दिए हैं। जिसमें आरटीई पोर्टल पर स्कूल की जानकारी की जांच और आवेदनों के सत्यापन के लिए नामांकन आदेश जारी करने के लिए कहा गया है। जानकारी के मुताबिक निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धरा 12(1)(सी) के अंतर्गत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय स्कूलों में वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को कक्षा पहली या प्री-स्कूल की प्रथम प्रवेशित कक्षा में न्यूनतम 25 सीटों पर निःशुल्क प्रवेश दिलाया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए इस बार अभी तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं की गई थी, जिससे वंचित और कमजोर वर्ग के अभिभावकों में निराशा थी लेकिन उनके लिए अब खुशखबरी आने वाली है। राज्य शिक्षा केंद्र ने आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने से पहले जिलों को तैयारियों के निर्देश दिए है, जिससे जल्द की आरटीई में बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**इसलिए हुई इस सत्र में देरी :** हर सत्र में फरवरी माह से ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी जाती थी लेकिन इस सत्र में अप्रैल का एक पखवाड़ा बीतने के बाद प्रवेश प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन की डेट आने वाली है, इसके पीछे वजह है कि इस बार प्राइवेट स्कूलों को मान्यता के लिए शासन ने कई मौके दिए हैं। इसके बाद भी कई प्राइवेट स्कूल में मान्यता नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया गया। मान्यता नवीनीकरण के लिए बार-बार टाइम बढ़ाने से आरटीई में प्रवेश प्रक्रिया देरी से शुरू हो पा रही है।

### यह दस्तावेज जरूरी

वंचित और कमजोर वर्ग के बच्चों को आरटीई में प्रवेश के लिए प्रक्रिया के लिए आधार कार्ड, समग्र आईडी, बीपीएल कार्ड, जाति प्रमाणपत्र और मूल निवासी प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान दस्तावेज में बच्चों के नाम में त्रुटि और एक सा नाम नहीं होने की भी समस्या आती है। जिससे निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन ऑनलाइन नहीं हो पाते हैं। प्रवेश प्रक्रिया के पहले सभी दस्तावेज में बच्चों का एक जैसा नाम होना जरूरी है।

# वनस्थली स्कूल में पूल पार्टी बच्चों ने जमकर की मस्ती

**रीवा।** वनस्थली स्कूल में साप्ताहिक दिनों मे पूल पार्टी का आयोजन हुआ। इस सप्ताह मे कक्षा नर्सरी से यू के जी के समस्त बच्चों ने भागीदारी की। इसमें छात्रों ने तैराकी के साथ जमकर मस्ती की। पूल में बच्चों ने बटरफलाई, फ्री स्टाइल स्वमिंग का अद्भुत प्रदर्शन किया। समर डे की इस एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों ने खूब मस्ती की एवं शरीर को ठंडा रखने वाले जूस एवं फलों का आनन्द लिया। पूल पार्टी मे डांस टीचर संजय सिंह ने बच्चों से डांस करवाये। पानी के पूल टब में बच्चों ने जम कर मस्ती की। इस सप्ताह बच्चों ने विभिन्न प्रकार के फलों के सेवन से होने वाले लाभों को जाना के किस तरह आप तेज़ गर्मी से अपने आपको बचा सकते हैं और कैसे अपनी इम्युनिटी फलों से बढ़ा सकते हैं। विद्यालय डायरेक्टर मनोज तिवारी ने बच्चों को सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरणा देते कहा कि शिक्षा को बोझ न समझें, आनंद के साथ पढ़ाई पर ध्यान दें। प्रधानाचार्य दीप्ती अग्रवाल ने कहा कि तैराकी एक बहुत अच्छा व्यायाम है। रोजाना तैराकी



करने से शरीर स्वस्थ रहता है। बच्चों को ऐसे खेलों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चों के चहुमुंखी विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम जरूरी हैं।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## उच्च शिक्षा की हालत बेहद चिंताजनक

राज्य की शिक्षा व्यवस्था की हालत इन दिनों एक बेहद चिंताजनक मोड़ पर पहुंच चुकी है। यह किसी विरोधी दल का आरोप नहीं, बल्कि आंकड़ों की जुबानी सच्चाई है। प्रदेश के 573 शासकीय कॉलेजों में से केवल 14 में नियमित प्राचार्य हैं, बाकी 559 कॉलेज प्रभारियों के हवाले छोड़ दिए गए हैं।

शिक्षकों की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। 13,281 स्वीकृत पदों में से मात्र 6,263 पदों पर ही प्रोफेसर कार्यरत हैं, यानी लगभग आधे से अधिक पद रिक्त पड़े हैं। यह आंकड़े सिर्फ प्रशासनिक अक्षमता की ओर नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति राज्य की उदासीनता की ओर भी इशारा करते हैं। क्या शिक्षा, जिसे हम राष्ट्र निर्माण की नींव कहते हैं, इतनी उपेक्षा की पात्र बन गई है? चौंकाने वाली बात यह भी है कि कुछ कॉलेज तो ऐसे हैं जिन्हें खोला तो गया है, लेकिन वहां छात्र ही नहीं हैं। इन कॉलेजों का अस्तित्व मात्र उद्घाटन के औपचारिक उत्सव तक सीमित रह गया है। न तो इनमें शिक्षण की प्रक्रिया सुचारु रूप से हो पा रही है और न ही छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सकी। सवाल यह उठता है कि जब न तो शिक्षक हैं, न प्राचार्य और न छात्र, तो फिर इन संस्थानों को बनाए रखने का औचित्य क्या है? शिक्षा व्यवस्था किसी भी समाज की रीढ़ होती है। यदि रीढ़ ही कमजोर हो जाए, तो उस समाज का भविष्य कितना स्थिर और समृद्ध हो सकता है, इसका अनुमान लगाना कठिन नहीं है। कॉलेजों में नेतृत्व के अभाव में शैक्षणिक गुणवत्ता तो प्रभावित होती ही है, साथ ही प्रशासनिक अव्यवस्था भी फैलती है। बिना प्राचार्य के कॉलेज किसी बिना कप्तान के जहाज जैसे हैं, जो अनिश्चित दिशा में बहते जा रहे हैं।

> शिक्षा व्यवस्था किसी भी समाज की रीढ़ होती है। यदि रीढ़ ही कमजोर हो जाए, तो उस समाज का भविष्य कितना स्थिर और समृद्ध हो सकता है, इसका अनुमान लगाना कठिन नहीं है।

सरकार अक्सर अपने विकास कार्यों की बात करती है, लेकिन शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्र में यह लापरवाही किसी भी दृष्टिकोण से स्वीकार्य नहीं हो सकती। यह महज आंकड़ों की बात नहीं है, यह उन हजारों विद्यार्थियों के भविष्य का प्रश्न है जो इन संस्थानों में पढ़ने आते हैं, यह उन परिवारों की चिंता है जो शिक्षा को अपनी सामाजिक प्रगति का साधन मानते हैं।

अब समय आ गया है कि राज्य सरकार अपनी प्राथमिकताओं की पुनर्समीक्षा करे। शिक्षकों की नियुक्तियों को प्राथमिकता दी जाए, प्राचार्यों की नियुक्ति शीघ्र की जाए, और शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सिर्फ उद्घाटन समारोहों तक सीमित न रखा जाए। अगर आज यह संकट नहीं सुलझाया गया, तो कल यही संकट एक पीढ़ी के सपनों को तोड़ने का कारक बन जाएगा। शिक्षा के प्रति यह उपेक्षा किसी भी प्रगतिशील समाज के लिए शुभ संकेत नहीं। यह मात्र सुधार की नहीं, बल्कि एक गहन नीतिगत पुनर्विचार की मांग करता है। शिक्षा को बोझ नहीं, भविष्य मानिए-क्योंकि खोए हुए अवसर दोबारा नहीं लौटते।

## टैरिफ के अबूझ गणित और ट्रंपोनॉमिक्स के बीच फंसी दुनिया

वैश्विक अर्थव्यवस्था




> अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए ट्रंप समय को पीछे ले जाना चाहते हैं, लेकिन आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था कहीं अधिक जटिल है। वह अपने उद्देश्य में सफल होते हैं या नहीं? यह तो समय ही बताएगा। फिलहाल दुनिया टैरिफ के अबूझ अर्थशास्त्रीय गणित और सार्वजनिक चिंताओं के बीच फंसी हुई है।

शंकर अय्यर

इतिहास घटनाओं से निर्धारित होता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ट्रंप 2.0 के तहत टैरिफ ने परिचितों को भी अनजान बना दिया है। यह कुछ अर्थों में वैश्वीकरण का अंत और अनिश्चितता की शुरुआत है। स्टैंजास फ्रॉम द ग्रांडे चार्ट्रूज गीत में मैथ्यू अर्नोल्ड के शब्दों को संक्षेप में कहें, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था दो दुनियाओं के बीच भटक रही है, एक मृत और दूसरी अभी पैदा होने वाली है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फिर से अमेरिका को महान बनाने के नारे के साथ सत्ता में आए। उन्होंने कहा, 'अमेरिका को लूटा गया। अब हमारी बारी है।' ताकत के इस प्रदर्शन ने अमेरिका के दोस्तों एवं दुश्मनों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या इस पर भरोसा किया जा सकता है। उनका एकमात्र ध्यान 290 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के आकार का लाभ उठाकर अमेरिका को फिर से स्थापित करने के लिए सौदे करना रहा है, तो अब तक ट्रंपोनॉमिक्स का प्रदर्शन कैसा रहा है? मुद्रा की मजबूती, सॉवरेन बॉन्ड का मूल्य और बाजारों का प्रदर्शन ट्रंपोनॉमिक्स के प्रदर्शन के विश्वसनीय संकेतक हैं। 20 जनवरी को, डॉलर इंडेक्स, जो अमेरिकी मुद्रा की ताकत का प्रतीक है, 109.35 पर था, जो अमेरिकी असाधारणता को दर्शाता है। इस सप्ताह यह 99.64 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर अब अपने प्रमुख व्यापारिक साझेदारों-यूरो और येन की मुद्राओं के मुकाबले कमजोर है। बेंचमार्क एस एंड पी-500 बीते 21 जनवरी को 6,049 पर था, जो इस हफ्ते व्हाइट हाउस से सुलह के संकेत के बावजूद 5,405 पर आ गया। नैस्डैक 100, इसी अवधि में 21,566 से 12 प्रतिशत गिरकर 18,796 पर आ गया। बाजार विशेषज्ञ चिंतित हैं, क्योंकि शेयर और डॉलर में एक ही समय गिरावट दुर्लभ है। सूचकांकों में अचानक आई गिरावट खतरनाक रुख और टैरिफ नीति में उतार-चढ़ाव को दर्शाती है।

मसलन, चीन के लिए टैरिफ एक हफ्ते के भीतर 54 से 104 फीसदी और फिर 245 फीसदी तक पहुंच गया। हैरानी नहीं कि शी जिनपिंग प्रशासन, जिसने अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाकर 125 फीसदी कर दिया, ने ट्रंप का मजाक उड़ाया। वास्तव में, टैरिफ पर 90 दिनों की रोक और वस्तुओं के लिए मनमानी छूट ने धारणाओं को और खराब कर दिया है। ट्रंप का मानना है कि टैरिफ शब्दकोश का सबसे सुंदर शब्द है और उन्होंने इसे दुनिया से अमेरिकी जुड़ाव का केंद्र बिंदु बना दिया है। इसके पीछे की विचित्र धारणाओं और गणित ने व्यापार विशेषज्ञों को भ्रमित कर दिया है। जरा लेसोथो पर विचार कीजिए, जिसके बारे में ट्रंप ने कहा था कि वह अमेरिका पर 99 फीसदी शुल्क लगाता है, अब उस पर 50 फीसदी टैरिफ थोप दिया गया है। यह देश अमेरिका को लगभग 23.5 करोड़ डॉलर का सामान निर्यात करता है और मुश्किल से 28 लाख डॉलर का सामान आयात करता है। 23 लाख लोगों वाला यह छोटा-सा देश, जिसकी प्रति व्यक्ति आय 1,100 डॉलर है, इस असंतुलन को कैसे ठीक कर सकता है? अधिक खरीदकर या कम बेचकर? टैरिफ नीति के दृष्टिकोण (दोस्त और दुश्मन सब पर एक समान निशाना साधना) और इसके प्रभाव ने बाजारों और बाजार संचालकों को हिलाकर रख दिया है। निवेशकों को लिखे अपने वार्षिक पत्र में, जे पी मॉर्गन के सीईओ जेमी डिमन ने इसे इस प्रकार बताया- 'अमेरिका पहले स्थान पर होगा-लेकिन अगर वह अकेला है तो नहीं।' हेज फंड पर्शिंग स्क्वायर के सीईओ बिल एकमैन ने इस दृष्टिकोण की तुलना आर्थिक परमाणु युद्ध से की। एलन मस्क ने टैरिफ नीति के वास्तुशिल्पी पीटर नवारो को मूर्ख कहने के लिए एक्स का सहारा लिया। इन प्रतिक्रियाओं (जिसके कारण नए कर पर 90 दिन का विराम लगा) को प्रेरित करने वाला डर मुद्रा बाजारों के मैक्रो संकेतों से उत्पन्न हुआ है। परंपरागत रूप से, अनिश्चितता सुरक्षा की ओर पलायन को प्रेरित करती है। हाल तक पसंदीदा गंतव्य अमेरिकी ट्रेजरी बिल था, जिसके परिणामस्वरूप डॉलर मजबूत हुआ। दस साल का अमेरिकी ट्रेजरी पर विश्वास टूटता हुआ दिखाई दे रहा है। बॉन्ड की कीमतों में गिरावट के कारण उच्च प्रतिफल ब्याज दरों में वृद्धि और मंदी की संभावना का संकेत है। विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी टी-बिल से विदेशी निवेशकों के बाहर निकलने और निर्मित गिरावट के साजिश के बारे में चर्चा हो रही है। इस बीच, सोने की कीमत 2,708 डॉलर प्रति औंस (28.35 ग्राम) से बढ़कर 3,236 डॉलर से अधिक हो गई, जो विकास में व्यवधान के बारे में वैश्विक चिंताओं को दर्शाती है।

इस हफ्ते की शुरुआत में, सेवाओं के लिए आईएसएम क्रय प्रबंधक सूचकांक, वह क्षेत्र जो अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद का तीन-चौथाई हिस्सा है, नौ महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया। मिशिगन उपभोक्ता भावना सूचकांक 71 से अधिक से गिरकर 50.8 पर आ गया, जो उच्च कीमतों और बेरोजगारी की आशंकाओं से प्रेरित था। मिशिगन विश्वविद्यालय के एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि मुद्रास्फीति 6.7 प्रतिशत तक बढ़ गई है, जो अमेरिकी फेडरल रिजर्व के लक्ष्य से लगभग तीन गुना अधिक है और 1981 के बाद से सबसे अधिक है। स्पष्ट रूप से, अमेरिकी उपभोक्ता घोषणाओं और उनकी जेब पर पड़ने वाले प्रभावों से हिल गया है। टैरिफ नीतियां विश्वास खत्म कर रही हैं। दुनिया भर में, शेयर सूचकांक और मुद्रा बाजार में उथल-पुथल मची हुई है, मुद्रास्फीति बढ़ रही हैं और विकास अनुमान कम हो रहे हैं। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने इस हफ्ते चेतावनी दी कि अमेरिका के टैरिफ उपाय सुस्त विकास के समय वैश्विक दृष्टिकोण के लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम का प्रतिनिधित्व करते हैं।

नवारो ने जिसे 'वैश्विक रिकार्डियन रूढ़िवाद' कहा है, उसके खिलाफ आवाज उठाना बिल्कुल सही है। सच तो यह है कि यह अमेरिका ही था, जिसने इस रूढ़िवाद को स्थापित किया, क्योंकि उसके उद्यम पूंजी, तकनीक, नौकरियां और सामान निर्यात करते थे। ट्रंप समय को पीछे ले जाना चाहते हैं, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था आज कहीं ज्यादा जटिल और परस्पर निर्भर है -उदाहरण के लिए, आईफोन घटकों की आपूर्ति श्रृंखला 40 देशों में फैली हुई है। इतिहास के सबक मायने रखते हैं-1890 के विलियम मैककिनले के टैरिफ कानून ने '1893 के आतंक' और मंदी को जन्म दिया; 1930 के स्मूट-हॉले कानून ने अवसाद को और बढ़ा दिया। यह सच है कि ये शुरुआती दिन हैं व इससे डर और बढ़ जाता है। यह अनिश्चितता जितने लंबे समय तक चलेगी, वैश्विक गिरावट उतनी गहरी होगी। दुनिया व्यक्तिगत सनक और सार्वजनिक चिंताओं के बीच, एक नष्ट हो चुकी व्यवस्था तथा एक प्रत्यारोपित व्यवस्था के बीच फंसी हुई है।

## भारत-अमेरिका संबंधों की महत्वपूर्ण कड़ी उषा वेंस

अन्तर्राष्ट्रीय



> जेडी वेंस के उप राष्ट्रपति बनने के सफर में उषा का बहुत बड़ा योगदान है। वर्ष 2024 के रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में उषा ने ही पति का परिचय दिया था और उनके कठिन बचपन तथा संघर्षों के विषय में बताया था। अपने पति के राजनीतिक करियर में उषा ने न केवल व्यक्तिगत, बल्कि मानसिक समर्थन भी दिया है। सार्वजनिक मंचों पर जेडी वेंस के अभियानों को मजबूती दी है।

विनोद पाठक

अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपनी आत्मकथा हिलबिली एलिजी- ए मैमोरी ऑफ ए फैमिली एंड कल्चर इन क्राइसिस में पत्नी उषा वेंस को अपनी आध्यात्मिक मार्गदर्शिका बताया। यह तो सभी जानते हैं कि उषा वेंस की जड़ें भारत से जुड़ी हैं, लेकिन उनके व्यक्तित्व के विषय में बहुत अधिक जानकारी भारतीयों को नहीं है। अमेरिका की सेकंड लेडी उषा वेंस इन दिनों अपने पति और तीनों बच्चों के साथ भारत दौरे पर हैं। उषा एक सफल वकील हैं और हिंदू महिला के रूप में पहली अमेरिकन सेकंड लेडी भी बनी हैं। उनकी भारतीय संस्कृति में गहरी आस्था है और वो हिंदू रीति-रिवाज को मानती हैं।

उषा वेंस का परिवार मूलरूप से आंध्र प्रदेश का रहने वाला है। उनके पिता कृष्णा चिलुकुरी आईआईटी मद्रास से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद 1980 के दशक में अमेरिका चले गए थे। जहां वो सैन डिएगो स्टेट यूनिवर्सिटी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हो गए। उनकी मां लक्ष्मी चिलुकुरी भी मॉलिक्यूलर बॉयोलॉजी की प्रोफेसर रही हैं।

उषा के दादा राम शास्त्री चिलुकुरी आईआईटी मद्रास में भौतिक विज्ञान के पहले विभागाध्यक्ष रहे हैं। उनके नाम से आईआईटी मद्रास में छात्र पुरस्कार दिया जाता है। उषा वेंस के ब्राह्मण परिवार की जड़ें आंध्र प्रदेश के वड्डुरु गांव से जुड़ी हैं, जहां उनके पूर्वज संस्कृत के विद्वान थे।

उषा वेंस की दादी चिलुकुरी संथम्मा आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम के निजी विश्वविद्यालय में फिजिक्स पढ़ा चुकी हैं और उन्होंने भगवत गीता की अंग्रेजी व्याख्या लिखी है। उषा वेंस का पूरा परिवार भारतीय संस्कृति और शिक्षा के प्रति गहरी श्रद्धा रखता है। भारतीय परंपराओं के अनुसार की शादी

6 जनवरी 1986 को कैलिफोर्निया के सैन डिएगो काउंटी में जन्मी उषा वेंस ने इतिहास में स्नातक और दर्शनशास्त्र में एम.फिल किया है। उन्होंने येल लॉ कॉलेज से कानून की डिग्री प्राप्त की। उषा ने येल-चाइना टीचिंग फेलो के रूप में चीन के ग्वांगझू में सन येत सेन यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी और अमेरिकी इतिहास पढ़ाया है।

उषा की जेडी वेंस से मुलाकात येल लॉ स्कूल में हुई थी और दोनों ने वर्ष 2014 में भारतीय परंपराओं के अनुसार हिंदू रीति-रिवाजों से शादी की। उनके तीन बच्चे दो बेटे इवान और विवेक व बेटी मीराबेल रोज है।

जेडी वेंस के उप राष्ट्रपति बनने के सफर में उषा का बहुत बड़ा योगदान है। वर्ष 2024 के रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में उषा ने ही पति का परिचय दिया था और उनके कठिन बचपन तथा संघर्षों के विषय में बताया था। उषा वेंस का फैशन सेंस भी दुनियाभर में चर्चा का विषय रहा है। उषा को उनके परिष्कृत और आत्मविश्वास से भरे लुक के लिए सराहा जाता है। एक समारोह में उन्होंने गुलाबी रंग की कोट ड्रेस पहनी थी, जो सोशल मीडिया और मीडिया में चर्चा का विषय बना था। भारत-अमेरिका संबंधों में उषा वेंस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। वो भारतीय संस्कारों और हिंदू रीति-रिवाज को मानती हैं। शाकाहारी उषा वेंस की प्रेरणा से जेडी वेंस भी शाकाहार को अपनाने की ओर बढ़ चले हैं। भारत की बेटी उषा वेंस पर सभी भारतीयों को गर्व है। भारत के पक्ष को उषा वेंस अमेरिका में मजबूती से रखेंगी, यही उम्मीद सभी भारतीय करते हैं।

उषा 2022 में ओहायो की सीनेट सीट के लिए जेडी वेंस के राजनीतिक अभियान के दौरान उनके साथ थीं, जहां वेंस ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से समर्थन किए जाने के बाद रिपब्लिकन नामांकन जीता था और आखिरकार चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार टिम रयान को हराया था।

**भारत के साथ संबंधों को बढ़ाने में पति की मदद कर सकती हैं उषा-**

अमेरिका आधारित रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट एडवाइजर और एक जाने-माने उद्यमी एआई मेसन ने कहा, उषा वेंस एक बेहद कुशल वकील और भारतीय प्रवासियों की बेटी हैं और उनके पति ट्रंप टिकट में युवापन और विविधता लाते हैं। एआई मेसन ट्रंप परिवार के करीबी भी हैं। उन्होंने कहा, वह अमेरिका और भारत के बीच अच्छे संबंधों को आगे बढ़ाने में अपने पति की बड़ी मदद कर सकती हैं।

जेडी वेंस को समर्थन देने के पीछे के कारण के बारे में पूछे जाने पर उषा चिलुकुरी ने कहा था, इसके कुछ अलग कारण हैं... एक यह है कि मैं एक धार्मिक परिवार में पली-बढ़ी हूं। मेरे माता-पिता हिंदू हैं और यही एक ऐसी बात है जिसने उन्हें इतने अच्छे माता-पिता बनाया, यही बात उन्हें वाकई बहुत अच्छा इंसान बनाती है। इसकी ताकत को अपने जीवन में भी देखा है और मुझे पता था कि जेडी कुछ खोज रहे थे। यह उनके लिए बिल्कुल सही लगा।

स्मृति शेष

## महिलाओं और समलैंगिकों के मुद्दों पर राय दी थी पोप ने



> 2013 में पोप बनने के बाद से उन्होंने कई ऐसे मुद्दों पर अपनी राय रखी, जिनसे आमतौर पर चर्च बचता आ रहा था। इनमें महिलाओं की भूमिका और समलैंगिकता जैसे मुद्दे शामिल हैं।

ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस अब हमारे बीच नहीं रहे। सोमवार 21 अप्रैल, 2025 को 88 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। उन्होंने वेटिकन के कासा सांता मार्टा स्थित अपने निवास पर सुबह 7.30 बजे (स्थानीय समयानुसार) अंतिम सांस ली। वेटिकन समाचार के मुताबिक, वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बीते दिन ईस्टर के अवसर पर लंबे समय के बाद वे लोगों के सामने आए थे। पोप के निधन पर दुनियाभर में शोक की लहर है। 2013 में पोप बनने के बाद से उन्होंने कई ऐसे मुद्दों पर अपनी राय रखी, जिनसे आमतौर पर चर्च बचता आ रहा था। इनमें महिलाओं की भूमिका और समलैंगिकता जैसे मुद्दे शामिल हैं।

**पुनर्विवाह को दी धार्मिक मंजूरी :** पोप ने दोबारा शादी करने वाले तलाकशुदा कैथोलिक लोगों को धार्मिक मंजूरी दी। इसके लिए उन्होंने ऐसे लोगों को कम्यूनियन हासिल करने का अधिकार दिया, ताकि उनका सामाजिक बहिष्कार खत्म किया जा सके। पुनर्विवाह करने वाले कैथोलिकों को इससे पहले ये धार्मिक संस्कार करने की अनुमति नहीं थी। बता दें कि कम्यूनियन में यीशु के अंतिम भोज को याद करने के लिए ब्रेड/पवित्र रोटी और वाइन/अंगूर के रस का सेवन किया जाता है।

**महिलाओं को दिए व्यापक अधिकार :** पोप फ्रांसिस ने महिलाओं को चर्चों में महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में शामिल होने की अनुमति दी। उन्होंने महिलाओं को ये अधिकार दिया कि वे वेटिकन बैठकों में बिशप के साथ वोट कर सकती हैं। इसे महिला अधिकारों के लिए एक बड़ा सुधार माना गया। हालांकि, पोप फ्रांसिस ने महिलाओं को पादरी बनने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने पादरियों को ये अनुमति दी कि वे गर्भपात कराने वाली महिलाओं को दोषमुक्त कर सकते हैं।

**समलैंगिकता पर अपनाया नरम रवैया :** जब पोप से समलैंगिक लोगों के चर्च आने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, अगर कोई समलैंगिक व्यक्ति ईश्वर की खोज कर रहा है तो मैं उसे जज करने वाला कौन होता हूं। 2023 में उन्होंने कहा कि समलैंगिक होना कोई अपराध नहीं है और इसे अपराधी बनाने वाले कानूनों को समाप्त कर देना चाहिए। उन्होंने पादरियों को अनुमति दी कि वे समलैंगिक जोड़ों को आशीर्वाद दे सकते हैं।

**बच्चों के यौन शोषण पर माफी मांगी :** पोप फ्रांसिस ने अप्रैल 2014 में चर्चों में बच्चों के साथ होने वाले यौन शोषण की बात स्वीकार की और सार्वजनिक माफी भी मांगी। चर्च के पादरियों की तरफ से किए गए इस अपराध को उन्होंने नैतिक मूल्यों की गिरावट कहा। पोप फ्रांसिस ने वॉशिंगटन के सेवानिवृत्त आर्कबिशप थियोडोर मैककैरिक को भी पदच्युत किया, जिन पर आरोप था कि उन्होंने 1970 के दशक में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ की थी।

**भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए उठाए कदमः** पोप फ्रांसिस ने घोटाले के आरोपों से घिरे वेटिकन बैंक के सुधार की देखरेख की और नौकरशाहों को वित्तीय रूप से कमजोर करने का प्रयास किया। उन्होंने लंदन के एक रियल एस्टेट उद्यम में 3,300 करोड़ रुपये के निवेश के संदेह के बीच वेटिकन पुलिस को अपने स्वयं के राज्य सचिवालय और वेटिकन की वित्तीय निगरानी एजेंसी पर छापा मारने की अनुमति दी। इस मामले में वेटिकन कोर्ट ने कार्डिनल एंजेलो बेकियू को गबन का दोषी ठहराया।

**दुनियाभर के मुद्दों पर राय :** कोरोना वायरस को लेकर उन्होंने दुनिया से आग्रह किया कि वे इसे आर्थिक और राजनीतिक ढांचे पर पुनर्विचार करने के अवसर के रूप में उपयोग करें। पोप फ्रांसिस ने मृत्युदंड को सभी परिस्थितियों में अस्वीकार्य बताया था। परमाणु हथियारों को लेकर उन्होंने कहा कि उनका उपयोग ही नहीं, बल्कि उन्हें रखना भी अनैतिक है। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के बारे में कहा था कि जो कोई भी प्रवासियों को बाहर रखने के लिए दीवार बना रहा है, वह ईसाई नहीं है।

### ॥गीता॥



**श्लोक :** शक्नोतीहैव यः सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात।
कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्तः स सुखी नरः॥

**भावार्थ :** जो साधक इस मनुष्य शरीर में, शरीर का नाश होने से पहले-पहले ही काम-क्रोध से उत्पन्न होने वाले वेग को सहन करने में समर्थ हो जाता है, वही पुरुष योगी है और वही सुखी है।

जीवन दर्शन

## लोभ के परित्याग से समस्त व्रतों का पालन



कामनाओं का त्याग करने से समस्त व्रतों का पालन हो जाता है। एक व्यक्ति निर्धन था, लेकिन वह कभी लोभ में नहीं पड़ता था। वह साग खाकर और अन्न के दाने चुनकर जीवन-निर्वाह करता था। उसके पास दो पुराने वस्त्र थे और वह हाथों से पात्र का काम लेता था। अत्यंत निर्धन होते हुए भी उसने कभी पराया धन नहीं लिया। एक दिन भगवान ने उसकी परीक्षा लेने के लिए दो नए वस्त्र नदी के तट पर रखे और स्वयं दूर खड़े हो गए। वह व्यक्ति, नदी के पास से गुजरा, तो उसने नए वस्त्र देखे। आसपास कोई नहीं था, फिर भी उसने मन में लोभ नहीं किया और चुपचाप घर चला गया।

भगवान ने निर्धन की परीक्षा को और कठिन कर दिया। उन्होंने एक गूलर के फल में स्वर्ण का टुकड़ा डालकर उसे निर्धन के निकट छोड़ दिया। व्यक्ति ने फल को खोला, तो भीतर रखे स्वर्ण को देखते ही सोचा, 'यह किसी की चाल है। यदि मैंने यह स्वर्ण ग्रहण किया, तो मेरी अलोभवृत्ति नष्ट हो जाएगी। स्वर्ण को पाकर मुझे उन्माद हो जाएगा, जिससे बुद्धि भ्रमित हो सकती है।' यह सोचकर निर्धन व्यक्ति फल को वहीं छोड़कर अपने घर चला गया। अब भगवान, साधु का रूप धारण करके निर्धन के घर के निकट पहुंचे। साधु के वेश में भगवान ने निर्धन की पत्नी को बताया, 'विधाता ने आज तेरे लिए बहुत धन दिया था, लेकिन तेरे मूर्ख पति ने उस धन का परित्याग कर दिया। इसलिए तेरे परिवार को आजीवन दरिद्रता भोगनी पड़ेगी।' यह सुनकर निर्धन की पत्नी घर लौट गई। साधु ने निर्धन से फिर वही बात कही, 'तुरंत जाओ और उस फल में रखे स्वर्ण को ग्रहण कर लो। धन, सुखों का मूल है।' यह सुनकर निर्धन बोला, 'हे साधु! धन जाल है, जिसमें फंसे हुए मनुष्य का उद्धार नहीं हो सकता। धन, काल एवं काम का स्रोत है। तो फिर धन सुखों का मूल कैसे हुआ?' साधु ने कहा, 'धनहीन मनुष्य को उसके परिवार वाले भी त्याग देते हैं। तब निर्धन बोला, 'कामनाओं का त्याग करने से समस्त व्रतों का पालन हो जाता है। इसी कारण मैं पराए धन को नहीं ग्रहण करता।' निर्धन के यह कहते ही आकाश से एक विमान उतर आया। निर्धन ने देखा कि साधु के स्थान पर भगवान विष्णु खड़े थे। भगवान, निर्धन से बोले, 'मैं विष्णु हूं और तुम्हारे धर्म की परीक्षा लेने के लिए आया था। अब तुम परिवार सहित इस विमान में बैठो और अनंत काल तक स्वर्ग में पुण्यों का भोग करो।' इस प्रकार, उस निर्धन को लोभ का परित्याग करने का फल यह मिला कि उसने अनंत काल तक स्वर्ग का भोग प्राप्त किया।

आशुतोष गर्ग

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी के तबादले पर दिग्विजय ने उठाए सवाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने गुना के पुलिस अधीक्षक को हटाए जाने पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के पार्षद पर कार्रवाई की वजह से गुना एसपी को हटाया गया है। अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर पोस्ट लिखकर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा गुना शांतिप्रिय नगर है, जिसे कुछ लोग बिगाड़ने में लगे है। ये भाजपा के पार्षद महोदय अनेक बार इस प्रकार के कृत्य कर चुके हैं, लेकिन हर बार इन्हें भाजपा के नेता बचा लेते हैं। गुना पुलिस ने एफआईआर कर दी तो उनका ट्रांसफर हो गया। उस पार्षद की शिकायत पर कुछ मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा कि जो पुलिस अधिकारी कानून का पालन करे, संविधान का पालन करे, उसे आप प्रताड़ित करें। इतिहास आपको कभी माफ नहीं करेगा। दिग्विजय सिंह ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या पार्षद की शिकायत पर कुछ मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार करना न्यायपूर्ण है। मैं आज तक यह नहीं समझ पाया कि इन नफरत फैलाने वालों को मस्जिद के सामने ही नाचने का मन क्यों होता है, यह खोज का विषय है।

### अंशु तिवारी राजभवन में सेक्शन ऑफिसर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में परियोजना अधिकारी के पद पर पदस्थ अंशु तिवारी की सेवाएं प्रतिनियुक्ति पर राजभवन को सौंपी गई हैं। उन्हें राजभवन सचिवालय में अनुभाग अधिकारी (सेक्शन ऑफिसर) बनाया गया है। अंशु फिलहाल हरदा जिले के टिमरनी में परियोजना अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत उनकी प्रतिनियुक्ति की अवधि एक साल होगी।

### सीएम से मिले केन्द्रीय राज्यमंत्री एल. मुरुगन

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री एल. मुरुगन ने सोमावार को मंत्रालय में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर एवं अंग वस्त्रम ओढ़ाकर केंद्रीय मंत्री मुरुगन का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय राच्य मंत्री मुरुगन ने मध्यप्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की।

# नेताओं की कुंडली तैयार कराएगी भाजपा

## लगातार लग रहे आरोपों से पार्टी परेशान, जिला स्तर पर टीम का गठन संभलकर करने की हिदायत

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पार्टी के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं पर लगे आरोपों से परेशान आ चुकी प्रदेश भाजपा अब अपने नए नेताओं और कार्यकर्ताओं की कुंडली तैयार कराएगी। इसके लिए सभी जिला संगठनों से कहा है कि उनकी नई टीम में जिम्मेदारी देने से पहले कार्यकर्ताओं के बारे में पूरी तहकीकात करा लें। गौरतलब है कि हाल ही में भाजपा के जिला व मंडल स्तर के चुनाव कराए गए हैं। जिनकी नई टीम का गठन अभी प्रस्तावित है। बताया गया है कि गठन से पहले पार्टी ने सभी अध्यक्षों से कह दिया है कि उन्हें अपनी टीम का गठन बहुत ही संभल कर करना होगा। इसमें ऐसे कार्यकर्ता ही पदों पर बैठाए जाएं, जो पार्टी की विचारधारा से मेल खाते हों और वो पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ पार्टी को मजबूत बनाने की दिशा में काम करें। इतना ही नहीं यह भी ध्यान दिया जाए कि जिन्हें पदाधिकारी बना रहे हैं उनका सामाजिक और चारित्रिक रिकार्ड कैसा है। यदि किसी पर भी थोड़ा सा भी दाग हो,उसे पदाधिकारी नहीं बनाया जाए, भले ही वह जनाधार वाला नेता हो। उल्लेखनीय है कि पार्टी पिछले कुछ महीनों से अपने कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं पर अलग-अलग तरह से लग रहे आरोपों से बेहद परेशान है। इससे पार्टी की जनता के बीच छवि खराब हो रही है, तो वहीं विपक्ष को भी पार्टी को घेरने का मौका मिल रहा है। ऐसे में पार्टी ने तय किया है कि इस बार जिला व मंडल स्तर पर जो भी टीम का गठन हो, उसमें पूरी सक्रियता और जांच पड़ताल कर ही कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाए।




### दूसरे दल से आए नेताओं पर विशेष नजर

जानकारों का कहना है कि जिला व मंडल की टीम बनाते समय पार्टी उन नेताओं और कार्यकर्ताओं के कार्यकलापों पर विशेष नजर रखेंगी, जो दूसरे दल से भाजपा में शामिल हुए हैं। इन नेताओं की पार्टी के प्रति प्रतिबद्धिता और समर्पण का आंकलन किया जाएगा। पार्टी इन कार्यकर्ताओं के लिए वरिष्ठ नेताओं की सिफारिशों को भी नजरादांज करेगी। इसी तरह पंचायत जनप्रतिनिधि और निकाय जनप्रतिनिधियों को भी तभी संगठन के पदों पर बैठाया जाएगा, जब उनकी अपने-अपने चुनावी क्षेत्र में सक्रियता रही हो और उनका क्षेत्र में जनाधार भी कम नहीं हुआ हो।

### संघ की रिपोर्ट के बाद भाजपा हुई सक्रिय

पार्टी से जुड़े सूत्रों की मानें तो पिछले दिनों संघ की एक बैठक में भाजपा से जुड़ी एक रिपोर्ट पेश की गई थी, जिसमें बताया गया था कि कुछ जिलों में पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं पर ऐसे आरोप लगे हैं, जिसे सामाजिक जीवन में उचित नहीं ठहराया जा सकता। भाजपा परिवार की पार्टी है, ऐसे में कुछ कार्यकर्ताओं के आचरण से पूरे दल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इससे भाजपा को बचाना होगा।

### कार्यशाला में पढ़ाया जाएगा नैतिकता का पाठ

बताया गया है कि प्रदेश भाजपा को अगला अध्यक्ष मिलने के बाद जिला व मंडल स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। इन पदाधिकारियों को पहले जिला व संभाग स्तर पर कार्यशाला के जरिए पार्टी की नीति-रीति के बारे में बताया जाएगा। इसके उपरांत भोपाल में राज्य स्तर की कार्यशाला होगी, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का बौद्धिक प्रशिक्षण होगा।

# पैसा नहीं है, तो लॉन्ड्रिग कहां से हुई, भाजपा फैला रही भ्रमः शैलजा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेत्री कुमारी शैलजा ने कहा है कि नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भाजपा और उसकी सरकार द्वारा मीडिया में भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब जब पैसा ही नहीं है तो इसमें लॉन्ड्रिंग कहां है? पीसीसी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा, आरएसएस का मानना है कि एक बात को तब तक बोलते रहो, जब तक लोग सच न मान लें। कितना भी गलत बोलेंगे लोग आखिरकार उसे सच मानने लग जाएंगे। कुछ बातें ऐसी हैं जिनको लेकर ये सालों से लगे हैं फिर भी निचोड़ नहीं निकल रहा। इनका प्रयास लोगों के असली मुद्दे जो आम नागरिक की जिन्दगी को छूते हैं उन सब बातों से ध्यान हटाएं। शैलजा ने कहा कि यह कानूनी प्रतिशोध के अलावा कुछ और नहीं है। अगर कोई कंपनी कर्ज से छुटकारा पाना चाहती है तो वह एक नई कंपनी बनाती है और उस कर्ज को नई कंपनी में ट्रांसफर करती है। कंपनी कानून के मुताबिक यह कानूनन सही है। जब पैसा ही नहीं है तो इसमें लॉन्ड्रिंग कहां है? कांग्रेस नेत्री ने कहा



कि अगर कोई अपराध हुआ है तो वह नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया है। जिन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग का झूठा प्रचार करके कानून का दुरुपयोग किया है। ये सरासर एक राजनीतिक प्रतिशोध है। यह बदले की राजनीति, धमकी, उत्पीड़न और भय फैलाने की राजनीति है। हमें कितना भी चुप कराने की कोशिश करें, हम चुप नहीं होंगे। जो दूसरों को डराने की कोशिश करते हैं, वे खुद डरे हुए हैं। यह एक राजनीतिक साजिश है और कांग्रेस पार्टी इसका डटकर सामना करेगी।

# पुलिस ने अपने हॉस्टल की जिम्मेदारी अफसरों को सौंपी

**भोपाल, इंदौर, ग्वालियर में अधिकारी चलाएंगे छात्रावास**

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने अपने तीन हॉस्टल के संचालन की जिम्मेदारी पुलिस अफसरों के हाथ में सौंप दी है। अब ये पुलिस अधिकारी ही हॉस्टल की तमाम व्यवस्थाओं को भी संभालेंगे। इससे पहल् प्रदेश के इन तीनों हॉस्टल में मेस संचालन का जिम्मा निजी हाथों में था। एमपी पुलिस की कल्याण शाखा द्वारा महिला पुलिस कर्मियों और पुलिस कर्मियों के बेटे-बेटियों की पढ़ाई के लिए ये विशेष छात्रावास स्थापित किए हैं। इनके लिए नए सिरे से गाइडलाइन भी तय हो गई है। अब वर्किंग वूमेन पुलिस स्टाफ को हॉस्टल के ऊपरी फ्लोर पर कमरे दिए जाएंगे, जबकि अपने घर से बाहर रहकर पढ़ने के लिए आईं पुलिसकर्मियों के बेटे- बेटियों को नीचे के फ्लोर पर कमरे दिए जाएंगे। एमपी पुलिस की कल्याण शाखा ने इसके लिए निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

### भोपाल में कमिश्नर की अध्यक्षता में संचालन

पुलिस की कल्याण शाखा के प्रमुख एडीजी अनिल कुमार के अनुसार भोपाल के गोविंदपुरा पुलिस लाइन में बने वर्किंग वूमेन एंड गर्ल हॉस्टल के संचालन की जिम्मेदारी भोपाल के कमिश्नर को सौंपी गई है। वे अपने विभाग की महिला अफसरों की एक कमेटी के द्वारा इसका संचालन करेंगे। इसके अलावा ग्वालियर के होस्टल की जिम्मेदारी 14 वीं बटालियन के कमांडेंट को सौंपी गई है, जो ग्वालियर आईजी की अध्यक्षता में हॉस्टल का संचालन करेंगे। इसके अलावा इंदौर में स्थित हॉस्टल को चलाने की जिम्मेदारी 15 वीं बटालियन के सेनानी को सौंपी गई है।




| स्थान | प्रकार | हॉस्टल की क्षमता |
|---|---|---|
| भोपाल | वूमेन एंड गर्ल हॉस्टल | 210 |
| इंदौर | मिक्स(बॉय एंड गर्ल) | 160 |
| ग्वालियर | मिक्स(बॉय एंड गर्ल) | 160 |

### मेस और हाउस कीपिंग के लिए बनेगी कमेटी

अब पुलिस के आला अफसरों की निगरानी में चलने वाले इन हॉस्टल की सभी व्यवस्थाओं के लिए पुलिसकर्मियों की स्थानीय कमेटी बनाई जाएगी। कमेटी अपने हिसाब से मेस के साथ साथ हाउस कीपिंग की भी व्यवस्था करेगी। पुलिस को उम्मीद है कि इस बदलाव से सभी हॉस्टल की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी और यहां रहने वाले स्टूडेंट अपनी पढ़ाई पर ज्यादा फोकस कर पाएंगे।

# टैक्स लिमिट बढ़ाए जाने का नहीं होगा असर, आसानी से हासिल होगा टारगेट

## एमपी-सीजी के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त ने संभाला कामकाज

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के नवागत प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (पीसीसीआईटी) नवरतन सोनी ने सोमवार को विधिवत रूप से ऑफिस पहुंचकर कामकाज शुरू कर दिया है। कामकाज के पहले दिन उन्होंने आयकर विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों और स्टाफ से मुलाकात की और उनके दायित्व की जानकारी ली। नॉर्थ ईस्ट रीजन गुवाहाटी से भोपाल स्थानांतरित हुए पीसीसीआईटी ने इस दौरान आयकर कर्मचारी संघ और अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। वे मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं और उन्होंने 8 अप्रैल की शाम को फ्लाइट से भोपाल पहुंचकर पदभार ग्रहण किया था। उसके बाद वे अवकाश पर चले गए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से अनौपचारिक चर्चा भी की।



**सवाल - आयकर विभाग का एमपी-सीजी सर्किल में क्या बदलाव देखने को मिलेगा और आपकी प्राथमिकताएं क्या होंगी?**

**जवाब** - सरकार का फोकस डिजिटाइजेशन पर है। इस पर काम किया जाएगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का कॉन्सेप्ट अब साकार हो रहा है और लोगों का कतार में खड़ा होना भी बंद हुआ है। सर्वे और छापामारी पर फोकस के बजाय डेटा माइनिंग से लोगों की आय की सटीक जानकारी जुटाई जा सकती है।

**सवाल - आयकर का सही ब्यौरा न देने वालों से कैसे निपटेंगे?**

**जवाब** - हम सभी आयकरदाताओं को समझाइश देंगे। समस्याओं के निवारण और निराकरण पर फोकस रहेगा। कोशिश रहेगी कि आयकर छापों और सर्वे की जरूरत न पड़े। सभी करदाताओं से अपील है कि वे अंतरात्मा की आवाज पर टैक्स भरें और राष्ट्र के निर्माण में सहयोग प्रदान करें। साथ ही चैन की नींद सोएं।

**सवाल - आयकर में छूट की सीमा सरकार ने बढ़ाकर 12 लाख कर दी है। इससे एमपी-सीजी के टैक्स कलेक्शन पर कोई असर आने की संभावना है?**

**जवाब** - इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। एक दरवाजा बंद होता है तो 100 नए दरवाजे खुल जाते हैं। टैक्स रेवेन्यू लगातार बढ़ता रहा है और इस बार भी इसमें इजाफा होगा। आसानी से टारगेट अचीव हो जाएगा।

**सवाल - 2024-25 वित्त वर्ष में जुटाए गए आयकर के आंकड़े अब तक जारी नहीं हो सके हैं। क्या कारण है?**

**जवाब** - इसका कारण तकनीकी है। पता लगा है कि कंप्यूटर सिस्टम में किसी परेशानी की वजह से आंकड़ें नहीं आ सके हैं। इसमें जल्द सुधार

# मानसून सत्र में विस की कार्यवाही लाइव संभावित

## ई -विधानसभा के लिए सदन में की जा रही है तैयारी, केवल बिछना भी शुरू

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र की कार्यवाही लाइव हो सकती है। इसके लिए विधानसभा परिसर में तैयारी शुरू हो गई है पर यह निर्णय सर्वदलीय बैठक में लिया जाएगा, जो अगले माह संभावित है। गौरतलब है कि विधानसभा सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही लाइव दिखाने के लिए काफी समय से प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए विधानसभा को अनुमोदन भी मिल चुका है। कांग्रेस भी लाइव को लेकर काफी प्रयासरत रही है और उनके विधायक इस मामले को हाईकोर्ट तक भी ले जा चुके हैं। अब खबर मिल रही है कि विधानसभा सचिवालय इस दिशा में बेहतर परिणाम लाने के लिए सक्रिय हो गया है और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने मई माह के पहले सप्ताह में सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें सदन की कार्यवाही लाइव दिखाने सहित कुछ और महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि देश के 13 प्रदेशों के 14 सदनों में केन्द्र सरकार की विधान परियोजना लागू हो चुकी है। इसी के तहत मध्यप्रदेश के लिए 19 करोड़ 36 लाख रुपए की परियोजना के कामों का भी अनुमोदन मिल चुका है। जानकारों का कहना है कि विधानसभा सचिवालय ने भी इस



संबंध में सरकार से आवश्यक दिशा निर्देश मांगे हैं। कहा जा रहा है कि सर्वदलीय बैठक से पहले स्पीकर तोमर भी संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ पहले बैठक कर सकते हैं और इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ भी उनकी बैठक होगी। ये दोनों नेता भी सर्वदलीय बैठक में मौजूद रहेंगे। जिससे बैठक में अहम निर्णय लेने में आसानी हो सकेगी।

### हाईकोर्ट ने 4 सप्ताह में मांगा जवाब

विधानसभा की कार्यवाही को सदन से लाइव दिखाए जाने को लेकर पिछले दिनों विधायक सचिन यादव और प्रताप सिंह ग्रेवाल ने इंदौर हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। जिस पर हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस भेजकर 4 सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है।

### विधायकों के लिए लैपटॉप खरीदे जाएंगे

सदन में केवल बिछाने का काम शुरू हो गया है। जबकि ई विधानसभा बनाने के लिए राष्ट्रीय सूचना केन्द्र विधायकों के लिए लैपटॉप खरीदने की तैयारी में है। बताया गया है कि जल्द ही इसके लिए टैंडर जारी किए जाएंगे। विधानसभा की टीम भी ई विधानसभा को लेकर अब तक तीन राज्यों का दौरा कर चुकी है।

> हम ई विधानसभा की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इसके लिए प्रक्रिया जारी है। भविष्य में सदन की कार्यवाही को भी लाइव किया जाएगा। फिलहाल हम सदन में पेश होने वाले बजट व अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लाइव दिखाते हैं।
>
> ■ **अवधेश प्रताप सिंह**, प्रमुख सचिव विधानसभा मध्यप्रदेश

**उत्कृष्ट कार्य करने पर लोक सेवकों को किया गया सम्मानित**

# लोकसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य कर लोकतंत्र को किया मजबूतः सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आजादी के बाद कई लोकसेवकों ने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर लोकतंत्र को मजबूत किया है। लोक सेवा एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे पूरी निष्ठा, समर्पण, मनोयोग के साथ निभाना आवश्यक है। सीएम सोमवार को राष्ट्रीय लोक सेवा दिवस पर आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा सिर्फ एक पेशा नहीं, यह जनसेवा का प्रभावी माध्यम है। सिविल सेवकों का दायित्व है कि वे अपने अधिकारों का निःसंदेह सदुपयोग करें, लेकिन अपने कर्तव्यों से कदापि विमुख न हों। लोक प्रशासन एक वृहद विषय है। इसका मूल मंत्र है लोगों की हर संभव तरीके से सेवा। हमारे कामों में पारदर्शिता जरूरी है। इसीलिए सभी लोक सेवक शासन व्यवस्था में पारदर्शिता लाने और लोक जवाबदेही की भावना को और मजबूत करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने सभी सिविल सेवकों से अपेक्षा की कि वे नागरिकों की तत्पर सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और शासन को जनकल्याण की दिशा में अधिक प्रभावी बनाने की ओर अग्रसर करें।



### करप्शन फ्री और गुड गवर्नेंस के लिए कार्य करें : जैन

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि हर साल 21 अप्रैल अधिकारी/ कर्मचारियों के लिए आत्ममंथन का दिन है। लोक सेवकों को सोचना चाहिए कि सालभर में उन्होंने जनसेवा और प्रशासन की मजबूती के लिए क्या अच्छा किया और इसके आगे क्या बेहतर हो सकता है। न्यू इंडिया का सपना साकार करने में अनुभवी अधिकारियों के साथ युवा अफसरों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है।

### इन अधिकारियों को दिया गया उत्कृष्टता पुरस्कार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वित्त वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 के लिए 16 लोक सेवकों में माधव प्रसाद पटेल (माध्यमिक शिक्षक), श्रीमती अदिति गर्ग (तत्कालीन सीईओ आयुष्मान भारत निरामयम योजना), डॉ. इंदिरा दांगी (शिक्षक) आष्टा जिला सीहोर, श्रीमती शारदा डुडवे (माध्यमिक शिक्षक) चंद्रशेखर आजाद नगर, आलोक पौराणिक प्राथमिक शिक्षक पथरिया जिला दमोह, चंद्रमोहन ठाकुर तत्कालीन प्रबंध निदेशक भवन विकास निगम, डॉ. यशपाल सिंह प्राचार्य आवासीय विद्यालय भोपाल, संजय जोशी प्रबंध संचालक विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, अमित तोमर तत्कालीन प्रबंध संचालक पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर,ऋषभ गुप्ता पूर्व कलेक्टर देवास, गणेश शंकर मिश्रा तत्कालीन प्रबंध संचालक विद्युत वितरण कंपनी, दिव्यांक सिंह तत्कालीन सीईओ स्मार्ट सिटी परियोजना इंदौर, प्रवीण सिंह अढायच पूर्व कलेक्टर सीहोर, प्रो. बेला सचदेवा सहायक प्राध्यापक इंदौर, भूपेंद्र कुमार चौधरी माध्यमिक शिक्षक चिमनाखारी जिला सिवनी तथा सुश्री शीला दाहिमा अतिरिक्त सचिव शिक्षा विभाग को नवाचारों एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए।

**कार्रवाई** | महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप, इंदौर समेत सात स्थानों पर मारे थे छापे

# ईडी ने जब्त किया तीन करोड़ 29 लाख कैश

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रायपुर यूनिट ने चर्चित महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े मामले में फिर से बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीम ने विगत 16 अप्रैल को इंदौर समेत दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, चंडीगढ़, चेन्नई और संबलपुर (ओडिशा) में छापे के दौरान मिली 3 करोड़ 29 लाख रुपए की नकदी जब्त कर ली है। सोमवार को ईडी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इन छापों के दौरान 573 करोड़ रुपए से ज्यादा की सिक्योरिटी, बॉन्ड और डीमेट खाते फ्रीज किए गए हैं। ईडी ने इन छापों में कई अहम दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड भी इस दौरान जब्त कर लिए हैं। जांच में सामने आया है कि महादेव ऑनलाइन बुक बेटिंग एप नाम की यह कंपनी अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तैयार कर नए यूजर्स को जोड़ती थी और उन्हें यूजर आईडी देती थी। ईडी के मुताबिक इस कंपनी ने आर्थिक अपराध के जरिए जमकर पैसा बनाया और इस रकम को बेनामी खातों के ज़रिए इधर-उधर किया। इंदौर में ईडी की रायपुर से आई टीम ने ट्रेवल एजेंसी ईज माय ट्रिप नामक कंपनी के दफ्तरों पर 16 अप्रैल को छापे मारे थे। इस दौरान यहां से मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर कई अहम दस्तावेज और मनी ट्रांसफर की डिटेल टीम को मिली थी, जिसे ईडी अपने साथ लेकर चली गई थी।




### अब तक 3 हजार करोड़ की संपत्ति जब्त

ईडी को इन छापों के दौरान ऐसे सबूत भी मिले हैं कि जिनसे पता चलता है कि सट्टेबाजी से जुड़े इस कारोबार में कई कंपनियों के मालिकों ने आरोपियों के साथ मिलकर अपनी कंपनियों का वैल्यूएशन बढ़ाने के लिए शेयरों की कीमतों में हेरफेर किया। इसके लिए उन्होंने एजेंटों और बिचौलियों का इस्तेमाल किया। ईडी ने इस दौरान कुछ एजेंटों और स्टॉक ब्रोकर्स की भी जांच की है। गौरतलबहै कि ईडी अब तक इस केस में 170 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी कर लगभग 3002 करोड़ 47 लाख रुपए की प्रॉपर्टी को जब्त, सीज और कुर्क कर चुका है। इस मामले में ईडी ने अब तक कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया है और 74 कंपनियों और व्यक्तियों के खिलाफ पांच शिकायतें दर्ज की हैं।

### मॉरीशस और दुबई से की गई मनी लॉन्ड्रिंग

ईडी ने अपनी जांच में पाया है कि सट्टेबाजी से कमाए गए पैसे को मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए भारत से बाहर भेजा जाता था और इसमें कई कंपनियां भी शामिल थीं। ईडी की तफ्तीश में खुलासा हुआ है कि विदेशी एफपीआई के जरिए इस रकम को ही वापस लाकर भारतीय शेयर बाजार में लगा दिया गया। इसके लिए मॉरीशस और दुबई के अवैध मनी चैनल का उपयोग किया जा रहा था। इंदौर समेत देश भर से ईडी को 573 करोड़ के ऐसे निवेशों की जानकारी मिली है। इस रकम को फिलहाल फ्रीज किया गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि महादेव एप से जुड़ी ईज माय ट्रिप जैसी कई कंपनियों के मालिकों ने इस पैसे को शेयर बाजार के जरिए अपनी कंपनी में लगाया।

### ओबीसी आरक्षण पर सरकार का रुख स्पष्ट

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि ओबीसी आरक्षण को लेकर सरकार का रुख स्पष्ट है। हम 27 प्रतिशत आरक्षण देने के स्टैंड पर कायम हैं। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के मामले पर कानूनी और संवैधानिक दृष्टिकोण से ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सॉलिसिटर जनरल से भी इस विषय में चर्चा की गई है और उन्हें सरकार का स्पष्ट पक्ष रखा गया है। डॉ. यादव ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में ओबीसी आयोग की जो रिपोर्ट आई थी,उसके परीक्षण के साथ-साथ ओबीसी आरक्षण को लेकर जितनी भी याचिका लगी है, उन सब से हम संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ काम हो रहा है और प्रदेश सरकार भी सर्वहारा वर्ग के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार न्यायपूर्ण और समावेशी नीतियों के माध्यम से सभी वर्गों को समान अवसर देने के संकल्प पर अडिग है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### हम पर पहले ही...

याचिका में संविधान के अनुच्छेद 355 का हवाला दिया, जो केंद्र सरकार को राज्यों को बाहरी आक्रमण और आंतरिक अशांति से बचाने की जिम्मेदारी देता है। याचिका में कहा गया है कि कोर्ट राज्य की स्थिति को समझने के लिए केंद्र सरकार से रिपोर्ट मांग सकता है। इस मामले में पहले ही शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया था। याचिका में मांग की गई है कि हिंसा की गहन जांच के लिए तीन रिटायर्ड जजों की अगुआई में जांच कमेटी बनाई जाए। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी पश्चिम बंगाल भेजी जाए। राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों में अर्ध सैनिक बलों की तैनाती हो। अनुच्छेद 355 के तहत राज्यपाल से राज्य की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी जाए। हिंसा के बाद भय से असम पलायन कर गए हिंदू परिवारों के बारे में रिपोर्ट ली जाए।

### राहुल ने अमेरिका...

इस संबंध में कानून भी बदल दिया ताकि भविष्य में कोई सवाल न उठ सके। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर चार बड़े आरोप लगाए हैं। उन्होंने फर्जी मतदाता जोड़ने पर कहा कि कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में पांच साल में 32 लाख नए वोटर जोड़े गए, जबकि महज पांच महीने में विधानसभा चुनाव के लिए 39 लाख वोटर जोड़े गए। यानी विधानसभा चुनाव से पहले ही फर्जीवाड़ा किया गया। वयस्क जनसंख्या से अधिक वोटर पर उन्होंने सवाल उठाया कि जब राज्य की वयस्क आबादी सीमित है, तो रजिस्टर्ड वोटरों की संख्या उससे अधिक कैसे हो सकती है? विशिष्ट सीटों पर संदेह के मामले में कामठी विधानसभा का उदाहरण देते हुए राहुल ने बताया कि जिस अंतर से भाजपा जीती, वही अंतर नए मतदाताओं की संख्या का था, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि गड़बड़ी की गई। डेटा की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए राहुल ने कहा कि उन्होंने आयोग से मतदाता सूची, उनके पते और फोटोग्राफ मांगे थे, लेकिन जवाब नहीं मिला। इससे संदेह और गहरा हो गया। राहुल गांधी के इन आरोपों पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान 'देश का अपमान' है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यह आदत बन चुकी है कि वे विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दुबे पर केस कीजिए, अनुमति की जरूरत नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई के खिलाफ टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की मांग करते हुए याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, दुबे ने सुप्रीम कोर्ट, सीजेआई संजीव खन्ना की आलोचना कर अवमानना की है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ से वकील ने दुबे की टिप्पणियों के बारे में हाल ही में आई एक खबर का हवाला दिया। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, आप इसे दायर करें। दायर करने के लिए अनुमति की जरूरत नहीं है। दुबे ने शीर्ष अदालत को निशाना बनाते हुए कहा था कि यदि सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है,तो संसद,विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। सीजेआई खन्ना पर निशाना साधते हुए दुबे ने उन्हें देश में 'सिविल वॉर' के लिए जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि, बीजेपी ने बयान से खुद को अलग कर लिया।

### विंग कमांडर पर हमला बीवी से दुर्व्यवहार

**बेंगलुरु, जेएनएन।** बेंगलुरु में सोमवार सुबह वायुसेना के अधिकारी और उनकी पत्नी पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। उनके साथ मारपीट के अलावा गाली-गलौज भी की गई। ऑफिसर ने वीडियो जारी कर घटना की जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक विंग कमांडर शिलादित्य बोस पत्नी स्क्वाड्रन लीडर मधुमिता दत्ता के साथ कोलकाता की फ्लाइट पकड़ने एयरपोर्ट जा रहे थे, तभी रास्ते में कुछ लोगों ने बाइक से उनका पीछा किया और गाड़ी रोककर मारपीट की। शिलादित्य के सिर, चेहरे से खून बह रहा था। पत्नी ने अस्पताल पहुंचाया। इलाज के बाद पति-पत्नी थाने पहुंचे। पहले पुलिस ने एफआरईआर दर्ज नहीं की। हालांकि, पत्नी के कहने पर केस दर्ज किया गया। वायुसेना अधिकारी की कार में लगे डैशकैम रिकॉर्ड के आधार पर आरोपी की पहचान स्विगी के डिलीवरी ब्वॉय के तौर पर की गई है। पुलिस ने उसे अरेस्ट कर लिया है। अब उससे पूछताछ की जा रही है कि बात हाथापाई तक क्यों पहुंची। विंग कमांडर ने खुद वीडियो शेयर किया। बोस ने बताया कि कैसे एक बाइक सवार पीछे से उनकी कार के पास आया और कन्नड़ में उन्हें गाली देने लगा।

### भाजपा के इकबाल नए मेयर, आप का किनारा

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में हार के बाद अब आप ने म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी व दिल्ली के पार्टी अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने इसकी जानकारी दी। चुनाव 25 अप्रैल को होगा। पार्टी के प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों नेताओं ने कहा कि भाजपा ने पहले भी एमसीडी का चुनाव रुकवा दिया था। परिसीमन के दौरान वार्डों को इधर-उधर किया गया। परिसीमन के दौरान जबरदस्त गड़बड़ी और भ्रष्टाचार किया गया। इसके बावजूद चुनाव हारी और आप की सरकार बनी। इसके बाद भी एमसीडी बैठकों में भाजपा पार्षदों द्वारा खूब तमाशा किया गया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमारे पार्षदों को डराकर, धमकाकर, लालच देकर भाजपा अपने पाले में लाने की कोशिश में लगी हुई है, जिसके बाद हमने फैसला लिया है कि इस बार मेयर चुनाव में हम अपना उम्मीदवार नहीं उतारेंगे। भारद्वाज ने कहा कि बगैर किसी बाधा के भाजपा अपना मेयर बना ले और चार इंजन की सरकार को बिना कोई बहाना बनाए चलाए और दिल्लीवालों को काम करके दिखाए। आप के इस फैसले के साथ ही दिल्ली मेयर के लिए भाजपा के उम्मीदवार का निर्विरोध निर्वाचन अब तय हो गया है।

### पंजाब में स्कूली बच्चों के एनर्जी ड्रिंक पर प्रतिबंध

**बठिंडा।** पंजाब सरकार ने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए एनर्जी ड्रिंक पर प्रतिबंध लगा दिया है। बठिंडा में एक बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्कूल और कॉलेजों में इस पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पंजाब, हुक्का बार और ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला राज्य था। अब एनर्जी ड्रिंक पर प्रतिबंध लगाया गया। स्वास्थ मंत्री ने कहा, स्कूलों में इन पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। डब्ल्यूएचओ के भी निर्देश हैं। ये केंद्रीय कानून हैं। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से भी मुलाकात कर बात की है। उनसे कहा है कि कॉलेजों में भी इस पर प्रतिबंध लगना चाहिए। इन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगना चाहिए। हर चीज कानून से नहीं होती, हमने अभिभावकों और शिक्षकों से भी कहा है कि आप इन्हें घरों और स्कूलों में न रखें। ये बहुत खतरनाक हैं और कई बीमारियों को आमंत्रित करते हैं। बठिंडा में स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बीच उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ड्रग्स के खिलाफ युद्ध अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की जा रही है। नशे की लत से पीड़ित बच्चों को नशे की लत से मुक्त कराने के लिए एक नई नीति विकसित की है।

## विदेशी ज़ुबानों पर चढ़ा देसी स्वाद...



**पहली बार चखी पानीपुरी और रिएक्शन देखकर दिल खुश हो गया**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एक विदेशी विश्वविद्यालय के 'इंटरनेशनल डे' इवेंट में जब भारतीय स्टूडेंट्स ने अपने स्टॉल पर पानीपुरी परोसी, तो वहां के 'गोरे मित्रों' ने पहली बार इस देसी चटपटे स्वाद से सामना किया। इस अनोखे अनुभव को कैमरे में कैद किया गया और सोशल मीडिया पर शेयर किया गया, जहां वीडियो वायरल हो गया। अब तक 5.2 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो की शुरुआत होती है एक चश्मा पहने विदेशी लड़की से, जो थोड़ी झिझक के साथ पानीपुरी का पहला निवाला लेती है। फिर बारी-बारी से कई और लोग इस स्वाद से दो-चार होते हैं। कोई हैरान, कोई झूमता हुआ, तो कोई आंखें बंद कर स्वाद महसूस करता हुआ। बैकग्राउंड में 'बदतमीज दिल' का गाना माहौल को और मजेदार बनाता है। इस वीडियो को इंस्टाग्राम यूजर (तुषार जैन) ने शेयर करते हुए लिखा, हमारे भारतीय स्टॉल पर भेलपुरी से मिठाइयां तक सब था, लेकिन पानीपुरी सबसे खास रही। पहली बार चखते हुए सभी के रिएक्शन-सोने पे सुहागा!'

# मोदी से मिले जेडी वेंस, ट्रेड डील बढ़ाने पर हुई बात

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति जयपुर में देखेंगे आमेर किला



**नई दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मोदी और वेंस की बैठक को लेकर एक अधिकारी ने बताया कि दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने बातचीत के दौरान भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते में प्रगति का स्वागत किया। पीएम मोदी ने जेडी वेंस के साथ बैठक के दौरान कहा कि वह इस वर्ष के अंत में ट्रंप की भारत यात्रा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जेडी वेंस मोदी से मुलाकात के लिए उनके आवास पर पहुंचे थे। इस दौरान वेंस का परिवार भी साथ था, इसके बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति परिवार के साथ जयपुर पहुंचे। अमेरिकी वायुसेना के विशेष विमान से जेडी वेंस जयपुर पहुंचे और रामबाग पैलेस में रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार को आमेर का किला देखने के लिए जाएंगे और अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

गौरतलब है कि जेडी वेंस 4 दिवसीय भारत यात्रा के लिए सोमवार की सुबह नई दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें एयरपोर्ट पर रिसीव किया था। इसके बाद उन्होंने परिवार के साथ अक्षरधाम पहुंचकर दर्शन किए। यह अहम यात्रा उस समय हो रही है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को हिला कर रखा है और चीन के साथ एक तरह का टैरिफ वॉर शुरू हो गया है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जयपुर में मंगलवार सुबह 8:30 बजे आमेर के लिए रवाना होंगे। सुबह 9 से 11:30 बजे तक आमेर, पन्ना मीणा कुंड और अनोखी म्यूजियम का अवलोकन करेंगे।

सुबह 11:30 बजे आमेर से रवाना होकर 12 बजे रामबाग पैलेस पहुंचने का कार्यक्रम है। दोपहर 2:45 बजे आरआईसी में जेडी वेंस की स्पीच होगी और दोपहर 4 बजे वापस रामबाग पैलेस पहुंचेंगे। इसके बाद राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलने का कार्यक्रम है।

# नए अध्यक्ष पर आरएसएस संगठन के बीच मंथन तेज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कयासों का दौर अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच रहा है। संघ के शीर्ष नेतृत्व और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच मंथन का सिलसिला तेज हो गया है। इस हफ्ते दिल्ली में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। माना जा रहा है कि इन्हीं बैठकों में न केवल नए अध्यक्ष के नाम पर अंतिम सहमति बन सकती है, बल्कि संगठन में बड़े बदलाव की पटकथा भी तैयार हो सकती है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, पांच-छह राज्यों, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और झारखंड आदि में प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव प्रक्रिया पूरी होते ही राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए औपचारिक प्रक्रिया शुरू होगी। अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि भाजपा और आरएसएस के बीच इस पद के लिए संभावित नामों पर व्यापक विचार हो चुका है और अंतिम फैसला महज औपचारिकता भर है। नए अध्यक्ष के चयन के साथ ही पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में व्यापक बदलाव की संभावना है। महासचिवों और सचिवों के कई पदों पर नए चेहरे देखने को मिल सकते हैं। यह संकेत दे रहे हैं कि भाजपा अब आगामी चुनावों और राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए अपने संगठन को अधिक चुस्त-दुरुस्त और समकालीन रणनीतियों के अनुरूप ढालना चाहती है। इस बार आरएसएस ने लंबे अंतराल के बाद भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने के लिए आधा दर्जन प्रचारकों को संगठन मंत्री के रूप में भेजने की तैयारी कर ली है। कई राज्यों में संगठन मंत्री के पद रिक्त हैं और यह भराव भाजपा के जमीनी नेटवर्क को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### नेतृत्व बदलते ही क्या बदलेगी भाजपा की शैली?

*भाजपा का अध्यक्ष सिर्फ पद नहीं, पार्टी की राजनीतिक दिशा का प्रतीक होता है। ऐसे में नए अध्यक्ष के चयन से न केवल नेतृत्व में बदलाव आएगा, बल्कि यह भी देखा जाएगा कि क्या भाजपा एक आक्रामक चुनावी मशीन बनी रहेगी या अब सामाजिक-राजनीतिक विमर्श में थोड़ी ठहराव और संवाद की ओर भी बढ़ेगी। साथ ही, क्या पार्टी नेतृत्व अब सरकार और संगठन में सामंजस्य के नए मॉडल की ओर बढ़ेगा?*

# भारत संवैधानिक संस्थानों और सिद्धांतों के लिए लड़ता रहेगा



**बीजेपी सांसद दुबे के बयान पर पूर्व सीईसी कुरैशी का पलटवार**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर उनके मुस्लिम आयुक्त वाले बयान पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने सोमवार को कहा कि वह भारत के ऐसे विचार में विश्वास करते हैं, जहां एक व्यक्ति को उसके योगदान से परिभाषित किया जाता है और उन्होंने जोर देकर कहा कि कुछ लोगों के लिए, धार्मिक पहचान उनकी घृणास्पद राजनीति को आगे बढ़ाने का मुख्य आधार है। भारत हमेशा से अपने संवैधानिक संस्थानों और सिद्धांतों के लिए खड़ा रहा है और लड़ता रहेगा। कुरैशी ने कहा, मैंने पूरी क्षमता के साथ चुनाव आयुक्त के संवैधानिक पद पर काम किया है और मेरा लंबा, संतुष्टिदायक करियर रहा है। भारत के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ टिप्पणी से हंगामा मचाने के बाद भाजपा सांसद दुबे ने रविवार को कुरैशी पर निशाना साधते हुए कहा था कि वे चुनाव आयुक्त नहीं बल्कि मुस्लिम आयुक्त हैं, कुरैशी ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम की आलोचना करते हुए इसे मुस्लिम भूमि हड़पने की सरकार की भयावह और बुरी योजना बताया था। कुरैशी पर दुबे का धर्म संबंधी कटाक्ष, सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई संजीव खन्ना पर तीखे हमले के एक दिन बाद आया, जिसमें उन्होंने भारत में धार्मिक युद्धों के लिए उन्हें दोषी ठहराया।

### जहां मुस्लिम साम्राज्य वहीं बस जाएं ममता: दुबे

**भागलपुर।** मुर्शिदाबाद में हुई हिंसक घटना पर केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को हिंदू पसंद नहीं है, इसलिए बनर्जी को भारत छोड़कर दूसरे जगह जाकर बस जाना चाहिए, जहां पर मुस्लिमों का साम्राज्य है। उन्होंने यह भी कहा कि ममता को मंदिर जाना पसंद नहीं है, लेकिन नमाज अदा करना पसंद है। बंगाल के मुर्शिदाबाद में जो घटना हुई है, वह सुनियोजित ढंग से की गई है। घटना बहुत ही शर्मनाक है। अगर भारत में ही हिंदू सुरक्षित नहीं रहेंगे तो कहां रहेंगे। उन्होंने दावा किया कि वहां पर जो हमला हुआ है, उसमें यह नहीं देखा गया है कि सामने वाला कौन है, सिर्फ यह देखा गया है कि हिंदू है, तो उसको मारो। उन्होंने कहा कि केंद्र वहां पर बीएसएफ भेजकर कार्रवाई कर रही है। अभी शांति का माहौल है। जैसे-जैसे जरूरत होगी सरकार उस अनुरूप और कार्रवाई करेगी।

# भारी बारिश से रामबन में तबाही, सेना ने संभाला मोर्चा

### दो दिन से बंद एनएच-44, सफाई अभियान शुरू

**जम्मू-कश्मीर, जेएनएन।** रामबन जिले में बादल फटने के बाद तबाही भरा मंजर देखने को मिला। लोगों के घर बह गए। राम बन इलाके में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। ऐसे में भारतीय सेना ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर संपर्क बहाल करने अभियान शुरू किया है। सड़क साफ करने और उस पर आवाजाही शुरू करने में 48 घंटे तक का समय लग सकता है। फंसे हुए यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए बनिहाल, कराचियाल, डिगदौल, मैत्रा और चंदरकोट से तुरंत प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) को तैनात किया गया। मौके पर आगे की सहायता के लिए आठ सेना की टुकड़ियां फिलहाल प्रमुख स्थानों पर स्टैंडबाय पर हैं। इस बीच केआरसीएल, सीपीपीएल और डीएमआर सहित नागरिक निर्माण फर्मों के जेसीबी और भी कई उपकरणों की मदद से बंद हुए राजमार्ग पर सफाई अभियान शुरू कर दिया है। मौके पर पहुंचकर भारतीय सेना की टीम ने स्थिति का जायजा लिया, फिर सेना ने जिला आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और यातायात अधीक्षक सहित नागरिक प्रशासन के अधिकारियों के साथ तुरंत कार्रवाई शुरू की। हालांकि, कोई आपातकालीन सहायता का अनुरोध नहीं किया गया है। चुनौतियों के बावजूद मौके पर मौजूद लोगों ने भारतीय सेना पर भरोसा जताया है। एक फंसे हुए शख्स ने बताया कि कोई दिक्कत नहीं है। सेना है न, सब कुछ ठीक हो जाएगा।

### बर्खास्त ट्रेनी आईएएस खेडकर को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से बर्खास्त ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को राहत मिली है। कोर्ट ने 21 मई अगले सुनवाई तक गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। कोर्ट ने पूजा को 2 मई को दिल्ली पुलिस के सामने पेश होने और जांच में सहयोग देने का आदेश दिया। हालांकि, कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जांच मे सहयोग नहीं किया तो अदालत सख्त फैसला लेगी। पूजा की अग्रिम जमानत की याचिका पर न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को मामले में धीमी जांच को लेकर फटकार लगाई और जल्द जांच पूरा करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा अब तक जांच में कुछ ठोस सामने नहीं आया है। ऐसा लग रहा है कि मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

# हैदराबाद में होगा आधुनिक शस्त्रों का निर्माण

**आईकॉम और काराकल ने किया फैक्ट्री का उद्घाटन**

**हैदराबाद, जेएनएन।** भारत की प्रमुख रक्षा कंपनी आईकॉम संयुक्त अरब अमीरात की प्रमुख शस्त्र निर्माता कंपनी काराकल के साथ हैदराबाद में आधुनिक शस्त्र का निर्माण करेगी। इसके तहत काराकल के शस्त्रों का स्थानीय उत्पादन किया जाएगा, जिससे भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। हैदराबाद में इसका शुभारंभ किया गया। दोनों कंपनियां संयुक्त रूप से असॉल्ट राइफल, स्नाइपर राइफल और पिस्तौल जैसे विभिन्न शस्त्रों का उत्पादन करेंगी। यह सुविधा भारत की आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने में भी मदद करेगी। काराकल और आईकॉम के बीच हुए समझौते के तहत काराकल प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता आईकॉम के साथ साझा करेगी, जिससे भारत में शस्त्र उत्पादन क्षमता के साथ आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी। काराकल और आईकॉम दोनों कंपनियां आधुनिक शास्त्रों के निर्माण की सुविधा को और विस्तार देने की योजना पर काम रही हैं, ताकि शस्त्र उत्पादन क्षमता को भी बढ़ाया जा सके। इसके शुभारंभ से भारत को अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए विदेशी मुद्रा की बचत करने में भी मदद मिलेगी।

# जाट सुपरहिट! बहन एशा का सनी के लिए पोस्ट



**नई दिल्ली, जेएनएन।** फिल्म जाट इन दिनों ऑडियंस की पहली पसंद बनी हुई है, जिसके चलते बॉक्स ऑफिस पर यह एक्शन थ्रिलर कमाल कर रही है। जाट की इस सफलता को देखते हुए हर कोई सनी देओल और मेकर्स की जमकर प्रशंसा कर रहा है। इस खास मौके पर सनी की सौतली बहन और एक समय पर बी टाउन की फेमस एक्ट्रेस रहीं एशा देओल ने भी अपना रिएक्शन दिया है। जाट की सक्सेस को लेकर एशा ने अपने बड़े भाई सनी को लेकर दिल की बात लिखी है। एशा ने लिखा, जिस तरह से जाट घरेलू बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन कर रही है। जाट की सक्सेस को देखते हुए एशा देओल ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी में एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है। इस स्टोरी में एशा ने सिनेमाघरों में जाट मूवी देखने का सीन शेयर किया है और साथ में लिखा है, आपको सिर्फ प्यार और अधिक मेरे भइया, मोर पावर। इस तरह से एशा देओल ने जाट को देखकर अपनी एक्साइटमेंट दिखाई है और फिल्म की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं। ये पहला मौका नहीं है, जब एशा ने सनी की किसी फिल्म की तारीफ की है, इससे पहले वह गदर 2 की सफलता पर भी खुशी जाहिर कर चुकी हैं। एशा देओल से पहले उनके पिता और दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने भी अपने बेटे की मूवी की सफलता का शोर मचाया है। इतना ही नहीं खुद सनी देओल ने भी जाट की सक्सेस को लेकर फैंस का शुक्रियादा किया है। 10 अप्रैल को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली जाट ने अपनी शानदार कहानी और सनी देओल के धमाकेदार एक्शन से फैंस का दिल जीत लिया है। बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म असरदार साबित हुई है और रिलीज के 11 दिन में इसने 75 करोड़ की सॉलिड कमाई भी कर ली है, जबकि वर्ल्डवाइड जल्द ही जाट 100 करोड़ के जादुई आंकड़ें को आसानी से छू लेगी।

# हत्या के आरोपियों का बहिष्कार पंचायत के 7 लोगों पर एफआईआर

**रांची, जेएनएन।** झारखंड के कोडरमा जिले के तरवन गांव में हत्या के एक मामले में जमानत पर रिहा हुए आरोपियों के सामाजिक बहिष्कार को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। ग्राम पंचायत के बहिष्कार के फैसले के बाद आरोपी पक्ष की ओर से सात ग्रामीणों के खिलाफ जयनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

एफआईआर के अनुसार, गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों ने पंचायत के माध्यम से तीनों आरोपी व्यक्तियों का सामाजिक बहिष्कार करने का निर्णय लिया था।

पंचायत ने यह आदेश 23 मार्च को पारित किया, जिसमें उन्हें 25 वर्षों के लिए सार्वजनिक स्थलों जैसे मंदिर, स्कूल और सामुदायिक केंद्रों में प्रवेश से वंचित कर दिया गया।

एफआईआर दर्ज करने वाली यशोदा देवी, जो दोहरे हत्याकांड की एक आरोपी हैं, ने आरोप लगाया कि पंचायत और गांव के नेतृत्व ने उनके पूरे परिवार को सामाजिक रूप से अलग-थलग कर दिया है। उन्होंने कहा, 'हमारे बच्चों को स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है, हम मंदिर में नहीं जा सकते और न ही गांव की सार्वजनिक गतिविधियों में भाग ले सकते हैं। यह स्थिति मानसिक रूप से हमें तोड़ रही है, और आत्महत्या जैसे विचार भी आ रहे हैं।'

एफआईआर में जिन सात लोगों के नाम हैं, उनमें जयनगर प्रमुख अंजू देवी, काकरछोली मुखिया राजकुमार यादव, इंद्रदेव यादव, रामाशिष यादव, रामशंकर यादव, ब्रह्मदेव यादव और जगन्नाथ यादव शामिल हैं।

वहीं मुखिया राजकुमार यादव ने इस निर्णय को पंचायत का सामूहिक फैसला बताया है। उनका कहना है, 'हमारा उद्देश्य समाज को एक संदेश देना था कि हत्या जैसे अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, भले ही आरोपी ज़मानत पर क्यों न हो।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एफआईआर का मकसद मुख्य हत्या मामले से ध्यान भटकाना है।

**तकनीक** | अंतरिक्ष में दूसरी बार स्पेस डॉकिंग करने वाला चौथा देश बना भारत

# इसरो को दूसरी बार डॉकिंग में कामयाबी

### भारत के लिए अंतरिक्ष स्टेशन बनाने में मिलेगी मदद



- भारत के भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए यह अहम मील का पत्थर साबित होगा।
- इससे भारत के लिए अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और चंद्रयान-4 अभियान के संचालन में और मदद मिलेगी।

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया में एक बार फिर भारत का डंका बज रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन (स्पैडेक्स मिशन) के तहत दूसरी बार दो सैटेलाइट्स की डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। सोमवार को केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी दी। यह तकनीक के सहारे अंतरिक्ष में दो या उससे अधिक अंतरिक्ष यान को एक साथ जोड़कर या कक्षा में साथ लाकर एक बड़ी संरचना बनाया जाता है। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन का निर्माण भी डॉकिंग के जरिए किया गया है। दूसरी बार डॉकिंग सफल डॉकिंग से साफ हो गया है कि अब भारत भी इस क्षेत्र का माहिर हो गया है, इससे भारत के लिए अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और चंद्रयान-4 अभियान के संचालन में और मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। जैसा कि पहले बताया गया था, पीएसएलवी-सी 60/स्पैडेक्स मिशन को 30 दिसंबर 2024 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था, इसके बाद उपग्रहों को पहली बार 16 जनवरी 2025 को सुबह 6.20 बजे सफलतापूर्वक डॉक किया गया और 13 मार्च 2025 को सुबह 9. 20 बजे सफलतापूर्वक अनडॉक किया गया। अगले दो सप्ताह में आगे के प्रयोगों की योजना बनाई गई है। भारत तेजी से तरक्की कर रहा है। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत अंतरिक्ष में डॉकिंग संबंधी प्रयोग करने वाला चौथा देश है। स्पेडेक्स में महारत हासिल करने से भारत की भविष्य में अंतरिक्ष योजनाओं के लिए मील का पत्थर साबित होने वाला है। चंद्रमा पर मानवयुक्त मिशन भेजने, वहां से अनुसंधान के लिए नमूने लाने और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण और संचालन करने के लिए यह बेहद जरूरी है, इसरो के मुताबिक स्पेडेक्स दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग कर अंतरिक्ष में डॉकिंग के लिए एक किफायती प्रौद्योगिकी मिशन है, जिसे पीएसएलवी के जरिए लॉन्च किया गया था।


## एलन भोपाल के शिवांश को 99.95 पर्सेन्टाइल



**भोपाल।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन अप्रैल-2025 के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट, भोपाल के स्टूडेंट्स ने पुनःश्रेष्ठता साबित की है। एलन भोपाल के एकेडमिक हेड ऋषिकेश शर्मा ने बताया कि एलन भोपाल के क्लासरूम स्टूडेंट शिवांश गोयल 99.9583231 पर्सेंटाइल एवं एआईआर 722 के साथ बॉयज सिटी टॉपर्स में से एक रहे। वहीं सौम्या तिवारी 99.8473968 पर्सेंटाइल एवं एआईआर 2369 के साथ गर्ल्स कैटेगरी में सिटी टॉपर रहीं। पर्व जैन, इज़यान जुबेरी, कृष्ण साबू, प्रणव साबले, धैर्य गर्ग, अथर्व नाग, श्रियांस अक्षित, मानस कारपेंटर, शुभांकर सिन्हा, अक्षत सक्सेना, अंशुल सिंह, कुशाग्र सिंह, अभिराज गौड़, सृष्टि गर्ग, ईशान अतुल केचे, भविष्य आचार्य, आदि ने 99 या अधिक पर्सेन्टाइल अर्जित किए हैं। परिणाम जारी होने के साथ ही एलन के आईएसबीटी भोपाल स्थित संस्कार कैम्पस में खुशियों के ढोल बजाए गए। स्टूडेंट्स और पेरेन्ट्स ने फैकल्टीज़ के साथ मिलकर रिजल्ट सेलीब्रेट किया और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने परिणामों पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि नेशनल रिजल्ट्स में टॉप-100 रैंक में एलन के 31 स्टूडेंट्स ने सफलता हासिल की। इनमें 300/300 अंक लाने वाले एलन कोटा क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा ने ऑल इंडिया रैंक पहला स्थान प्राप्त किया है। एनटीए की ओर से जारी परिणामों में ओवरऑल 100 परसेंटाइल स्कोर पर एलन कोटा के ओमप्रकाश बेहरा को आल इंडिया रैंक-1, सक्षम जिंदल ने एआईआर-10, अर्नव सिंह ने एआईआर-11, राजित गुप्ता ने एआईआर-16, मोहम्मद अनस ने एआईआर-17, लक्ष्य शर्मा-एआईआर-22 हासिल की है। एलन डिजिटल के ऑनलाइन लाइव क्लासरूम कोर्स के स्टूडेंट अरित्रों रॉय ऑल इंडिया रैंक 51 पर रहे। टॉप-100 में 31 स्टूडेंट्स एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से हैं। 25 क्लासरूम कोर्स से हैं तथा 6 स्टूडेंट्स डिस्टेंस लर्निंग व ऑनलाइन टेस्ट सीरिज़ के माध्यम से एलन से जुड़े हैं।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

+855 **79,408**

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Tech Mahindra | 1,389.00 | 5.10% |
| Trent | 5,374.50 | 4.47% |
| IndusInd Bank | 841.90 | 4.22% |
| Hero Motocorp | 3,932.50 | 3.85% |
| Power Grid Corp | 322.00 | 3.56% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Adani Ports | 1,259.40 | -1.29% |
| HDFC Life | 720.05 | -1.09% |
| ITC | 427.25 | -1.03% |
| HUL | 2,375.00 | -1.01% |
| Asian Paints | 2,467.90 | -0.93% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 85.13 |
| € यूरो | 98.30 |
| ¥ येन | 06.04 |
| £ पौंड | 114.08 |

# तूफानी तेजी के साथ उछला शेयर बाजार, बैंकिंग शेयरों ने दिखाया दम

**मुंबई, जेएनएन।** शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी है। बीते सप्ताह ताबड़तोड़ तेजी के बाद सोमवार को भी दोनों इंडेक्स ग्रीन जोन में ओपन हुए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स ५०० अंक उछलकर 78,903.09 के लेवल पर खुला और कुछ ही देर के कारोबार में ही ये 855 अंक चढ़ गया, तो वहीं दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी तेजी के साथ 23,949.15 के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की। कारोबार के दौरान बैंकिंग और आईटी स्टॉक में शानदार तेजी देखने को मिली और एचडीएफसी बैंक से एसबीआई तक भागते नजर आए।



### आज ये 10 शेयर सबसे तेज भागे

शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान सबसे तेज भागने वाले शेयरों में लार्जकैप में शामिल Tech Mahindra Share (3.54%), Infosys Share (2.80%), A&is Bank Share (2/54%), HDFC Bank Share (2.20%), SBI Share (2.10%) IndusInd Bank Share (1.90%) उछलकर कारोबार कर रहा था> वहीं मिडकैप कंपनियों में शामिल Yes Bank Share (4.37%), Suzlon Share (3.29%), AU Bank Share (3.10%) और Paytm Share (2.60%) की तेजी लेकर ट्रेड कर रहे थे।

**स्मॉलकैप शेयरों ने भी पकड़ी रफ्तार** – अब बात करते हैं स्मॉलकैप कंपनियों के शेयरों के बारे में, तो बता दें कि इसमें शामिल Deccan Gold Mines Share 15.47% की तेजी लेकर कारोबार कर रहा था. इसके अलावा Primo Chemicals Share ने 9 फीसदी की छलांग लगाई। JustDial Share (7.20%), Ino&Wind Share (5.72%), Shilctech Share (5 %) और Senco Gold Share (5%) की उछाल के साथ कारोबार कर रहे थे।

### मिनटों में सेंसेक्स 79000 के पार

शेयर मार्केट में कारोबार ओपन होने के साथ ही सेंसेक्स अपने पिछले बंद तुलना में उछाल के साथ 78,903.09 पर ओपन हुआ और दो घंटे के कारोबार के दौरान ये 850 अंकों की तेजी लेकर 79,432 के लेवल के पार निकलकर कारोबार करता नजर आया। इसी तरह निफ्टी इंडेक्स भी अपने पिछले बंद 23,851 की तुलना में चढ़कर 23,949.15 पर खुला और इसके बाद सेंसेक्स के कदम से कदम मिलाकर रफ्तार पकड़ता गया। निफ्टी ने भी कारोबार के दौरान ही 24,132 का स्तर छू लिया। वहीं दोपहर के 12 बजते-बजते ये तेजी और भी बढ़ती चली गई और खबर लिखे जाने तक सेंसेक्स 1020 अंक से ज्यादा उछलकर 79,600.17 के स्तर पर कारोबार करता नजर आया, जबकि एनएसई निफ्टी ने भी रफ्तार पकड़े रखी और 320 अंकों से ज्यादा की तेजी लेकर 24,182 के स्तर पर ट्रेड करता दिखा।

### ऑल टाइम हाई पर एचडीएफसी का शेयर

शेयर मार्केट में तेजी के बीच भाग रहे बैंकिंग स्टॉक्स में शामिल देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर के बैंक एचडीएफसी का शेयर ओपन होने के साथ ही 2 फीसदी से ज्यादा चढ़ गया था और कुछ ही देर में ये उछलकर 1950.70 रुपये के लेवल पर जा पहुंचा, जो इसका 52 वीक का नया हाई लेवल है। शेयर में तेजी के बीच बैंक का मार्केट कैप भी बढ़कर 14.71 लाख करोड़ रुपये हो गया। बता दें कि मार्केट वैल्यू के हिसाब से एचडीएफसी बैंक मुकेश अंबानी की रिलायंस के बाद दूसरी बड़ी कंपनी है।

### आईसीआईसीआई की मार्केट वैल्यू 10 लाख करोड़ के पार

प्राइवेट सेक्टर के दूसरे सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई ने भी सोमवार को अपना जलवा दिखाया और इसके शेयर ने भी शुरुआती कारोबार में तेज रफ्तार के साथ 1436 रुपये का नया हाई लेवल छू लिया। इसके साथ ही बैंक का मार्केट कैप भी 10 लाख करोड़ रुपये के पार निकल गया। कोटक महिंद्रा बैंक ने भी 3त्न के करीब उछलकर 2237 रुपये का नया हाई लेवल टच किया। अन्य बैंकिंग स्टॉक्स की बात करें, तो देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई का शेयर भी तूफानी रफ्तार पकड़े नजर आया। एसबीआई शेयर 3.80 प्रतिशत तक उछला और 824.35 रुपये पर पहुंच गया। स्टॉक में आई तेजी के बीच इसकी मार्केट वैल्यू 7.31 लाख करोड़ रुपये हो गई।

# ट्रेड वॉर के चलते पूरी दुनिया में मचेगी भारतीय खिलौनों की धूम



**नई दिल्ली, जेएनएन।** एक ओर जहां अमेरिका और चीन में ट्रेड वॉर छिड़ी है और दोनों देश एक-दूसरे के आयात पर तगड़ा टैरिफ लगाते जा रहे हैं। ऐसे में भारत के टॉय सेक्टर के लिए ये एक सुनहरा मौका है। भारत के खिलौना निर्यातकों ने भी अमेरिका द्वारा चीनी आयात पर लगाए गए हाई टैरिफ के बाद कमर कस ली है। साथ ही चीनी वस्तुओं पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक बाजारों पर नजर रखने वाले अमेरिकी खरीदारों की बढ़ती पूछताछ से उभरने वाले सुनहरे अवसर का लाभ उठाने का प्लान तैयार कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय खिलौना संघ ने अनुपालन जरूरतों को पूरा करते हुए अमेरिकी बाजार में निर्यात करने की क्षमता रखने वाली लगभग 40 कंपनियों की पहचान की है, जो अमेरिकी बाजार में निर्यात करने की क्षमता रखती हैं। संघ के अध्यक्ष अजय अग्रवाल की मानें तो वर्तमान में कई कंपनियां अमेरिकी बाजारों में भारी मात्रा में खिलौनों का निर्यात करती हैं। उन्होंने कहा कि हमें बीते एक महीने में अमेरिका के खिलौना खरीदारों से लगातार पूछताछ मिल रही है।

### अमेरिका खिलौनों का बड़ा बाजार...

अजय अग्रवाल के मुताबिक, ये हमारे लिए अमेरिका के खिलौना बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने का मौका है। अमेरिका खिलौनों के लिए एक बड़ा बाजार है और चीन पर हाई टैरिफ लगाने से भारतीय खिलौना निर्यातकों को फायदा होगा। अन्य देशों की तुलना में कम टैरिफ के चलते हमें फायदा होगा। उन्होंने आगे कहा कि टॉय सेक्टर में भारत की करीब 20 कंपनियां पहले से ही अमेरिका को बड़ी मात्रा में खिलौनों का निर्यात कर रही हैं। वैश्विक खिलौना और गेमिंग मार्केट अनुमानित करीब 114.4 अरब डॉलर का है, वहीं रिसर्च के आंकड़ों को देखें तो अमेरिका का खिलौना बाजार बीते साल 2024 में 42.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया था।

### खिलौना निर्यात में भारत अब पावर हाउस बन रहा

करीब 1 दशक पहले तक निर्यात के मुकाबले भारत का खिलौना आयात ज्यादा हुआ करता था, लेकिन अब इस सेक्टर में भारत की धमक दुनिया भर में दिखने लगी है। कोरोनाकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल की अपील की थी और कहा था कि खिलौनों के निर्यात में भारत अब पावर हाउस बन रहा है। फिलहाल भारत का खिलौना उद्योग करीब 1.7 अरब डॉलर का है और अब ट्रंप के चलते सबसे बड़े खिलौना आयातक अमेरिका में चीनी खिलौनों की एंट्री मुश्किल होने से भारत के पास वहां कारोबार बढ़ाने का मौका है।

## आईटीसी लिमि. बेबी केयर मदर स्पर्श में हिस्सेदारी बढ़ाएगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनी आईटीसी लिमिटेड ने भारतीय बेबी केयर ब्रांड मदर स्पर्श में अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाने का ऐलान किया है। कंपनी इस अतिरिक्त निवेश के जरिए अब 49.3 फीसदी हिस्सेदारी हासिल कर लेगी। रिपोर्ट्स की मानें, तो आने वाले सालों में आईटीसी इसमें बाकी की हिस्सेदारी खरीदने की भी योजना बना रही है। नए निवेश के साथ ही मदर स्पर्श में कंपनी का कुल निवेश 126 करोड़ रुपये हो जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक आईटीसी की बेबी केयर ब्रांड मदर स्पर्श में 26.5 फीसदी की हिस्सेदारी थी, लेकिन अब कंपनी ने 81 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश किया है। यह निवेश दो चरणों में किया जाएगा, जिसमें एक हिस्सा कंपनी सीधे शेयर खरीद कर लगाएगी और दूसरा सेकेंडरी मार्केट से हिस्सेदारी लेकर जिससे कंपनी 126 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ कंपनी में 49.3 फीसदी की हिस्सेदार होगी। भारतीय कारोबारी सेक्टर में टाटा से लेकर रिलायंस तक बड़े नाम शामिल हैं और देश की टॉप-10 वैल्यूएबल कंपनियों में आईटीसी लिमिटेड का नाम भी आता है। इस कंपनी का इतिहास 115 साल पुराना है और 1910 में शुरू हुई आईटीसी लिमि. सिगरेट से लेकर अगरबत्ती तक बनाती है। खास बात ये है कि ये कंपनी शेयर बाजार में बोनस और डिविडेंड देने के मामले में भी अव्वल रही है। इसके बनाए गए प्रोडक्ट्स में से कोई न कोई हर घर में इस्तेमाल होता है।

# सोने ने दिया 25 प्रतिशत का रिटर्न भाव एक लाख रुपए के पार पहुंचेगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** साल 2025 में जहां शेयर बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है, तो वहीं सोने की कीमतों ने नए शिखर को छुआ है और अब तक हर रोज ये पुराने रिकॉर्ड तोड़ता जा रहा है। अगर गोल्ड इंवेस्टर्स को हुए फायदे पर नजर डालें, तो इस साल के पहले 4 महीनों में सोने ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए साल-दर-साल करीब 25 फीसदी का तगड़ा रिटर्न दिया है। न केवल घरेलू मार्केट में इसका भाव 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम की ओर बढ़ता जा रहा है, बल्कि एमसीएक्स और कोमेक्स दोनों एक्सचेंजों पर ये रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, घरेलू मार्केट में सोने के भाव में तेज उछाल आया है। 999 शुद्धता वाला 24 कैरेट गोल्ड 94,910 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, तो 22 कैरेट गोल्ड 92,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 20 कैरेट सोने का भाव 84,470 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा। 18 कैरेट वाले सोने का रेट घरेलू मार्केट में 76,880 रुपये प्रति 10 ग्राम है। गौरतलब है कि इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन हर दिन गोल्ड और सिल्वर के प्राइस की जानकारी देता है. यहां आपको बिना टैक्स और मेकिंग चार्ज के गोल्ड और सिल्वर रेट बताए जाते हैं।



### एमसीएक्स पर लाइफ टाइम हाई पर गोल्ड

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर गोल्ड ने बीते सप्ताह ही अपने लाइफ टाइम हाई लेवल को टच किया था। सिर्फ अप्रैल महीने में ही अब तक करीब 5000 रुपये से ज्यादा महंगा हो गया है। 1 अप्रैल को 10 ग्राम सोने की कीमत एमसीएक्स पर 90,875 रुपये थी। वहीं साल 2025 की शुरुआत में ये 78000 रुपये के आस-पास कारोबार कर रहा था। घरेलू मार्केट में भी सोना लगातार नए मुकाम पर पहुंच रहा है, बीते सप्ताह दिल्ली के सर्राफा मार्केट में 10 ग्राम गोल्ड 98000 के पार निकल गया था। यानी लखटकिया होने के बिल्कुल नजदीक। अगर गोल्ड के दाम में तेजी की ये रफ्तार जारी रही, तो जल्द ही ये 10 ग्राम सोना 1 लाख रुपये के पार निकल सकता है।

### आखिर क्यों बढ़ रही सोने की कीमत

यहां ये जान लेना जरूरी है कि आखिर सोने की कीमतें इस तेज रफ्तार के साथ क्यों बढ़ रही हैं तो बता दें कि किसी भी अनिश्चितता या भू-राजनीतिक जोखिमों, व्यापार तनाव या आपदा के समय में सोना निवेश का सबसे सुरक्षित ठिकाना माना जाता है। फिलहाल, भी ट्रंप टैरिफ के चलते अमेरिका और चीन आमने-सामने हैं. इसके अलावा दुनियाभर के शेयर बाजार में उथल-पुथल मची है। मंहगाई को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# ऑटोमोबाइल एक्सपोर्ट 53 लाख यूनिट पहुंचा

## मारूति सुजुकी और हुंडई रहे टॉप पर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश का ऑटोमोबाइल एक्सपोर्ट फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 53 लाख यूनिट्स पर पहुंच गया है। यह देश के ऑटोमोबाइल सेक्टर की बढ़ती क्षमता को दिखाता है। कार और एसयूवी निर्यात में मारुति सुजुकी और हुंडई टॉप पर रहे। वहीं, टू-व्हीलर के निर्यात में बजाज ऑटो, टीवीएस और होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर्स ने बाजी मारी। सोसाइटी फॉर इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार 2024-25 के दौरान देश का कुल वाहन निर्यात 53,63,089 यूनिट्स तक पहुंच गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष के आंकड़े 45,00,494 यूनिट्स से अधिक है। यह फ्रॉन्क्स के बाद दूसरी एसयूवी है जिसे मारुति सुजुकी अपनी प्रमोटर कंपनी (सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन) को निर्यात कर रही है। कंपनी फ्रॉन्क्स एसयूवी को अपने गुजरात प्लांट से जापान को निर्यात करती है, जिसकी खेप राज्य के पिपावाव बंदरगाह से भेजी जाती है।

इसके अलावा हुंदई मोटर इंडिया का प्रदर्शन मजबूत रहा है। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष में 1,58,686 वाहनों का निर्यात किया है।

### आटो सेक्टर का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन

यात्री वाहनों का शिपमेंट फाइनेंशयिल ईयर 2024-25 में बढ़कर 7,70,364 यूनिट्स पर पहुंच गया है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में 6,72,105 यूनिट्स पर था। सियाम ने कहा कि यह अब तक का सबसे अच्छा सालाना प्रदर्शन था। इसकी वजह ग्लोबल मार्केट में बेचे जाने वाले भारत में बने मॉडलों की मांग बढ़ना था। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति सुजुकी ने भी अपनी यूटिलिटी व्हीकल जिम्नी का जापान को निर्यात शुरू कर दिया है। मेक्सिको, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका वर्तमान में इस कार के लिए शीर्ष तीन निर्यात बाजार हैं।

## 1000 से 7500 रु. हो जाएगी ईपीएस पेंशन




**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईपीएस के तहत न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी की मांग कर रहे पेंशनभोगियों के लिए अच्छी खबर है। ट्रेड यूनियन और पेंशनभोगियों द्वारा लंबे समय से की जा रही डिमांड पर अब सरकार भी एक्शन में दिख रही है। संसद की एक स्थायी समिति ने श्रम मंत्रालय से एक निश्चित समय सीमा के भीतर किसी थर्ड पार्टी से ईपीएस का मूल्यांकन पूरा करने के लिए कहा है। दरअसल, काफी लंबे समय से पेंशनभोगियों की मांग है कि कर्मचारी पेंशन योजना के तहत न्यूनतम पेंशन राशि बढ़ाई जाये. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने 2014 में उन ईपीएफओ सदस्यों के लिए न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन 1,000 रुपये तय की थी जो कम से कम 10 साल तक पेंशन स्कीम में योगदान करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, यह पहली बार है जब सरकार किसी थर्ड पार्टी से ईपीएस का मूल्यांकन करवाएगी।

# इंडिगो सहित 3 विमान कंपनियों को 1500 करोड़ का नोटिस




### आयकर विभाग ने लगाया है शैल कंपनियों से टैक्स बचाने का आरोप, कंपनियों ने गलत बताते हुए कोर्ट में चुनौती देने की बात कही

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इनकम टैक्स विभाग ने इंडिगो समेत तीन डोमेस्टिक एयरलाइन कंपनियों और उनसे जुड़े 15 इंटरनेशनल विमान लेसर्स (लीज पर विमान देने वाली कंपनियों) को 1,500 करोड़ रुपए का टैक्स नोटिस भेजा है। आयकर विभाग ने इन पर आयरलैंड में बनी कागजी कंपनियों (शेल कंपनियों) के जरिए टैक्स बचाने का आरोप लगाया है। ये नोटिस अक्टूबर 2024 और मार्च 2025 में भेजे गए थे। टैक्स में हेरफेर का यह मामला 2021-22 और 2022-23 के वित्तीय वर्षों से जुड़ा है।

### आयरलैंड में शेल कंपनियों से टैक्स में हेराफेरी का आरोप

दरअसल, टैक्स अधिकारियों का कहना है कि एयरलाइंस ने विमानों को किराए पर लेने के लिए आयरलैंड में SPV/SPC (स्पेशल पर्पज व्हीकल) नाम की शेल कंपनियां बनवाईं, जिनका असल में कोई कारोबार, ऑफिस या कर्मचारी नहीं है। इनका मकसद सिर्फ आयरलैंड-भारत के बीच टैक्स संधि का फायदा उठाकर भारत में टैक्स चुकाने से बचना था। हालांकि कंपनियों ने इसे गलत बताते हुए कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है। वहीं, आयरलैंड सरकार ने भी अपने लेसर्स का बचाव करते हुए कहा है कि उनकी कंपनियों को शेल बताने के आरोप गलत हैं। वे असली कंपनियां हैं।

### 6 महीने में 19.66 प्रतिशत चढ़ा इंडिगो का शेयर

इंडिगो का शेयर आज यानी, 21 अप्रैल को 2.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,493.50 रुपए पर कारोबार कर रहा है। पिछले 5 कारोबारी दिनों में शेयर 6.67 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है। पिछले 1 साल में शेयर 47.40 प्रतिशत तक चढ़ चुका है। इससे पहले 30 मार्च को इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को आयकर विभाग ने 944.20 करोड़ रुपए का पेनाल्टी ऑर्डर भेजा था। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि 2021-22 असेसमेंट ईयर के लिए इनकम टैक्स एक्ट 270ए के तहत ये पेनाल्टी लगाई गई है। इसके साथ चेन्नई के संयुक्त आयकर आयुक्त ने कंपनी पर 2.84 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया था। इंडिगो ने इनकम टैक्स की पेनाल्टी को बेबुनियाद बताया था। कंपनी ने कहा कि सेक्शन 143(3) के तहत असेसमेंट ऑर्डर के खिलाफ दायर अपील अभी पेंडिंग है, लेकिन टैक्स अधिकारियों ने इसे खारिज मानकर जुर्माना लगा दिया। कंपनी ने आगे बताया कि वह इस मामले में कानूनी रास्ता अपनाएगी और इस ऑर्डर को चुनौती देगी। पेनाल्टी का रेवेन्यू, ऑपरेशन या बिजनेस पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है।

# 2 घंटे में ऋषिकेश से कर्णप्रयाग का योग

योगनगरी ऋषिकेश से तपोनगरी कर्णप्रयाग का सफर अब दो घंटे में ही पूरा होने वाला है। भारतीय रेल ने देवभूमि में 'शिव' और 'शक्ति' के वरदान से देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग के निर्माण में सफल ब्रेकथ्रू हासिल कर लिया है। 125 किमी से अधिक लंबी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता, तीर्थ स्थलों और आध्यात्मिक महत्व को नए सिरे से परिभाषित करने वाली है। यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन को हर साल लाखों श्रद्धालु यात्रा पर निकलते हैं। मगर भौगोलिक संरचना और सीमित कनेक्टिविटी ने हमेशा से यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए चुनौतियां पेश की हैं। इन चुनौतियों को दूर करने और उत्तराखंड के दुर्गम इलाकों को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए भारतीय रेल ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना शुरू की। इस परियोजना के पूरा होने से करोड़ों श्रद्धालुओं के चारधाम यात्रा की मन्नत पूरी होने वाली है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना हिमालय के दुर्गम और भौगोलिक तौर पर संवेदनशील क्षेत्र (सिस्मिक जोन ४) में बन रही है। इस रेल लाइन में देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग 14.577 किमी (47825 फीट) शामिल है, जो देवप्रयाग और जनासू के बीच बन रही है। 16 अप्रैल, 2025 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 14.58 किमी लंबी सुरंग टी-8 के ब्रेकथ्रू का उद्घाटन किया, जो देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग है। इसके अलावा 38 नियोजित सुरंग ब्रेकथ्रू में से 28 पूरे हो चुके हैं। परियोजना के पहले चरण को 2026 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है, और 2027 के मध्य तक यह पूरी तरह से चालू हो सकती है। इस परियोजना में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, जैसे कि टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) जिसने सुरंग निर्माण में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। अगस्त 2024 में टनल बोरिंग मशीन 'शिव' और 'शक्ति' ने एक महीने में 1080.11 रनिंग मीटर सुरंग खोदकर नया रिकॉर्ड बनाया। इस परियोजना में रेल ब्रिज नंबर 8 इंजीनियरिंग का एक और चमत्कार है।

### योग से तप की कनेक्टिविटी

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना 125.2 किमी लंबी ब्रॉड गेज रेल लाइन है, जो योग नगरी को ऋषिकेश कर्णप्रयाग से जोड़ेगी। यह परियोजना भारतीय रेल की चारधाम रेल परियोजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य उत्तराखंड के चार पवित्र तीर्थ स्थलों को रेल नेटवर्क से जोड़ना है। इस रेल लाइन की कुल लागत लगभग 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। परियोजना की सबसे खास बात यह है कि इसका 83 प्रतिशत हिस्सा सुरंगों से गुजरेगा, जिसमें 17 मुख्य सुरंगें और 12 एस्केप टनल शामिल हैं। इसकी कुल लंबाई 213 किलोमीटर है, जिसमें 193 किलोमीटर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।





> इस परियोजना के तहत टीबीएम तकनीक का पहली बार पहाड़ी इलाकों में इस्तेमाल हुआ है। 9.11 मीटर व्यास वाली सिंगल-शील्ड रॉक टीबीएम ने जिस गति और सटीकता का प्रदर्शन किया, वह भारत के निर्माण क्षेत्र में एक नई मिसाल है। ● श्री अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री

### जुड़ेंगे ये पांच जिले



ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक सड़क मार्ग से 6-7 घंटे लगते हैं जो मौसम और भूस्खलन के कारण और बढ़ सकता है। चारधाम रेल परियोजना के तहत बन रही ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन इस दूरी को तकरीबन दो घंटे में पूरा करेगी। इससे तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए यात्रा तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाएगी। उत्तराखंड में भारी बारिश, बर्फबारी और भूस्खलन के कारण सड़क मार्ग अक्सर अवरुद्ध हो जाते हैं। मानसून और सर्दियों के मौसम में यह अक्सर होता है। इस परियोजना का 83 प्रतिशत हिस्सा सुरंगों के माध्यम से गुजरता है, जो इसे मौसम की मार से मुक्त रखेगा और निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा, जिससे तीर्थयात्री और पर्यटक साल भर चारधाम की यात्रा कर सकेंगे। यह परियोजना उत्तराखंड के पांच प्रमुख जिलों–देहरादून, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग और चमोली–को रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। योग नगरी ऋषिकेश, मुनि की रेती, देवप्रयाग, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, गौचर और कर्णप्रयाग जैसे शहर और कस्बे रेल मार्ग से जुड़ जाएंगे। इससे सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों के लोग स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, रोजगार और बाजारों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। चारधाम रेल परियोजना का मुख्य उद्देश्य यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ को रेल नेटवर्क से जोड़ना है।



### आर्थिक और सामाजिक लाभ

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने वाली है। चारधाम यात्रा के अलावा, उत्तराखंड के अन्य पर्यटन स्थल जैसे ऋषिकेश, हरिद्वार और औली तक पहुंचना आसान हो जाएगा। इससे स्थानीय व्यापार, होटल उद्योग और परिवहन सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा और उत्तराखंड के सुदूर इलाकों में नए व्यापार केंद्रों के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। देवप्रयाग, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग और गौचर जैसे शहरों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।



# नि:स्वार्थ सेवा करने वाली सामाजिक संस्था है रेडक्रास : सिरमौर विधायक




## मरणोपरांत देहदान का संकल्प

मरणोपरांत पांच लोग ने देहदान का संकल्प लिया है। गीता शर्मा वार्ड 2 सिरमौर, रामाधार द्विवेदी पड़री, रामदयाल सेन वार्ड 9 नागेंद्र सिंह, सुखी लाल कुशवाहा को मुख्य अतिथि द्वारा शाल श्री फल, स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इसी तरह नेत्रदान करने वाले दो लोग को सम्मानित किया। आभार सरोज सिंह चेयरपर्सन रेडक्रास सोसायटी सिरमौर ने किया। मंडल अध्यक्ष सुदामा कोल, सुरेश सिंह ज्ञानेंद्र गौतम, विकास सोनी, पुष्पेंद्र शुक्ला, प्रदीप सिंह, कुलदीप सिंह, सहित रेडक्रास सोसायटी के स्टाफ एवं सामाजिक कार्यकता जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**सिरमौर, नि.प्र.।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी उपशाखा सिरमौर के बाउंड्री वाल लोकार्पण के साथ पूर्व रेडक्रास सोसायटी सिरमौर के चैयरमैन स्वर्गीय डीपी सिंह की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत बाउंड्रीवाल लोकार्पण के साथ स्वर्गीय डीपी सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह ने बाउंड्री वाल के लोकार्पण के अवसर पर कहा है कि रेडक्रास सोसायटी सामाजिक संस्था है। सभी क्षेत्र में अपना योगदान दे रही है। समाज के लिए कुछ कर रही है तो वह है रेडक्रास सोसायटी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा ने भी रेडक्रास पर प्रकाश डाला। स्मृति चिन्ह भेट कर अतिथियों का स्वागत गुरुदत्व सिंह वाइस चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी ने किया। कार्यक्रम का संचालन कर सचिव रेडक्रास ने किया। डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी चैयरमैन रीवा, एके खान वाइस चैयर मैन रीवा समाजसेवी दिवाकर द्विवेदी, रवीना साकेत ने विचार व्यक्त किए।

# आईटीआई मऊगंज में युवा संगम कार्यक्रम 25 को

**आंचलिक डेस्क।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मऊगंज में 25 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया है। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 6 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता तथा आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा तथा प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, डीएमसी फिनिशिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे में रोजगार के अवसर

# क्रांतिकारी युवा परिषद् ने बाबा साहब की पखवाड़ा जयंती मनाई



**आंचलिक डेस्क।** क्रांतिकारी युवा परिषद सेवा समिति द्वारा 20 अप्रैल को रीवा इंटरनेशनल स्कूल गडरिया में बाबा साहब की 134वीं पखवाड़ा जयंती का मनाई गई। जिसमें परिषद् के अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल सचिव विजय पटेल एवं समस्त कोर कमेटी सदस्य एवं समाज के बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। साथ ही सभी ने बाबासाहब पर अपने-अपने विचार रखें। संगठन के वरिष्ठ समाज सेवी नीरज पटेल ने सभी को कार्यक्रम में उपस्थित होने पर स्वागत किया। मुख्य वक्ता के रूप में केपी कुर्मवंशी और रीवा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी ई दीपक सिंह रीवा ने बताया बाबा साहब की सोच थी कि राष्ट्रपति और चपरासी के बच्चे की शिक्षा एक समान होनी चाहिए, जिससे समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को भी आगे आने का अवसर मिले। आज बाबा साहब का लोहा पूरा विश्व मानता है। संगठन के संरक्षण रामजी पटेल ने समापन आभार व्यक्त किया। अंत में क्रांतिकारी युवा परिषद रीवा इंटरनेशनल स्कूल के संचालक आदरणीय सुरेंद्र पटेल को स्थान प्रदान करने के लिए साधुवाद ज्ञापित करता है और कार्यक्रम में आए हुए सभी सम्मानित बुद्धिजीवियों को क्रांतिकारी युवा परिषद् सेवा समिति ने आभार व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ताओं में केपी कुर्मबंसी, एडवोकेट रावेन्द्र पटेल, विश्वनाथ चोटीवाला, दिनेश डायमंड, दिनेश ओबीसी, पुष्पेंद्र पटेल, पूर्व प्रत्याशी ई दीपक सिंह, शत्रुघ्न पटेल, जय सिंह, मृगेंद्र पटेल, राजेंद्र सिंह रिंकू, राकेश रतन सिंह, राजकुमार राणा, बिल्लू सिंह बरा, राजकुमार पटेल, राजू पटेल, भारत पटेल, एवं सभी सम्मानित समाजसेवी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत केचुहा में खराब है आधा दर्जन से ज्यादा हैंडपंप

## सरपंच ने जिला कलेक्टर को लिखा पत्र

**जवा ब्यूरो।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड सिरमौर उपखंड जवा जनपद पंचायत जवा अंतर्गत ग्राम पंचायत केचुहां की सरपंच संगीता देवी पाण्डेय ने मुख्य कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग संभाग रीवा को पत्र लिखकर खराब पड़े आधा दर्जन से ज्यादा हैंडपंपों की मरम्मत शीघ्र कराये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत अंतर्गत रघुनाथपुर में मोलई प्रसाद कोल, मन विसरामन कोल, लल्लू कोल, मिन्तू कोल के घर के सामने रघुनाथ पुर के एवं पंचायत भवन केचूहा राजेंद्र गुप्ता, लाला जयसवाल, वाल्मीकि कोल, माध्यमिक शाला केचहा में लगे शासकीय हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं। पूरे ग्राम पंचायत मे पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है जिसकी लगातार शिकायतों के बावजूद पीएचई में पदस्थ अधिकारियों द्वारा हैंडपंपों को नहीं सुधारा जा रहा है। साथ ही उन्होंने पीएचई कार्यालय खंड जवां में पदस्थ उपयंत्री सहित हैंडपंप मैकेनिकों एवं हैंडपंप मरम्मत कार्य मे लगें ठेकेदार पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए कहा कि कागजों में हैंडपंपों की मरम्मत कराकर शासन प्रशासन को गुमराह कर रहे है, जबकि वास्तविकता कुछ और है। उन्होंने जिला कलेक्टर रीवा सहित क्षेत्रीय विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी का ध्यानाकर्षण कराकर ग्राम पंचायत केचुहा के खराब पड़े हैंडपंप सुधारे जाने की मांग की है।

# लोरीगढ़ खरीदी केंद्र पर ठेकेदारी के नाम पर बड़े घोटाले होने के लगे आरोप

**गढ़, नि.प्र.।** संवाददाता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रीवा जिले में गेहूं खरीदी का कार्य प्रारंभ होते ही पुराने आरोप एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। लोरीगढ़ और मऊगंज क्षेत्र के खरीदी केंद्रों में वर्षों से चल रही ठेकेदारी व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। किसानों के हक की खरीदी व्यवस्था अब भ्रष्टाचार का अड्डा बनने के लगातार आरोप लगाए जा रहे हैं, जहां बिना किसी कानूनी आधार और पारदर्शिता के खरीद प्रक्रिया संचालित की जा रही है। संवाददाता के अनुसार खरीदी केंद्रों पर किसान जहां समय पर समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर समिति के कर्मचारी मनमाने तरीके से टोल और सेवा शुल्क के नाम पर वसूली कर रहे हैं। किसानों से गेहूं में रु 10 प्रति क्विंटल, धान में रु 12-13 प्रति क्विंटल और ट्रैक्टर लाइन में नंबर लगाने के लिए रु 500 तक की अवैध राशि ली जा रही है। वहीं यह भी सामने आया है कि खाद वितरण में भी पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। चर्चा यह भी है कि खाद की हर बोरी से पर्कही निकाल कर अवैध रूप से बेची जाती है, जिससे करोड़ों की अवैध कमाई होती है।

# प्रतिबंध के बावजूद जलाई जा रही नरवई, जिम्मेदार बेखबर



**जवा ब्यूरो।** जवा तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत छदहना में किसान अपने खेत में नरवई खड़ी दोपहरी में जला रहे हैं, उन्हें न किसी आदेश की खबर है और न ही किसी का डर, जबकि जिला कलेक्टर रीवा द्वारा नरवई जलाने में पूर्व रुपेण रोक लगाएं जाने के आदेश दिए गए हैं, जिसका पालन स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी अनुविभागीय एवं तहसीलदार, आरआई, सरपंच, सचिव सहित पटवारी की है, लेकिन यह सब अधिकारी बेखबर हैं और कलेक्टर के आदेश की खुलेआम अवहेलना की जा रही है, सरकार की मंशानुरूप ग्राम पंचायतों में गौशालाएं बनाई गई, लेकिन गौवंश नहीं है, आज गौवंश चारा भुसा पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इनकी सुचारू रूप से व्यवस्था नहीं हो पा रही हैं उसके बावजूद किसानों द्वारा खेतों में धड़ल्ले से नरवयी जलाया जा रहा है। संवाददाता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस संबंध में स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी से एसडीएम से सम्पर्क कर जानकारी देने का प्रयास किया गया तो अधिकारियों का फोन स्विच ऑफ आ रहा था।

# श्रमिकों को न्याय दिलाने सीटू की बैठक जेपी नगर में संपन्न

## 20 मई को होने वाली राष्ट्रीय हड़ताल के संबंध में विस्तार से हुई चर्चा



**नौवस्ता नि.प्र.।** सीमेंट श्रमिक एकता यूनियन सीटू कार्यालय जेपी नगर में सीमेंट मजदूरों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई जिसमें 20 मई को होने वाली हड़ताल के बिंदुओं के संबंध में श्रमिकों से विस्तार से चर्चा की गई। संवाददाता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा श्रमिकों के अधिकारों को समाप्त करने की साजिश के तहत 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार बोर्ड में तब्दील कर रही है। इस कोर्ट में श्रमिकों के सभी अधिकार समाप्त हो जाएंगे। उद्योग पतियों को मनमानी अधिकार हासिल हो जाएंगे। श्रमिकों ने बैठक में संकल्प लिया कि सीमेंट मजदूर भी इस हड़ताल में पूरी ताकत के साथ शामिल होंगे। बैठक में सीटू द्वारा न्यूनतम वेतन के संबंध में जारी लंबी लड़ाई के बाद उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ से श्रमिकों के पक्ष में आदेश जारी होने के बाद बढ़ा हुआ वेतन एवं एरियस के साथ भुगतान श्रमिकों को शुरू कर दिया गया है। यह सीटू के प्रयासों की एक बड़ी जीत हुई हैं। बैठक में मुख्य रूप से सीटू के जिला अध्यक्ष गिरजेश सिंह सेंगर, सीमेंट यूनियन के महासचिव राकेश सिंह, संभागीय सहायक महासचिव यूवी द्विवेदी, हरिलाल सिंह, राकेश शुक्ला, मनोज तिवारी, श्रवण मिश्रा, गुरु प्रसाद के साथ ही काफी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में भागीदारी निभा रहे कई विभाग



**आंचलिक डेस्क।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा शहरी क्षेत्र में नगरीय निकायों द्वारा जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। नगरीय निकायों में पक्के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने तथा हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ-साथ नगरीय निकायों में जल संरक्षण के लिए जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। कृषि तथा उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके इच्छुक किसानों के आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। किसानों को जल चौपाल और कृषक परिचर्चा के माध्यम से जल संरक्षण के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के ग्राम खुझ में कृषक परिचर्चा का आयोजन किया गया।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जल संरक्षण के लिए विद्यार्थियों के माध्यम से रैली निकाली जा रही है। साथ ही निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं चित्र प्रतियोगिता के माध्यम से जल संरक्षण के संदेश दिए जा रहे हैं। इस क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझियार तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलखन में निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाकर तथा बिगड़े हैण्डपंपों को सुधारकर जल संवर्धन में योगदान दिया जा रहा है। इस क्रम में नगर परिषद गुढ़ में पीएचई विभाग द्वारा हैण्डपंपों का सुधार एवं साफ-सफाई का कार्य कराया गया। उद्योग विभाग औद्योगिक इकाईयों में जल संरक्षण के कार्य कराकर जल गंगा संवर्धन अभियान में सहयोग कर रहा है। इस क्रम में औद्योगिक क्षेत्र चोरहटा में तीन औद्योगिक इकाइयों तथा ग्राम महसांव में अंकिता राइस मिल में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत सगरा में खेत तालाब निर्माण तथा ग्राम पंचायत दुबगवां दुबान में तालाब की सफाई का कार्य शुरू किया गया। जनपद पंचायत सिरमौर की ग्राम पंचायत बम्हनी अजमेर तथा जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत सरैहा में भी खेत तालाब का निर्माण शुरू किया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वसहायता समूहों द्वारा विकासखण्ड रीवा की ग्राम पंचायत बिहरा में हैण्डपंप की साफ-सफाई में श्रमदान किया गया। साथ ही रैली निकालकर जल संरक्षण के संदेश दिए गए।

# युवा कांग्रेस की चुनावी प्रक्रिया संबंधी बैठक संपन्न



**मऊगंज ब्यूरो।** युवा कांग्रेस की चुनावी प्रक्रिया को लेकर मऊगंज में बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से मऊगंज जिले के कांग्रेस नेता पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना जिला क्वाडिनेटर कृष्ण हरि सिंह जिला अध्यक्ष पद्मेश गौतम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, विश्वनाथ मिश्रा, मृत्युंजय चतुर्वेदी, विपिन त्रिपाठी, अनिल पांडे, अजीत पांडे, अंकित तिवारी, दिल्लू मिश्रा, प्रकाश मिश्रा, सत्यम द्विवेदी, वासु गुप्ता, रोहित पटेल, वीर बहादुर सिंह, जितेन गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता एवं सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस के साथी उपस्थित रहे।

# नौवस्ता से यूपी जा रहे गिट्टी के दो ओवरलोड ट्रक पकड़ाए



**नौवस्ता नि.प्र.।** नौवस्ता क्षेत्र में खनिज निरीक्षक आरती सिंह ने बैजनाथ गांव में चल रही अवैध क्रेशर से गिट्टी लोड कर आजमगढ़ यूपी जा रहे ट्रेलर क्रमांक बी.आर. 24 जी.डी. 7695 चालक सर्वेश एवं ट्रेलर क्रमांक बी.आर. 24 जी.सी. 3636 चालक पंकज को छिजवार में पकड़ कर नौवस्ता पुलिस चौकी में खड़ा कराया। ट्रक के चालकों का कहना है कि उनके पास सारे कागजात थे लेकिन कथित ओवर लोडिंग के चलते उनके ट्रक पकड़े गए हैं। साथ ही यह भी कहा गया है कि न्यायालय में चालान पेश होगा वहीं से ट्रक को छुड़वा सकते हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि राघवेंद्र त्रिपाठी, भास्कर गौतम, सीमेंट श्रमिक एकता यूनियन के अध्यक्ष बसंतलाल सिंह ने कहा कि बैजनाथ गांव में अभी भी कई स्टोन क्रेशर संचालित हैं, जिनके पास अपनी लीज की खदानें नहीं है, वे लोग सीमेंट कंपनी के लीज क्षेत्र से अवैध पत्थर खनिज निकासी कर शासन के रॉयल्टी राजस्व को चूना लगा रहे हैं, प्रतिदिन छिजवार से पचासों ट्रक गिट्टी ओवरलोड निकलती है।

# मऊगंज पुलिस ने शहर में किया गस्त



**मऊगंज ब्यूरो।** नवीन जिला मऊगंज के बनने के बाद मऊगंज पुलिस इस समय सक्रिय दिख रही है जो शहर में गस्त लगाकर अवैध कारोबारों नशेड़ियों एवं यातायात व्यवस्था को दुरस्त बनाने के लिए प्रयासरत दिख रहे हैं। शाम 9 बजे ही बस स्टैंड में पहुंचे पुलिस प्रशासन शराब और अवैध कारोबार को पकड़ने में अपना लगा रहे हैं। मऊगंज पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन से जोरो से ताबड़तोड़ गस्त कर बड़ी कार्यवाही हो रही हैं।

# श्रम पदाधिकारी को सीटू ने सौंपा ज्ञापन



**रीवा।** सीटू जिला समिति ने श्रम आयुक्त मध्यप्रदेश सरकार के नाम जनवरी 2025 में अधिसूचित तीन नए नियोजनों में न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण (नवंबर 2019 के आधार पर, अक्टूबर 2024 तक) लागू किया जाने को लेकर श्रम पदाधिकारी को सीटू जिला महासचिव सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) ने मांग की है कि लाखों श्रमिकों और कर्मियों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर श्रम विभाग त्वरित कार्रवाई करे। सीटू का मानना है कि श्रम विभाग द्वारा इन मांगों पर त्वरित कार्रवाई से लाखों श्रमिकों को उनके वैधानिक हक, जैसे एरियर्स और उचित वेतन, प्राप्त होंगे। यदि ये मांगें पूरी नहीं हुईं, तो श्रमिकों में बढ़ता असंतोष औद्योगिक शांति के लिए खतरा बन सकता है, जिसकी जिम्मेदारी नियोजक वर्ग और श्रम विभाग की होगी। मध्यप्रदेश राज्य समिति, सीटू, श्रमिक हितों की रक्षा हेतु श्रम विभाग से तत्काल और प्रभावी कदम उठाने का आह्वान करती है। ज्ञापन देने के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गिरिजेश सिंह सेंगर, सौरभ मिश्रा, विनय शंकर मुफलिस, संजय तिवारी, बसंत लाल सिंह, यू. बी. द्विवेदी, किशोरी वर्मा, रामवती सिंह, सुनीता मिश्रा, मालती रावत, रजिया खान आदि सम्मिलित हुए।

# दादी रतन मोहिनी ईश्वर की महान शांति दूत थीं: वीरेंद्र

## राजयोगिनी दादी डॉ रतनमोहिनी को दी गयी श्रद्धांजलि

**रीवा।** ब्रह्माकुमारी शांतिधाम में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर के विभिन्न गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर राजयोगिनी दादी डॉ रतनमोहिनी के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने के साथ भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसमें वरिष्ठ समाज सेविका और सी डब्ल्यू सी सदस्य प्रवीण मिश्रा, गुलाब साहनी, विशाल, योगा टीचर संध्या, मीना कुंदेर, तरुण वर्मा, अभय सिंह तथा सभी बीके भाई बहन उपस्थित रहे। भाजपा के जिलाअध्यक्ष भ्राता वीरेंद्र गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि दादी जी एक महान आत्मा थीं, ऐसी महान आत्माएं समाज की कुरीतियों को दूर कर लाखों लोगों के जीवन को श्रेष्ठ बनाया है। नारायण डिगवानी ने बताया कि जब मैं माउंट आबू गया दादी से मुलाकात हुई। दादी का जीवन ही इतना सुंदर साफ स्वच्छ था, उनके जीवन से काफी प्रेरणा मिलती थी। गायक नीलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि दादी जी के बताए हुए मार्ग पर चलना ही है। प्राचार्य शाहिद परवेज ने कहा कि उन्होंने पूरा जीवन समाज के कल्याण के लिए अर्पित कर दिया। डॉ विकास श्रीवास्तव ने कहा कि तो स्थूल शरीर से अधिक शक्तिशाली और प्रभावशाली सूक्ष्म शरीर होता है। दादी जी अभी भी सेवा कर रही हैं। कवि रामसुंदर द्विवेदी ने कहा की दादी जी का जीवन अत्यंत प्रेरणादायक रहा। एडवोकेट सुरेश ने कहा दादी जी ने ईश्वरीय सेवा में अपना जीवन समर्पित कर सफल किया। समाजसेविका मनीषा दुब ने कहा कि हम सब परम सौभाग्यशाली हैं कि महान दिव्य आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। भ्राता अभिराज, अभिषेक ने बताया कि जब मैं यहां पर संस्था के सानिध्य में आता हूं मुझे अनुपम शांति की अनुभूति होती है। डॉ एस के त्रिपाठी ने कहा कि ईश्वरीय ज्ञान ही जीवन का सार है, इसी से ही हमारा जीवन श्रेष्ठ बन सकता है। इंजीनियर राकेश ने कहा कि युवाओं की दादी रतनमोहिनी जी हैं। उन्होंने सदा ही युवाओं में उमंग उत्साह भरा है। योगा टीचर संध्या मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नि:शुल्क वारसी प्याऊ का उद्घाटन




**मऊगंज ब्यूरो।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मिया बाबा के दरगाह में निःशुल्क प्याऊ खोला गया। आने जाने वाले राहगीरों के लिए इसी के साथ पक्षियों के लिए पानी पीने की व्यवस्था की गई। गर्मी को देखते हुए जिसका उद्घाटन दरगाह सज्जादा नशीन मोहम्मद अली शाह वारसी द्वारा किया गया। उपस्थित जनों में ममनून सिद्दीकी, सिरताज अंसारी, मौलवी बॉक्स, ललई मौलवी साहब,मकसूद अंसारी, जाकिर वारसी,लकी ट्रेलर, गुल हामिद सिद्दीकी आदि शामिल रहे।



रीवा, 22 अप्रैल 2025
दैनिक जागरण
आईपीएल महासंग्राम
www.dainikjagranmpcg.com
11

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 08 | 06 | 02 | 12 | 1.104 |
| दिल्ली | 07 | 05 | 02 | 10 | 0.589 |
| बेंगलुरु | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.472 |
| पंजाब | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.177 |
| लखनऊ | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.088 |
| मुंबई | 08 | 04 | 04 | 08 | 0.483 |
| कोलकाता | 08 | 03 | 05 | 06 | 0.212 |
| राजस्थान | 08 | 02 | 06 | 04 | -0.633 |
| हैदराबाद | 07 | 02 | 05 | 04 | -1.217 |
| चेन्नई | 08 | 02 | 06 | 04 | -1.392 |

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 417 |
| निकोलस (लखनऊ) | 368 |
| जोश बटलर (गुजरात) | 356 |
| सूर्यकुमार (मुंबई) | 333 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 16 |
| कुलदीप यादव(दिल्ली) | 12 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 12 |
| साई किशोर (गुजरात) | 12 |



## बाउंड्री मीटर



664 छक्के
1178 चौके
77 अर्धशतक

114 रन की ओपनिंग साझेदारी गिल और सुदर्शन के बीच हुई। यह चौथी बड़ी ओपनिंग साझेदारी है। गिल और सुदर्शन तीन बार गुजरात के लिए शतकीय साझेदारी कर चुके हैं।

### मैच 39 : गुजरात टाइटंस ने कोलकाता को 39 रन से हराया, 12 अंक के साथ शीर्ष पर

# शुभ-सुदर्शन चमके, केकेआर की 5वीं हार

जेएनएन, कोलकाता

कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के 39वें मुकाबले में सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को एकतरफा मुकाबले में 39 रन से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इस जीत से टाइटंस के आठ मैच में 12 अंक हो गए हैं और उसने अंक तालिका के शीर्ष पर दो अंक की बढ़त बना ली है। नाइट राइडर्स की टीम छह अंक के साथ सातवें स्थान पर है। इस सीजन यह पहली बार है जब केकेआर ने लगातार दो मैच गंवाए हैं। केकेआर की टीम टाइटंस के 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान अजिंक्य रहाणे (50) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। अंगकृष रघुवंशी 13 गेंद में नाबाद 27 रन बनाकर रहाणे के बाद दूसरे सर्वोच्च स्कोरर रहे। राशिद खान (25 रन पर दो विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (25 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नाइट राइडर्स की टीम कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी। गिल ने 90 रन की पारी खेलने के अलावा सुदर्शन (52) के साथ पहले विकेट के लिए 114 और जोस बटलर (नाबाद 41) के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की, जिससे टाइटंस ने तीन विकेट पर 198 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स ने पारी की पांचवीं गेंद पर ही रहमानुल्लाह गुरबाज (01) का विकेट गंवा दिया, जिन्हें मोहम्मद सिराज ने पगबाधा किया। सलामी बल्लेबाज सुनील नारायाण (17) और कप्तान रहाणे ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। रहाणे ने सिराज और इशांत शर्मा पर चौका जड़ने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा पर भी दो चौके मारे। नारायण ने सिराज की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा लेकिन राशिद खान की गेंद पर राहुल तेवतिया को कैच दे बैठे। नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 45 रन बनाए। राशिद की अगुआई में गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में रन गति पर अंकुश लगाया, जिससे नाइट राइडर्स की टीम 10 ओवर में दो विकेट पर 68 रन ही बना सकी।




**05** मैच अब तक आईपीएल में दोनों टीमों के बीच खेले गए हैं, जिनमें से तीन बार जीत गुजरात के खाते में गई है, जबकि एक बार केकेआर ने बाजी मारी है।

## स्कोर बोर्ड

**गुजरात टाइटंस : 198/3 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का. गुरबाज बो. रसेल | 52 | 36 | 6 | 1 |
| गिल का. रिंकू बो. वैभव | 90 | 55 | 10 | 3 |
| जोस बटलर नाबाद | 41 | 23 | 8 | 0 |
| तेवतिया का. रमनदीप बो. हर्षित | 0 | 2 | 0 | 0 |
| शाहरुख खान नाबाद | 11 | 5 | 0 | 1 |

**अतिरिक्त :** 4, **कुल :** 20 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन, **विकेट पतन :** 1-114, 2-172, 3-177, **गेंदबाजी :** वैभव अरोड़ा 4-0-44-1, मोइन अली 3-0-27-0, हर्षित राणा 4-0-45-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-33-0, सुनील नारायण 4-0-36-0, आंद्रे रसेल 1-0-13-0.

**कोलकाता नाइट राइडर्स : 159/8 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज पगबाधा बो. सिराज | 1 | 4 | 0 | 0 |
| नारायण का. तेवतिया बो. राशिद | 17 | 13 | 2 | 1 |
| रहाणे स्टं. बटलर बो. सुंदर | 50 | 36 | 5 | 1 |
| वेंकटेश का. सुंदर बो. किशोर | 14 | 19 | 0 | 0 |
| रिंकू का. गिल बो. इशांत | 17 | 14 | 1 | 1 |
| रसेल स्टं. बटलर बो. राशिद | 21 | 15 | 3 | 1 |
| रमनदीप का. एंड बो. कृष्णा | 1 | 2 | 0 | 0 |
| मोइन का. शाहरुख बो. कृष्णा | 0 | 2 | 0 | 0 |
| अंगकृष रघुवंशी नाबाद | 27 | 13 | 3 | 1 |
| हर्षित राणा नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 10, **कुल :** 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन, **विकेट पतन :** 1-2, 2-43, 3-84, 4-91, 5-118, 6-119, 7-119, 8-151, **गेंदबाजी :** सिराज 4-0-32-1, इशांत 2-0-18-1, कृष्णा 4-0-25-2, राशिद 4-0-25-2, वॉशिंगटन 3-0-36-1, साई किशोर 3-0-19-1.

### बीसीसीआई ने 34 खिलाड़ियों को 30 सितंबर 2025 तक का कॉन्ट्रैक्ट दिया

# रोहित, कोहली, जडेजा व बुमराह को ए+ कॉन्ट्रैक्ट, श्रेयस और किशन की वापसी

जेएनएन, नई दिल्ली

भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सोमवार को जारी की गई अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष श्रेणी में बरकरार रखा गया है, जबकि श्रेयस अय्यर और इशान किशन ने इस सूची में वापसी की है। बीसीसीआई ने इस बार 34 खिलाड़ियों को एक अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025 तक का कॉन्ट्रैक्ट दिया है। इनमें रोहित और कोहली के साथ ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी ए प्लस श्रेणी में रखा गया है, जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस सात करोड़ रुपए है। भारत के चैंपियंस ट्रॉफी के नायक अय्यर की अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में वापसी हुई है। उन्हें ग्रुप-बी में शामिल किया गया है, जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस तीन करोड़ रुपए है। पिछले सत्र में कथित तौर पर आईपीएल के लिए घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने के कारण अय्यर को बाहर कर दिया गया था। विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को भी इसी कारण से सूची से हटा दिया गया था। उनकी अब श्रेणी सी में वापसी हुई है, जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस एक करोड़ रुपए है। रिषभ पंत, जिन्हें 2023-24 सत्र के दौरान ग्रुप-बी में खिसका दिया गया था, उन्हें सन्यास ले चुके रविचंद्रन अश्विन के स्थान पर ए श्रेणी में वापस रखा गया है।







■ एक बड़ा नाम जो सूची में जगह नहीं बना पाया वह मुंबई का ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर है, जिन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच वनडे विश्व कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में खेला था।

### केंद्रीय अनुबंध सूची

**ग्रेड ए प्लस :** रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा

**ग्रेड ए :** सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या, शमी, रिषभ पंत

**ग्रेड बी :** सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर

**ग्रेड सी :** रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, नितीश कुमार रेड्डी, इशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

■ तेज गेंदबाज आवेश खान, विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत और जितेश शर्मा को सूची से बाहर कर दिया गया है।

# राहुल और पंत का सामना आज अपनी पुरानी टीमों से

### लखनऊ और दिल्ली के बीच मुकाबला शाम 7:30 बजे से

लखनऊ, जेएनएन। आईपीएल 2025 के 40वें मुकाबले में मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स का सामना अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स से होगा। दोनों टीमों के आमने-सामने का रिकॉर्ड पूरी तरह संतुलित है। आईपीएल में अब तक खेले गए 6 मुकाबलों में दोनों टीमों ने 3-3 जीत हासिल की है। यहां तक कि लखनऊ के इकाना स्टेडियम में, जो लखनऊ का घरेलू मैदान है, वहां भी दोनों टीमों ने दो मुकाबलों में एक-एक बार जीत दर्ज की है। दोनों टीमों ने पांच-पांच मुकाबले जीतकर अंक तालिका के शीर्ष हिस्से में अपनी जगह बनाई है, हालांकि लखनऊ ने दिल्ली के मुकाबले एक मैच अधिक खेला है और वे दिल्ली के दूसरे की बजाय अंक तालिका में पांचवें स्थान पर हैं। यह एक ऐसा मैच होगा, जहां केएल राहुल और रिषभ पंत अपनी पूर्ववर्ती फ्रेंचाइजी के खिलाफ खेलेंगे। पिछले सीजन दिल्ली की अगुआई कर रहे पंत अब लखनऊ के कप्तान हैं, वहीं लखनऊ के पूर्व कप्तान रहे केएल राहुल अब दिल्ली के प्रमुख बल्लेबाज हैं।





## निकोलस पूरन पर रोक लगा सकते हैं कुलदीप

पिछली दो पारियों को छोड़ दिया जाए तो पूरन ने इस सीजन के लगभग हर मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है और 205.58 के स्ट्राइक रेट से उनके नाम आठ पारियों में 368 रन हैं। हालांकि कुलदीप के नाम भी 12 विकेट हैं, जो इस सीजन दूसरा सर्वाधिक है और वह पूरन को भी परेशान करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने 11 पारियों में पूरन को पांच बार आउट किया है, जबकि पूरन उनके खिलाफ सिर्फ 14.8 की औसत और 106 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। इसके अलावा मिचेल स्टार्क भी अपनी बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी से पूरन को रोक सकते हैं, क्योंकि स्टार्क ने पूरन को छह में से चार पारियों में आउट किया है और पूरन उन पर सिर्फ 92 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। आईपीएल में पूरन और स्टार्क की भिड़ंत सिर्फ दो बार हुई है और दोनों ही बार स्टार्क ने पूरन को सस्ते में पवेलियन भेजा है।

## मैदान से हटकर

# सारा ने शेयर कीं तस्वीरें फैंस ने पूछा साथ में कौन है?

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा हाल ही में अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा को लेकर सुर्खियों में आ गईं हैं। पिछले महीने सारा ने अपने दोस्तों के साथ ऑस्ट्रेलिया में छुट्टियां मनाईं, जिसमें एक खास दोस्त पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन की बेटी और कमेंटेटर ग्रेस हेडन थीं। इस यात्रा की झलकियां सारा ने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं, जो उनके फैंस के बीच खूब पसंद की जा रही हैं। सारा की फ्रेंड ग्रेस हेडन को लेकर लोग कन्फ्यूज हो गए और सोशल



मीडिया पर शेयर करते हुए लिख रहे हैं कि सारा के साथ ये कौन है? कुछ लोग तो ग्रोक को टैग करके पूछ रहे हैं कि सारा के साथ कौन है? ग्रेस हेडन के पिता मैथ्यू हेडन ने जहां अपने बल्ले से विश्व में नाम कमाया वहीं ग्रेस ने हाथ में माइक्रोफोन लेकर अपनी पहचान बना रहीं हैं। ग्रेस हेडन क्रिकेट की दुनिया की शानदार कमेंटेटर हैं। 2023 के विश्व कप के प्रस्तुतकर्ताओं का हिस्सा भी थीं जिनमें मयंती लैंगर, जतिन सप्रू, रिकी पोंटिंग, इयोन मोर्गन और कई लोग शामिल थे। सारा ने ग्रेस हेडन के साथ क्वींसलैंड और ब्रिस्बेन के खूबसूरत रास्तों पर लंबी ड्राइव का लुत्फ उठाया। इन तस्वीरों में समुद्र तट की लहरें, हरे-भरे रास्ते और दोस्तों के साथ उनकी मस्ती साफ झलकती है। सारा ने इन पलों को कैद करते हुए लिखा कि यह यात्रा उनके लिए बेहद खास रही। सारा तेंदुलकर 'विजिट ब्रिस्बेन' की ब्रांड एम्बेसडर हैं और उन्होंने इस भूमिका को पूरी शिद्दत से निभाया। (जेएनएन)

# आरसीबी के खिलाफ मैच से पहले बाहर हुए चोटिल सैमसन

**जयपुर, जेएनएन।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ होने वाले आगामी मुकाबले से बाहर हो गए हैं। सैमसन 24 अप्रैल को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के खिलाफ होने वाले मुकाबले में मैदान पर नहीं उतरेंगे। राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को इसकी पुष्टि की है। सैमसन दिल्ली के खिलाफ मैच के दौरान हुए मांसपेशियों में खिंचाव से उबर रहे हैं। सैमसन पहले ही लखनऊ के खिलाफ रॉयल्स के घरेलू मैच से बाहर हो चुके हैं। रॉयल्स के मेडिकल स्टाफ ने सैमसन की वापसी की तारीख तय नहीं की है। रॉयल्स ने कहा, सैमसन फिलहाल उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और वह टीम के मेडिकल स्टाफ के साथ टीम के 'होम बेस' पर ही रहेंगे। रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया के अंतर्गत वह आरसीबी के खिलाफ आगामी मैच के लिए बेंगलुरु नहीं जाएंगे। टीम प्रबंधन उनकी प्रगति पर बारीकी से नजर रख रहा है और उनकी वापसी के लिए मैच दर मैच का दृष्टिकोण अपनाएगा। सैमसन की अनुपस्थिति में रियान पराग टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे।



# गैर वरीयता जेलेना ओस्टापेंको ने जीता साल का पहला खिताब

**स्टटगार्ट (जर्मनी), जेएनएन।** गैर वरीयता प्राप्त जेलेना ओस्टापेंको ने सोमवार को विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हराकर स्टटगार्ट में क्लेकोर्ट खिताब अपने नाम किया। यह इस वर्ष की उनकी पहली एकल ट्रॉफी है। सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में लातवियाई टेनिस खिलाड़ी ओस्टापेंको ने बेलारुस की सबालेंका को 6-4, 6-1 से हराया। विश्व की 24वें नंबर की खिलाड़ी ओस्टापेंको ने 4-2 के स्कोर पर तीन और ब्रेक प्वाइंट अर्जित किए, लेकिन बेलारुसी खिलाड़ी के टिके रहने के कारण वे इसे भुना नहीं सकीं। सबालेंका ने अंततः अपना पहला ब्रेक हासिल किया, लेकिन ओस्टापेंको ने तुरंत ही उनकी सर्विस तोड़ दी और पहला सेट जीत लिया। दूसरे सेट में दोनों ने शुरुआत में ब्रेक का प्रयास किया। लेकिन ओस्टापेंको ने शानदार खेला का प्रदर्शन करते हुए सेट और मुकाबला जीत लिया।



# मिराज-राणा ने जिम्बाब्वे को बड़ी बढ़त से रोका

**सिलहट, जेएनएन।** मेहदी हसन मिराज (पांच विकेट) और नाहिद राणा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को 273 के स्कोर पर रोक दिया। हालांकि जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश की पहली पारी के आधार पर 82 रनों की बढ़त ले ली हैं। दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश एक विकेट गंवाकर 57 रन बना लिए। टीम अभी 25 रन से पीछे है। स्टंप तक महमुदूल हसन जॉय 28 और मोमिनुल हक 15 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले जिम्बाब्वे ने दूसरे दिन 67 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। सलामी बल्लेबाज 57 रन पर राणा का शिकार बने। शॉन विलियम्स 59 रन पर मिराज की गेंद पर आउट हुए।

# राहुल के पंजे ने दिलाई भोपाल को 34 रन से जीत

### जेएन भाया टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच राहुल बाथम की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भोपाल ने सोमवार को जेएन भाया टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी-2025 में इंदौर को 34 रन से शिकस्त देकर शानदार शुरुआत की। एसएमआरएससी स्टेडियम ग्वालियर में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 211 रन बनाए। अंकुश सिंह (38 गेंद में 61 रन) और कनिष्क दुबे (36 गेंद में 50 रन) ने अर्धतशकीय पारी खेली। राहुल बाथम ने 12 गेंद में नाबाद 34 और रितिक टाडा ने 10 गेंद में नाबाद 25 रन का योगदान दिया। इंदौर के शिवम शुक्ला ने दो विकेट झटके। लकी मिश्रा और सागर सोलंकी को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंदौर की टीम 19.1 ओवर में 177 रन पर सिमट गई। सारांश जैन 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। हर्ष गवली ने 25 और सागर ने 24 रन बनाए। भोपाल के राहुल बाथम ने 36 रन देकर पांच विकेट झटके। पवन निरवानी को तीन सफलता मिली।

# कुरैशी एशिया कप हॉकी में अंपायर कोर्स कंडक्टर नियुक्त



**भोपाल, खेप्र।** एशियन हॉकी फेडरेशन ने शहर के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय हॉकी अंपायर शकील अहमद कुरैशी को एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में अंपायर कोर्स कंडक्टर नियुक्त किया है। कुरैशी एशिया के अंपायर्स को हॉकी खेल के नियमों तथा वर्तमान स्थिति से अवगत कराएंगे। उनके मार्गदर्शन में एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के दौरान 24 से 28 अप्रैल तक जकार्ता (इंडोनेशिया) में अंपायर्स कोर्स आयोजित होगा। वर्ष 1991 से इंटरनेशनल लेवल पर अंपायरिंग कर रहे शकील अहमद कुरैशी ने अभी तक 100 से अधिक इंटरनेशनल मैचों में अंपायरिंग की है। इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन द्वारा उन्हें अंपायर मैनेजर की जिम्मेदारी भी दी गई थी। कुरैशी ने जूनियर वर्ल्ड कप, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशिया कप, चैंपियंस ट्रॉफी जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों में अंपायरिंग की है। कुरैशी को उनके खेलों में दिए गए योगदान के लिए विश्वामित्र अवार्ड और लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित भी किया गया है।

### छठवां साद अंसारी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

# आरुष के दोहरे प्रदर्शन से 68 रन से जीती अटल अकादमी

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच आरुष रघुवंशी (24 रन व 3 विकेट) के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत अटल क्रिकेट अकादमी ने सोमवार को छठवें साद अंसारी मेमोरियल अंडर-14 इंटर क्लब वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में अकीरा अकादमी को 68 रनों से शिकस्त दी। ऑल सेंट्स क्रिकेट ग्रांउड पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अटल क्रिकेट अकादमी 39.1 ओवर में 157 रन पर ऑलआउट हो गई। गौतम परोचे ने सर्वाधिक 41 रन बनाए। तनय महेश्वरी ने 32 और आरुष ने 24 रन का योगदान दिया। अकीरा क्रिकेट अकादमी के दानवीर, धनुष और राघव ने 2-2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अकीरा अकादमी 26.4 ओवर में सिर्फ 89 रन पर ढेर हो गई। टीम के दानवीर ने 23 और समर्थ ने 22 रन का योगदान दिया। अटल अकादमी के तनय और आरुष ने 3-3 विकेट चटकाए।



# पंचकुला में नहीं अब बेंगलुरु में होगी नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) प्रतियोगिता का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को पंचकुला के बजाय बेंगलुरु के कांतिरावा स्टेडियम में कराया जाएगा। प्रतियोगिता में कई स्टार एथलीट हिस्सा लेंगे, क्योंकि एंडरसन पीटर्स और थॉमस रोहलर ने भागीदारी की पुष्टि कर दी है। ग्रेनेडा के पीटर्स दो बार के विश्व चैंपियन हैं और रोहलर 2016 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हैं। चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तानी ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी आमंत्रित किया है, जिन्होंने अभी तक भागीदारी की पुष्टि नहीं की है। चोपड़ा ने कहा, मैंने अरशद को निमंत्रण भेजा है और उन्होंने कहा है कि वह अपने कोच से चर्चा करने के बाद मुझसे संपर्क करेंगे। अभी तक उन्होंने भागीदारी की पुष्टि नहीं की है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा इस प्रतियोगिता को श्रेणी ए का दर्जा दिया गया है। चोपड़ा ने कहा कि मैं चाहता था कि यह प्रतियोगिता पंचकुला में आयोजित हो, लेकिन वहां स्टेडियम में रोशनी की व्यवस्था से संबंधित कुछ मुद्दे हैं। विश्व एथलेटिक्स 600 'लक्स' (प्रकाश की तीव्रता का माप) चाहती थी, लेकिन पंचकुला में इतनी रोशनी उपलब्ध नहीं थी और इसे तैयार करने में समय लगेगा। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, इसलिए हमने प्रतियोगिता को बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। हमारे पास वहां एक टीम है और वहां इसका आयोजन करना बहुत आसान होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और विश्व एथलेटिक्स के सहयोग से संयुक्त रूप से किया जाएगा, जिसमें शीर्ष वैश्विक और भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी भाग लेंगे।



